# GORAKHPUR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-22-08-2025

# हांसूपुर हार्बर्ट बंधे पर दो पक्षों में मारपीट, पथराव से कई घायल

**गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता।** हांसूपुर हार्बर्ट बंधे पर गुरुवार दोपहर भूमि विवाद को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट और पत्थरबाजी हो गई। दोनों तरफ से ईंट-पत्थर चलने से अफरा-तफरी का माहौल बन गया। इस दौरान कई लोग घायल हो गए।

गुरुवार दोपहर करीब तीन बजे पन्नेलाल यादव अपने परिवार के राम बचन यादव, प्रिंस यादव, गुल्लू यादव के साथ मिलकर अपने जमीन पर निर्माण करा रहे थे। तभी भज्जू यादव अपने परिचित राकेश यादव, सजानंद यादव, सचिन यादव, भोला भोला, शिवम यादव समेत 50 अन्य लोगों के साथ मौके पर पहुंचे। जहां निर्माण करने का विरोध करते हुए गाली गलौज के बाद मारपीट शुरू हो गई। विवाद इतना बढ़ा कि देखते ही देखते दोनों पक्षों में सड़क पर पत्थरबाजी शुरू हो गई। स्थानीय लोगों ने किसी तरह बीच-बचाव कर घायलों को अस्पताल भेजवाया। स्थानीय लोगों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने हालात को काबू में किया। सीओ कोतवाली ओंकार दत्त तिवारी ने बताया कि राजघाट थाने में दोनों पक्षों ने तहरीर दी है। मामले की जांच की जा रही है। जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# हत्या की कोशिश करने के आरोपित को किया गिरफ्तार

**गोरखपुर।** राजघाट पुलिस ने हत्या की कोशिश के आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। आरोपित की पहचान राजघाट के बसंतपुर तकिया निवासी हिमांशु उर्फ शिवांशु वर्मा के रूप में हुई।

आरोपित ने साथियों संग मिलकर होली के समय मारपीट की थी। पुलिस केस दर्ज कर तभी से तलाश कर रही थी। आरोपित फरार था। गुरुवार को पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर लिया।

# प्लांट में गैस रिसाव की शुरू हुई जांच

**सरदारनगर, हिंदुस्तान संवाद।** चौरी चौरा क्षेत्र के देवकहिया गांव के समीप स्थित एशियन फर्टिलाइजर प्लांट में हुए गैस रिसाव के मामले में गुरुवार को एडीएम प्रशासन सहदेव मिश्र ने जांच शुरू की।

गैस रिसाव के घटना की जांच को जिलाधिकारी ने तीन सदस्यीय जांच टीम गठित की है। एडीएम प्रशासन गुरुवार को जांच को पहुंचे थे। जैसी ही एडीएम की गाड़ी प्लांट से बाहर निकली तो ग्राम प्रधान मैनेजर शर्मा, विदेशी, अंजेश सिंह व सुजीत ने उन्हें रोककर गैस रिसाव से झुलसी फसल को दिखाने की बात की। इस पर एडीएम प्रशासन ने सभी पहलुओं की जांच करने का आश्वासन दिया। प्रधान मैनेजर शर्मा ने बताया कि गांव के पुरुष-महिलाएं अपनी पीड़ा बताने को जुटे थे। जांच समिति को एक सप्ताह में रिपोर्ट देनी है, जिसमें चार दिन बीत चुके हैं।



**गुरुवार को गेट पर प्रदर्शन करते ग्रामीण।**

Activate Windows

# अपहरण कांड में कार मालिक भी बनेंगे मुल्जिम

**फालोअप 1**

- करुणेश दुबे के परिवार की कार से बरामद हुए थे हॉस्पिटल संचालक अशोक जायसवाल

**गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता।** अशोक जायसवाल अपहरण कांड में शामिल इस्तेमाल कार के मालिक को भी पुलिस अब मुल्जिम बनाने की तैयारी में जुट गई है। अशोक जायसवाल को जिस गाड़ी से बरामद किया गया था वह जेल गए आरोपित करुणेश के परिवार की बताई जा रही है। पिछले दिनों करुणेश के घरवालों ने उस गाड़ी को कोर्ट से रिलीज करा लिया है। उसके बाद से ही पुलिस अफसरों ने अपराध में शामिल गाड़ी के मालिक को मुल्जिम बनाने का निर्देश दिया है। वहीं दूसरी तरफ अपहरण कांड के मास्टरमाइंड कमालुद्दीन की 28 घंटे की पुलिस कस्टडी रिमांड मिल गई है। शाहपुर थाने की पुलिस टीम उसे लाने के लिए रायबरेली जेल जाएगी।

शाहपुर इलाके के पादरी बाजार में आयुष्मान हॉस्पिटल चलाने वाले अशोक जायसवाल का रेलवे स्टेडियम जाते समय कौआबाग अंडर पास से कार सवार बदमाशों ने अपहरण कर लिया था। सुबह दस बजे जब एक अनजान मोबाइल से उनकी पत्नी के मोबाइल पर फिरौती की कॉल आई तब अपहरण की घटना सामने आई। अशोक जायसवाल के साढ़ू ने पुलिस को सूचना दी बताया कि एक करोड़ रुपये की फिरौती मांगी जा रही है। पुलिस ने सूचना के करीब 15 घंटे बाद अशोक जायसवाल को बरामद कर तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया।

पूछताछ में पता चला कि अपहरण में सात बदमाश शामिल थे, दो गाड़ियों का इस्तेमाल किया गया था। इसी के बाद कमालुद्दीन सहित अन्य आरोपितों का नाम सामने आया था। कमालुद्दीन की गिरफ्तारी के लिए उस पर 50 हजार रुपये का इनाम रखा गया था।

# लूटकांडः मुंबई गए सस्पेंड पुलिसवालों ने भेजा मेडिकल

**गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता।** नौसड़ में राजस्थान से आए युवक को तमंचा संग जेल भेजने की धमकी देकर लूट की घटना किसने की, इस गुत्थी को दो हफ्ते बाद भी पुलिस नहीं सुलझा पाई है। वहीं, संदेह के घेरे में चल रहे चौकी इंचार्ज शुभम श्रीवास्तव और उनके दो साथी पुलिस वालों ने मेडिकल भेजा है। उनका कहना है कि मुंबई जाते समय किशोरी का लोकेशन मध्य प्रदेश में मिल गया। वे इंदौर उतर गए। वहां खाना खाने से उन लोगों की तबीयत खराब हो गई। 12 अगस्त से 22 अगस्त तक मेडिकल आया है। अब मेडिकल बनाने वाले डॉक्टर से सत्यापन को गोरखपुर पुलिस जाएगी।

दरअसल, बेलीपार इलाके के पिछौरा निवासी रवि शंकर को कार सवारों ने अगवा कर 90 हजार रुपये लूट की वारदात की थी। इस मामले में अगले दिन बदमाशों ने चार लाख रुपये लेकर फिर से बुलाया था। पीड़ित ने इसकी शिकायत एसपी सिटी अभिनव त्यागी से की थी। इसके बाद राजघाट थाने में अज्ञात पर केस दर्ज हुआ था। चूंकि लूट करने वालों ने खुद को पुलिस के क्राइम ब्रांच से बताया था, इसलिए चौकी इंचार्ज समेत तीन पुलिस वालों को निलंबित कर दिया गया था। पता चला कि तीनों बिना अनुमति के किशोरी को बरामदगी के लिए जीडी में दर्ज कर मुंबई चले गए।

- **पुलिस कर्मियों ने बताया, इंदौर में मिल गई थी लोकेशन, खाना खाने से तबीयत हुई खराब**
- **मेडिकल बनाने वाले डॉक्टर से पूछताछ को इंदौर जाएगी पुलिस**

"निलंबित तीन पुलिसवालों की तरफ से मेडिकल रिपोर्ट आई है। उसके सत्यापन के लिए गोरखपुर पुलिस जाएगी। जांच व साक्ष्यों के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

**अभिनव त्यागी,** एसपी सिटी

घर से भारी संख्या में मिले आधार कार्ड व अन्य दस्तावेज, अब तक कितनों का आधार बनाया, लैप

# तीन घंटे पूछताछ के बाद ले गई ए

## कार्रवाई

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। चौरीचौरा के चौरी खास निवासी राजीव उर्फ राजू तिवारी के घर से टीम ने भारी मात्रा में आधार कार्ड बरामद किया है। वहीं दूसरी तरफ लैपटॉप की जांच कर यह पता लगाया जा रहा है कि उसने अब तक कितने लोगों का आधार कार्ड बनाया है। अवैध घुसपैठिए और रोहंग्यिा के आधार कार्ड बनाने वाले गिरोह से जुड़े राजू को लखनऊ ले जाने से पहले टीम ने तीन घंटे तक उसके घर में बंद कमरे में पूछताछ की। इस दौरान टीम के अन्य सदस्य घर के अलग-अलग हिस्सों की तलाशी ले रहे थे जबकि बाहर कमांडों दस्ता तैनात रहा ताकि कोई करीब तक फटक न पाए।

35 वर्षीय राजू तिवारी चौरीचौरा में छह साल से जन सेवा केंद्र खोल कर आधार कार्ड व अन्य पहचान पत्र बनाता था। हालांकि एक साल पहले उसने दुकान बंद कर दिया था। इसके बाद वह घर पर ही चोरी छिपे आधार कार्ड व पहचान पत्र बनाने लगा था। गुरुवार की दोपहर दो गाड़ी के अलावा बाइक से पहुंचे एटीएस की टीम को देखकर गांव में हड़कम्प मच गया। गांव के लोगों को पहले कुछ समझ में नहीं आया। टीम के साथ आए कमांडो दस्ता ने राजू का घर चारों तरफ से घेर लिया जबकि अन्य अधिकारी अंदर दखिल



चौरीचौरा के चौरी खास गांव में गुरुवार को राजीव तिवारी के घर छापेमारी को पहुंची एटीएस टीम की गाड़ी।

■ छह साल से राजीव करता था काम, एक साल से बंद थी दुकान

### दो भाइयों में छोटा है राजू

ग्रामीणों ने बताया कि राजीव के पिता अवधेश तिवारी कोयले की फैक्ट्री में काम करते थे। हाल ही में सेवानिवृत्त होकर गांव आ गए थे। राजीव दो भाइयों में छोटा है। बड़ा भाई मुन्ना तिवारी खेती बाड़ी का काम देखते हैं। 10 साल पहले राजू की शादी हुई थी। उसकी एक बेटी भी है।

### परिवार अयोध्या गया था

लखनऊ नंबर की रजिस्टर्ड दो कार में 14 लोग राजीव के घर पहुंचे थे। घर पर राजू के अलावा उसका भतीजा मौजूद था। परिवार के अन्य सदस्य अयोध्या दर्शन करने गए थे। एटीएस के साथ ही टीम में साइबर एक्सपर्ट भी मौजूद रहे।

### दलालों के जरिए काम

एटीएस ने बताया कि बांग्लादेशी, रोहिंग्या व नेपाल के लोगों ने फर्जी दस्तावेज से योजनाओं का फायदा उठाया। गिरोह दलालों द्वारा ऐसे लोगों से सम्पर्क करता, जिनके पास कोई दस्तावेज नहीं है। इसके बदले गिरोह मोटी रकम लेता था।

### यह बरामद हुआ

टीम ने उनसे फर्जी आधार कार्ड बनाने में प्रयोग होने वाले इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस, फिंगर स्कैनर, लैपटॉप, मोबाइल फोन और भारी मात्रा में बने भारतीय दस्तावेज व आधार कार्ड बरामद किया है। टीम गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश में कई जिलों में दबिश दे रही है। एटीएस ने 19 अगस्त को केस दर्ज किया था।

ज
के

एटी
अ
सह
के
के
क्षेत्र
फ
के
है।
दस
औ
इस
लेत
तर
थे।
क
चुवे
का

हुए
घर
बर

# गोलघर फूड स्ट्रीट में अब वाहन पर रोक की तैयारी



अपर नगर आयुक्त निरंकार सिंह ने गुरुवार को इंदिरा बाल बिहार का निरीक्षण किया।

**गोरखपुर, मुख्य संवाददाता।** इंदिरा बाल विहार स्थित गोलघर फूड स्ट्रीट को नो व्हीकल जोन बनाने की तैयारी है। बाल विहार के सामने की सड़क को शाम 5 बजे से रात 11 बजे तक नो व्हीकल जोन घोषित किया जाएगा ताकि लोग बिना किसी बाधा के यहां आकर आनन्द ले सकें।

इस योजना को लेकर अपर नगर आयुक्त निरंकार सिंह ने एसपी ट्रैफिक के साथ गुरुवार को इंदिरा गांधी तिराहे से वीर बहादुर सिंह तिराहे तक स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि प्रस्तावित नो व्हीकल जोन में कुछ व्यावहारिक अड़चनें सामने आई हैं। इस क्षेत्र में दो रिहायशी मकान हैं। एक कॉम्प्लेक्स की पार्किंग भी है। शुक्रवार को निगम अधिकारियों की यहां के दुकानदारों के साथ बैठक होगी, जिसमें अंतिम निर्णय लिया जाएगा।




एमटीएसई के 10वें संस्करण का शुभारंभ करते एसपी सिटी व अन्य।

## नौकरी के नाम पर एक लाख लेने का आरोप

**बड़हलगंज।** कोतवाली बड़हलगंज में नौकरी दिलाने के नाम पर धोखाधड़ी कर फोन पे के माध्यम से एक लाख रुपये ट्रांसफर कराने का मामला दर्ज हुआ है। शिकायत में कहा है कि आरोपी ने अब तक न तो नौकरी दिलाया और न पैसा दे रहा है। पीड़ित आशीष कुमार श्रीवास्तव निवासी मोहम्मद गोती, थाना सुल्तानपुर घोस्ट, फतेहपुर ने तहरीर दी।

# चौरीचौरा में एटीएस का छापा, फर्जी आधार बनाने वाला युवक गिरफ्तार

- आजमगढ़, मऊ, गाजियाबाद, औरेया से सात आरोपितों की गिरफ्तारी की सूचना
- 25 हजार से अधिक फर्जी आधार कार्ड पकड़े जाने का दावा, चल रही है पूछताछ
- चौरीचौरा के चौरी खास का राजीव तिवारी उर्फ राजू घर पर बनाता था आधार कार्ड

जागरण संवाददाता, गोरखपुर : रोहिंग्या, बांग्लादेशी व अन्य विदेशी नागरिकों का फर्जी आधारकार्ड बनाने वाले गिरोह पर आतंकवाद निरोधी दस्ता (एटीएस) ने गुरुवार को शिकंजा कस दिया। अंतरराज्यीय गिरोह की धरपकड़ को लेकर प्रदेशभर में छापेमारी हुई। गोरखपुर के चौरी चौरा पहुंची एटीएस की टीम ने राजीव तिवारी उर्फ राजू को गिरफ्तार किया। उसके पास से फिंगर स्कैनर, लैपटाप, मोबाइल फोन, वीपीएन डिवाइस और बड़ी संख्या में तैयार किए गए फर्जी आधार कार्ड व अन्य दस्तावेज मिले हैं। पता चला कि टीम ने आजमगढ़, मऊ, गाजियाबाद, औरेया में भी छापेमारी कर सात लोगों को गिरफ्तार किया है।

एटीएस सूत्रों के अनुसार इस गिरोह का नेटवर्क उत्तर प्रदेश के आजमगढ़, मऊ, सहारनपुर और औरैया से लेकर बिहार के लखीसराय, कटिहार, प. बंगाल के मुर्शिदाबाद व कोलकाता तथा दिल्ली एनसीआर तक फैला है। 19 अगस्त को मुकदमा दर्ज कर छापेमारी शुरू की। यह गिरोह ऐसे विदेशी नागरिकों या अवैध रूप से रह रहे लोगों का आधार कार्ड बनाता था, जिनके पास भारतीय दस्तावेज नहीं होते थे या फिर वे जन्मतिथि और स्थायी पता बदलवाना चाहते थे। दलालों के माध्यम से गिरोह के सदस्य ग्राहकों से मोटी रकम लेकर फर्जी जन्म प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र और शपथ पत्र भी बनाते थे, फिर इन्हीं दस्तावेजों के जरिये आधार कार्ड तैयार या संशोधित कराए जाते थे। गिरोह के सदस्य अब तक 25 हजार से ज्यादा आधार कार्ड तैयार कर चुके हैं। अलग-अलग जिलों में हुई छापेमारी में आजमगढ़ के मोहम्मद नसीम व मोहम्मद शाकिब, मऊ के हिमांशु राय, मृत्युंजय गुप्ता, औरैया के गौरव कुमार गौतम, गाजियाबाद के सलमान अंसारी और आजमगढ़ के विशाल कुमार को गिरफ्तार किया गया है।

संबंधित खबर » 4, 11

# गैंगस्टर के दोषी को दो वर्ष सात माह का कारावास

गोरखपुरः गैंगस्टर एक्ट के तहत आरोप सिद्ध होने पर विशेष न्यायाधीश गैंगस्टर एक्ट गोविंद मोहन ने बस्ती जिले के नगर पंचायत हरैया वार्ड नंबर-छह स्थित मोतीनगर निवासी सूरज पाल उर्फ चिनगुद को दो वर्ष सात माह 16 दिन के कारावास की सजा सुनाई है। इसके साथ ही उस पर पांच हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया गया है। अभियोजन पक्ष के विशेष लोक अभियोजक घनश्याम सिंह और अखिलेश शुक्ल ने बताया कि अभियुक्त एक संगठित गिरोह का सदस्य है, जो गोवंशीय पशुओं की तस्करी कर आर्थिक लाभ अर्जित करता है। वह हत्या और लूट जैसे जघन्य अपराधों को अंजाम देकर जनता में भय फैलाता है।

पति पर दर्ज कराया कुकर्म मुकदमाः जंगल कौड़िया : चिलुआताल की रहने वाली महिला ने पति सतीश चौहान पर कुकर्म का मुकदमा दर्ज कराया है। आरोप लगाया कि विरोध करने पर मारा पीटा। पुलिस मामले की जांच कर रही है। महिला ने बताया कि छह वर्ष पहले उसकी शादी सतीश चौहान से हुई थी। उसके तीन बच्चे भी हैं। इसी दौरान उसे पता चला कि उसके पति का कई महिलाओं से संबंध है। जब उसने विरोध किया तो मारपीट कर घायल कर दिया। शिकायत करने पर समझौता हुआ और वह ससुराल पहुंची। 17 अगस्त की रात पति शराब के नशे में घर पहुंचा और गले पर चाकू रखकर कुकर्म किया। विरोध करने पर दाहिने हाथ में दांत से काट लिया और आंख फोड़ने की कोशिश की।

## युवक पर अपहरण कर पीटने का आरोप

सहजनवा : थाना के भगौरा गांव निवासी एक व्यक्ति ने एक युवक पर अपहरण कर कमरे में बंद कर पिटाई का आरोप लगाया है। पीड़ित सर्वजीत कुमार का कहना है कि आरोपित युवक से दो लाख रुपये उधार लिया था। उसको 3.75 लाख रुपये दे दिया है, लेकिन अभी चार लाख रुपये की मांग कर रहा है। आरोप है कि वह अपहरण कर लखनऊ ले गया और कमरे में बंद कर पिटाई की। एसओ महेश चौबे ने बताया कि अभी तहरीर नहीं मिली है। मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

## मां-बेटियों की पिटाई करने के आरोपित दंपती पर केस दर्ज

हरपुर-बुदहट : थाना के चरनाद गांव निवासी जितेंद्र पांडेय ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बुधवार को किसी कार्य से संतकबीरनगर गया था। शाम चार बजे लौटा तो पत्नी मनोरमा ने बताया कि महेंद्र पांडेय व उसकी पत्नी बिन्दू पांडेय ने मुझे, बेटी निधि व शिवांगी को गाली देते हुए पीटकर घायल कर दिया। पुलिस ने आरोपित दंपती पर केस दर्ज कर लिया है। थानाध्यक्ष मदन मोहन मिश्र ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

# जल मिशन के तहत गांव में बनी पानी टंकी से सोलर पैनल चोरी

- राजस्व की क्षति को लेकर जेई ने एसपी सिटी से की मुलाकात
- चोरी रोकने के लिए मुकदमा दर्ज करते हुए कार्रवाई की मांग की

जागरण संवाददाता, गोरखपुर : जल मिशन योजना के तहत गांव-गांव बने पानी की 20 टंकियों से सोलर-पैनल चोरी हो गया। इसमें से आठ मामलों में अलग-अलग थानों में केस भी दर्ज है। लेकिन, चोरों के नहीं पकड़े जाने से उनका हौसला बढ़ रहा है। इस पर जिले का काम देख रहे जेई ने एसपी सिटी से मुलाकात कर चोरों पर कार्रवाई की मांग की है, जिससे राजस्व की क्षति पर रोक लगाया जा सकें।

हर गांव में घर-घर जल योजना के तहत पानी की टंकी बनवाई गई है। इसके लिए लगे मोटर को चलाने के लिए सोलर पैनल लगाए जा रहे हैं। 12 से 16 प्लेट वाले सोलर पैनल को कम ऊंचाई पर लगे होने से चोर उसका फायदा उठा रहे है। पैनल लगने के कुछ दिन बाद ही चोरी हो जा रहा है।

मोटर न चलने की वजह से पानी ही नहीं पहुंच पा रहा है। जेई का कहना है कि आठ मामलों में केस दर्ज कराए गए हैं, लेकिन चोर नहीं पकड़े गए हैं, जिस वजह से घटनाएं रुक नहीं हो रही है। चोरो का हौसला बढ़ता जा रहा है, राजस्व की क्षति भी हो रही है। सुरक्षा के लिए चार हजार रुपये में मानदेय पर कर्मचारी भी रखे जा रहे हैं। लेकिन रकम कम होने की वजह से वह कई बार दूसरे काम करने को चले जाते हैं, जिस वजह से चोरी हो जाती है। एसपी सिटी अभिनव त्यागी ने बताया कि मामले की जांच एसपी अपराध की दी गई है। साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**यह और अन्य खबरें देखें-**
https://www.jagran.com/local/uttar-pradesh_gorakhpur-city-news-hindi.html

## सुलह न करने पर हिस्ट्रीशीटर ने दी धमकी, जांच शुरू

पीपीगंज : मंझरिया गांव में भूमि विवाद के एक मामले में हिस्ट्रीशीटर ने सुलह न करने पर दुर्गा प्रसाद जायसवाल को धमकी दी है। उन्होंने पीपीगंज थाने में तहरीर देकर सुरक्षा की मांग की है। आरोप है कि ढाई करोड़ रुपये के फर्जीवाड़े में नामजद आरोपितों के पक्ष में वह दबाव बना रहा है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मंझरिया के रहने वाले दुर्गा प्रसाद ने बताया कि गांव में उनकी एक एकड़ भूमि है। गांव के सगीर अहमद और कासिफ ने उस भूमि को अपना बताकर दस रुपये के स्टांप पर कई लोगों को बेच दिया और करीब ढाई करोड़ रुपये लेकर फरार हो गए। इस मामले में मुकदमा भी दर्ज है। पुलिस आरोपितों की तलाश में जुटी है। दुर्गा प्रसाद का आरोप है कि वह भूमि पर चहारदीवारी करा रहे थे, तभी थाने के एक हिस्ट्रीशीटर ने फोन कर उनके मजदूरों को धमकाया। आरोपितों के पक्ष में सुलह करने का दबाव बनाने लगा। थाना प्रभारी पीपीगंज प्रभु दयाल सिंह ने बताया कि तहरीर मिलने के बाद जांच कर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# कमालुद्दीन की 28 घंटे की पुलिस रिमांड मिली

### फालोअप

- शाहपुर पुलिस रायबरेली जेल से लाएगी, कार मालिक पर भी कसेगा शिकंजा
- 26 जुलाई को स्टेडियम जाते समय डाक्टर के पति को अगवा कर मांगी थी फिरौती
- जेल में है पांच आरोपित, फरार चल रहे दो अन्य पर इनाम घोषित करने की तैयारी

जासं,गोरखपुरः अशोक जायसवाल अपहरण कांड की जांच में पुलिस अब नए मोर्चे पर सक्रिय हो गई है। घटना के मास्टरमाइंड कमालुद्दीन की 28 घंटे की पुलिस कस्टडी रिमांड कोर्ट से मंजूर हुई है।शाहपुर थाना पुलिस की टीम रायबरेली जेल से उसे गोरखपुर लाकर गहन पूछताछ करेगी। वहीं इस प्रकरण में प्रयुक्त गाड़ी के मालिक को भी अब मुल्जिम बनाया जाएगा। जिस गाड़ी से अपहृत अशोक जायसवाल को बरामद किया गया था, वह आरोपित करुणेश दुबे के परिवार की बताई जा रही है। पुलिस अधिकारियों ने अपराध में प्रयुक्त वाहन को ठोस साक्ष्य मानते हुए उसके मालिक को भी अभियुक्त बनाएगी।

बस्ती में तैनात डा. सुषमा जायसवाला शाहपुर के पादरी बाजार में रहती हैं। एयरफोर्स से सेवानिवृत्त हुए उनके पति अशोक जायसवाल, घर के निचले तल पर स्थित आयुष्मान अस्पताल का संचालन करते हैं, 26 जुलाई को रेलवे स्टेडियम जाने के दौरान बदमाशों ने अशोक जायसवाल का कौवाबाग अंडरपास से अपहरण कर लिया। पूछताछ में पता चला कि अपहरण की साजिश में सात बदमाश शामिल थे और दो गाड़ियों का इस्तेमाल किया गया था। शुरुआती गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने शेष आरोपितों की तलाश शुरू की। इसी क्रम में मास्टरमाइंड कमालुद्दीन का नाम सामने आया।

डीआइजी ने उसकी गिरफ्तारी के लिए 50 हजार रुपये का इनाम घोषित किया तो 29 जुलाई को चकमा देकर उसने रायबरेली कोतवाली में दर्ज हुए मुकदमे में आत्मसमर्पण कर दिया।

### मास्टरमाइंड बताएगा घटना में किसकी क्या थी भूमिका

कमालुद्दीन से पूछताछ में पुलिस यह जानने की कोशिश करेगी कि अशोक जायसवाल को उसने कैसे टारगेट किया और उसके साथियों की भूमिकाएं क्या थीं। यह भी जांच का विषय है कि अपहरण में प्रयुक्त दो गाड़ियों की व्यवस्था कैसे हुई और इसमें और कौन से लोग शामिल थे। पुलिस का मानना है कि कमालुद्दीन से पूछताछ के दौरान इस पूरे अपहरण कांड की परतें खुलेंगी।

अदालत ने 23 अगस्त को सुबह 10 बजे से अगले दिन दोपहर दो बजे तक की रिमांड को मंजूरी दी है।

इस अवधि में पुलिस टीम रायबरेली जेल से कमालुद्दीन को लेकर आएगी और गोरखपुर में उससे पूछताछ कर सुराग तलाशेगी।

इसके बाद 28 घंटे की अवधि पूरी होते ही उसे जेल में दाखिल कर दिया जाएगा। जिस कार से अशोक जायसवाल को बरामद किया गया था, वह आरोपित करुणेश दुबे के परिवार की थी।

# ग्राम प्रधान के घर चोरी में पुलिस को करीबी पर संदेह

जासं, गोरखपुर : सहदोडाड़ की ग्राम प्रधान शरद चंद के घर में हुई चोरी के मामले में पुलिस को किसी करीबी पर संदेह है। सीसी कैमरे में चार युवकों का फुटेज मिलने के बाद पुलिस ने जांच तेज कर दी है। पुलिस का मानना है कि जिन कमरों का ग्रील काटकर चोरी की गई है, उसकी जानकारी किसी करीबी को हो सकती है। पुलिस प्रधान के यहां काम करने वाले और काम छोड़ चुके लोगों के बारे में जानकारी जुटा रही है।

ग्राम प्रधान के पुत्र कृष्णपाल चंद की तहरीर पर गोला थाना पुलिस ने केस दर्ज किया है। इनके घर के दो कमरों में पीछे के रास्ते ग्रील तोड़कर चोर घुसे थे। इसमें रखे बाक्स और आलमारी में से 10 लाख रुपये नकदी व जेवर चोरी कर ले गए थे। उसी रात दुबौली के सर्वेश राय के घर भी चोरी हुई थी। घटना के बाद जांच में जुटी पुलिस एक करीबी पर संदेह जता रही है। जो ग्राम प्रधान के यहां काम करता था और कुछ दिन पहले ही छोड़कर गया है। एसपी दक्षिणी जितेंद्र कुमार ने बताया कि पुलिस और एंटी थेफ्ट सेल की टीम मामले की जांच कर रही है।

# हार्बर्ट बंधे पर भूमि विवाद में चले ईंट-पत्थर, पांच घायल

जासं, गोरखपुर : हांसूपुर स्थित हार्बर्ट बंधे पर गुरुवार की दोपहर भूमि विवाद को लेकर दो पक्ष आमने-सामने हो गए। पहले गाली-गलौज और धक्का-मुक्की हुई, फिर देखते ही देखते मामला मारपीट और पत्थरबाजी तक पहुंच गया। दोनों ओर से जमकर ईंट-पत्थर चलने से अफरातफरी का माहौल बन गया। सड़क पर भगदड़ मच गई, जिसमें पांच लोग घायल हो गए। इस पूरे घटनाक्रम का वीडियो इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित हो रहा है। दोनों पक्ष ने राजघाट थाना पुलिस को तहरीर दी है। गुरुवार दोपहर करीब 2:30 बजे पन्नेलाल यादव अपने स्वजन राम बचन यादव, प्रिंस यादव और गुल्लू यादव के साथ भूमि पर निर्माण कार्य करा रहे थे। इसी दौरान भज्जू यादव अपने सहयोगी राकेश यादव, सजानंद यादव, सचिन यादव, भोला, शिवम यादव और करीब 50 अन्य लोगों के साथ वहां पहुंच गए। आरोप है कि उसने निर्माण का विरोध करते हुए गाली-गलौज शुरू कर दी। कुछ ही देर में मामला हाथापाई तक पहुंचा और उसके बाद पथराव शुरू हो गया। सड़क पर कुछ देर के लिए यातायात बाधित हो गया। सीओ कोतवाली ओंकार दत्त तिवारी ने बताया कि घटना के बाद राजघाट थाने में दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। दोषियों पर कार्रवाई होगी।

# गोलघर में सुगम होगा यातायात, उठाए जाने लगे वाहन

## नो पार्किंग जोन गोलघर में सड़क किनारे खड़ी गाड़ियों के खिलाफ यातायात पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई

जागरण संवाददाता, गोरखपुर : गोलघर इलाके में अब आवागमन सुगम होगा। नगर निगम ने सड़क किनारे अवैध ढंग से खड़े वाहनों को उठाना शुरू कर दिया है। पहले दिन कुल 54 गाड़ियों को उठाया गया। इनसे जुर्माना के तौर पर करीब 12 हजार रुपये वसूला गया।

नगर निगम ने गोलघर इलाके को नो पार्किंग और नो वेंडिंग जोन घोषित किया है। ऐसे में कचहरी चौराहा से गोलघर काली मंदिर तक सड़क किनारे कहीं भी वाहन खड़ा करना पूरी तरह से प्रतिबंधित है। इसके बावजूद यहां काफी संख्या में वाहन सड़क के किनारे खड़े रहते हैं। इसकी वजह से यहां अक्सर जाम की स्थिति बन जाती है। इसको देखते हुए नगर निगम ने एक एजेंसी को क्रेन देने के साथ सड़क किनारे अवैध ढंग से खड़े वाहनों के खिलाफ कार्रवाई की जिम्मेदारी दी है। इसी क्रम में एजेंसी ने गुरुवार से ऐसे वाहनों के खिलाफ कार्रवाई की गई। इस दौरान 50 दोपहिया और चार चौपहिया वाहन उठाए गए। इन वाहनों को छुड़ाने के लिए लोगों को करीब 12 हजार रुपये खर्च करने पड़े। निगम के द्वारा किए गए प्रविधान के अनुसार नो पार्किंग में खड़े दो पहिया वाहन पर 200 रुपये और चार पहिया वाहन पर 500 रुपये जुर्माना का प्रावधान है।

अपर नगर आयुक्त निरंकार सिंह ने कहा कि यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने लिए गोलघर को नो पार्किंग जोन घोषित किया गया है। गुरुवार से गोलघर नो पार्किंग में खड़े वाहनों को उठाने का काम शुरू कर दिया गया है। सभी से अपील है कि वे अपने वाहन निर्धारित पार्किंग में ही खड़ी करें। शहर का यातायात सुगम बनाने में हर किसी से सहयोग की अपेक्षा है।



अतिक्रमण हटाने के दौरान सामान जब्त कर ले जाती नगर निगम की टीम • जागरण

### मल्टीलेवल पार्किंग में आज से नया पार्किंग शुल्क

गोरखपुर : गोलघर मल्टीलेवल पार्किंग गुरुवार को नई एजेंसी को हैंडओवर कर दी गई। गुरुवार को यहां गाड़ियों को खड़ी करने के लिए लोगों को पुराना शुल्क ही देना पड़ा। लेकिन शुक्रवार से लोगों को पार्किंग का नया शुल्क देना होगा। अपर नगर आयुक्त निरंकार सिंह ने कहा कि शासन ने पार्किंग के लिए दर तय कर दिया है। इसके तहत शुरुआती दो घंटे के लिए दो पहिया और चार पहिया वाहन के लिए क्रमशः 15 रुपये और 30 रुपये देना होगा।

इसके बाद एक घंटे के लिए क्रमशः 7 रुपये और 15 रुपये देना होगा। वहीं, 24 घंटे के लिए क्रमशः 57 और 120 रुपये निर्धारित किया है। मासिक पास का शुल्क क्रमशः 855 और 1800 रुपये तय किया गया है।

## अभियान में ठेले-होर्डिंग जब्त, चालान वसूला

जागरण संवाददाता, गोरखपुर : नगर निगम और यातायात पुलिस ने गुरुवार को शास्त्री चौक से टाउन हाल और बेतियाहाता से फिराक चौक तक अतिक्रमण हटाने का अभियान चलाया गया। इस दौरान फुटपाथ और सड़कों पर अवैध रूप से लगे ठेले, काउंटर और होर्डिंग हटाए गए और जुर्माना वसूला गया।

शास्त्री चौक से घोष कंपनी होते हुए टाउन हाल तक दोनों ओर की फुटपाथों से अतिक्रमण हटाया गया। अभियान में तीन ठेले, छह काउंटर और पांच होर्डिंग जब्त किए गए। मौके पर 5860 रुपये का चालान काटा गया। इस दौरान सफाई निरीक्षक राम, जयपाल चौकी इंचार्ज और नगर निगम की प्रवर्तन टीम मौके पर मौजूद रही। इसके अलावा बेतिया हाता से शायर फिराक गोरखपुरी, छात्र संघ चौराहा होते हुए फिराक चौक तक भी अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। इस दौरान एक ठेला, 20 होर्डिंग, छह मोटरसाइकिल और एक कार को यातायात नियमों के उल्लंघन में जब्त किया गया।

# नो व्हीकल जोन बनाने के प्रस्ताव पर आज लगेगी मुहर

**इंदिरा बाल विहार**

- अपर नगर आयुक्त ने एसपी ट्रैफिक के साथ किया निरीक्षण
- आज इंदिरा बाल विहार के व्यापारियों के साथ करेंगे बैठक

जासं, गोरखपुर : फूड जोन चटोरी गली के रूप में विकसित की जा रही है इंदिरा बाल विहार के सामने की सड़क को नो व्हीकल जोन बनाने की तैयारी है। ताकि यहां विभिन्न व्यंजनों का आनंद लेने के लिए आने वाले लोगों को गाड़ियों की आवाजाही की वजह से किसी तरह की परेशानी न हो। इसको लेकर अपर नगर आयुक्त निरंकार सिंह ने एसपी ट्रैफिक और सीएंडडीएस के अधिकारियों के साथ इंदिरा गांधी तिराहे से वीर बहादुर सिंह तिराहे तक निरीक्षण किया। शुक्रवार को इंदिरा बाल विहार के दुकानदारों के साथ बैठक कर इस संबंध में निर्णय लिया जाएगा।


इंदिरा बाल विहार का निरीक्षण करते अपर नगर आयुक्त निरंकार सिंह • जागरण

शहर की हृदयस्थली गोलघर के बीच करीब चार दशक पहले वजूद में आए इंदिरा बाल विहार के सुंदरीकरण का काम अंतिम चरण में है। एक ही रंग के फसाड लाइटों से इसे सजाया जा रहा है। जल्द ही नए रूप में शहर के लोगों को मिल जाएगा। निगम की योजना के अनुसार, इंदिरा बाल विहार के सामने की इस सड़क को शाम पांच बजे से रात 11 बजे तक के लिए नो व्हीकल जोन घोषित करने की है। लेकिन गुरुवार को निरीक्षण के दौरान कुछ परेशानियां सामने आईं। इंदिरा गांधी तिराहे से वीर बहादुर सिंह तिराहे के बीच दो लोगों के आवास हैं। इसके अलावा इंदिरा गांधी तिराहे के पास बने काम्प्लेक्स की पार्किंग का रास्ता भी इसी के बीच से है। निरीक्षण के दौरान सीएंडडीएस के अभियंता केएम सिंह, एसपी ट्रैफिक सुधीर कुमार आदि मौजूद रहे। नगर आयुक्त निरंकार सिंह ने कहा कि इन सब चीजों को ध्यान में रखते हुए शुक्रवार को यहां के दुकानदारों के साथ फिर से बैठक होगी। इसके बाद निर्णय होगा।

# गणेश पूजा पंडाल में भक्ति के बीच गूंजेगा 'साइबर सुरक्षा मं

जागरण संवाददाता,गोरखपुर: गणेश उत्सव के भजन-कीर्तन के बीच अब साइबर सुरक्षा का 'मंत्र' भी गूंजेगा। गोरखपुर पुलिस ने बढ़ते आनलाइन ठगी और डिजिटल अपराधों से लोगों को बचाने के लिए एक अनोखी पहल की है। इस बार शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में स्थापित होने वाले गणेश प्रतिमा पांडालों में जहां भक्तों के कानों में भक्ति गीत गूंजेंगे, वहीं बीच-बीच में रिकार्डेड आडियो संदेश लोगों को सतर्क और जागरूक करेंगे।

शहर में स्थित हर पांडाल में भक्तों को यह बताया जाएगा कि किसी अनजान लिंक पर क्लिक न करें, ओटीपी या बैंक विवरण साझा न करें और संदिग्ध काल आने पर तुरंत पुलिस या साइबर हेल्पलाइन से संपर्क करें।पुलिस का मानना है कि त्योहार के समय पूजा पांडाल जागरूकता का सबसे अच्छा मंच है।

गणेश उत्सव के अलावा दुर्गा पूजा में हजारों लोग पहुंचते हैं। ऐसे माहौल में संदेश तेजी से जन-जन तक पहुंच सकता है।

एसएसपी राजकरन नय्यर ने बताया कि यह पहल बढ़ते साइबर अपराध पर अंकुश लगाने के लिए की जा रही है।समितियों के पदाधिकारियों से कहा गया है कि वे प्रतिदिन भजन और पूजा कार्यक्रम के दौरान साइबर अपराध से बचाव की जानकारी वाले आडियो रिकार्डिंग जरूर चलवाएं। ताकि बड़े स्तर पर आम जनता तक यह संदेश पहुंचे।



साइबर थाने का निरीक्षण करते डीआइजी रेंज डा. एस चनप्पा • पुलिस मीडिया सेल

**डीआइजी ने कहा साइबर अपराध की जांच में तेजी लाएं:** डीआइजी डा. एस. चनप्पा ने गुरुवार शाम साइबर थाने का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने थाना प्रभारी और पुलिसकर्मियों से लंबित मामलों की जानकारी ली। साथ ही दर्ज मुकदमों में तुरंत कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बरामदगी का प्रतिशत बढ़ाएं और शिकायत दर्ज होने के बाद पीड़ित को यह भरोसा दिलाएं कि उसकी शिकायत पर त्वरित कार्रवाई होगी।

**साइबर अपराध को लेकर युवाओं को करें जागरूक:** गोरखपुर: अधिवक्ता व सामाजिक कार्यकर्ता रूपल त्रिपाठी ने कहा कि आज के समय में साइबर अपराध किसी अन्य अपराध की तरह ही गंभीर हैं, बस इनका स्वरूप डिजिटल है। इंटरनेट मीडिया, आनलाइन गेमिंग और विभिन्न एप के जरिए व्यक्तिगत जानकारी का दुरुपयोग कर लोगों को ब्लैकमेल किया जा रहा है। ऐसे मामलों में डरने के बजाय तुरंत साइबर सेल या थाने में शिकायत दर्ज करनी चाहिए। साथ ही इसको लेकर युवाओं को जागरूक करने की जिम्मेदारी भी हमें निभानी चाहिए।

वह गुरुवार को दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय में 44वें दीक्षा समारोह के उपलक्ष्य में महिला अध्ययन केंद्र एवं गृह विज्ञान विभाग के संयुक्त तत्वावधान में साइबर कानून और सोशल प्लेटफार्म: एक युवा दृष्टिकोण विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला को बतौर मुख्य वक्ता संबोधित कर रहीं थीं। उन्होंने cybercrime.gov.in और हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी भी साझा की।

युवाओं से अपील की कि वे अपनी गोपनीयता बनाए रखें, क्योंकि आत्म-सुरक्षा और जागरूकता ही साइबर अपराध से बचाव का सबसे बड़ा हथियार है।

कार्यशाला में छात्र-छात्राओं ने साइबर सुरक्षा, गोपनीय... व्यवहार से जुड़े... विशेषज्ञ ने सरल... दिया। साथ ही... घरेलू हिंसा से... प्रस्तुत किए ग... ज्ञापित करते हुए... युवाओं से आ... इंटरनेट का वि... एक जिम्मेदार डि... इस दौरान ड... डा.नीता सिंह ए... मौजूद रहीं।

## 'नाकआउट डिजिटल फ्राड' कार्यक्रम में विशेषज्ञों ने दिए बचाव के मंत्र

जासं,गोरखपुर: बजाज फाइनेंस लिमिटेड (बीएमएल) की ओर से गुरुवार को सेंट्रल एकेडमी तारामंडल में साइबर सुरक्षा जागरूकता अभियान 'नाकआउट डिजिटल फ्राड' का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य लोगों को डिजिटल वित्तीय धोखाधड़ी से बचाव के उपाय बताना और सुरक्षित आनलाइन व्यवहार को प्रोत्साहित करना था। साइबर कमांडो दिव्येंद्र तिवारी ने छात्रों से कहा कि इंटरनेट मीडिया पर अपनी फोटो का सावधानी से उपयोग करें। किसी के फोटो का बिना अनुमति उपयोग करना अपराध है। इंस्टाग्राम या अन्य प्लेटफार्म पर बिना अनुमति किसी की जानकारी साझा न करें। आनलाइन गेमिंग के लिए अपनी आइडी और पासवर्ड किसी को न दें। डिजिटल अरेस्ट की स्थिति में तुरंत पुलिस को सूचित करें। संचार के जरिए इसकी जांच जरूर कर लें कि आपके नाम से कोई दूसरा सिमकार्ड तो नहीं चल रहा। यदि किसी के साथ आनलाइन जालसाजी होती है तो तुरंत 1930 पर शिकायत दर्ज करें। साइबर कमांडो उपेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि एम कवच एप का उपयोग कर एप की विश्वसनीयता जां... मोबाइल का उपयो... के साथ करें। कि... पर क्लिक न करें... अपनी जानकारी... दें। उन्होंने बताया... सरकार ने साइबर... लिए विशेष रूप से... किए हैं, जो हर ना... लिए तत्पर हैं। इस... के प्रिंसिपल उमेश... राजीव यादव, प्रमो... मौजूद रहे।

# घुसपैठियों के बनाते थे फर्जी आधार कार्ड गोरखपुर के युवक समेत आठ गिरफ्तार

## एटीएस की कार्रवाई में फिंगर स्कैनर, मोबाइल फोन व फर्जी दस्तावेज बरामद

**गोरखपुर/लखनऊ।** एटीएस (आतंकवाद निरोधी दस्ता) ने फर्जी दस्तावेजों के जरिये रोहिंग्या, बांग्लादेशी व अन्य विदेशी नागरिकों के लिए फर्जी आधार कार्ड बनाने वाले एक अंतरराज्यीय गिरोह का पर्दाफाश किया है। एटीएस ने बृहस्पतिवार को गोरखपुर के चौरीचौरा इलाके के आरोपी राजीव तिवारी उर्फ राजू समेत आठ आरोपियों को गिरफ्तार किया है।




आरोपियों के पास से आधार कार्ड बनाने में प्रयोग किए जाने वाले इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस, फिंगर स्कैनर, लैपटॉप व फर्जी दस्तावेज एवं तैयार आधार कार्ड बरामद किए गए हैं। एटीएस की टीम ने इस मामले में बीते 19 अगस्त को केस दर्ज किया था।

एटीएस को सूचना मिल रही थी कि आजमगढ़, गोरखपुर, सहारनपुर, मऊ, औरैया समेत बंगाल के मुर्शिदाबाद व कोलकाता, बिहार के लखीसराय, कटिहार और दिल्ली-एनसीआर में सक्रिय एक गिरोह फर्जी आधार कार्ड बनाने का धंधा कर रहा है। पता चला कि गिरोह जनसेवा केंद्र खोलकर वीपीएन और रिमोट सिस्टम का इस्तेमाल कर बांग्लादेशी, रोहिंग्या और नेपाली नागरिकों के नाम से आधार बना रहे थे। इतना ही नहीं, पहले से बने आधार कार्डों में भी गलत तरीके से संशोधन किए जा रहे थे। ब्यूरो

**ये आरोपी पकड़े गए**

गोरखपुर के चौरीचौरा इलाके के चौरी खास गांव निवासी राजीव तिवारी, आजमगढ़ के मंदे निवासी मोहम्मद नसीम, मोहम्मद शाकिब, मऊ के छपरा निवासी हिमांशु राय, गाजियाबाद के खोरा कॉलोनी निवासी सलमान अंसारी, औरैया के बिधुना निवासी गौरव कुमार गौतम, आजमगढ़ के बिलरियागंज निवासी विशाल कुमार और मऊ के घोसी निवासी मृत्युंजय गुप्ता के रूप में हुई है।

>> बंद कमरे में तीन घंटे पूछताछ... पेज 3

# एम्स गेट पर मंडराते हैं माफिया.. मरीजों को बहकाकर खरीदवाते हैं महंगी दवाएं

## एजेंट जताते हैं सहानुभूति फिर अंदर की दवा को बताते हैं बेअसर, डिस्काउंट का देते हैं झांसा

अमर उजाला लाइव

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। दवा माफिया जिला अस्पताल ही नहीं, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के बाहर भी सक्रिय हैं। इनके एजेंट अस्पताल के गेट पर मरीजों के तीमारदारों को बहका कर बाहर की महंगी दवाएं खरीदने के लिए मजबूर करते हैं। बड़े ही शातिराना अंदाज में ये बीमार और तीमारदार से पहले सहानुभूति जताते हैं और फिर कहते हैं कि अस्पताल के अंदर की दवाएं असरदार नहीं हैं, बाहर से असली दवा ले लो, वह भी डिस्काउंट पर..।

एम्स में बिहार और प्रदेश के दूसरे जिलों से बड़ी संख्या में मरीज इलाज कराने आते हैं। इलाज की चिंता में डूबे मरीज और उनके तीमारदार दवा माफिया और इनके एजेंटों के झांसे में आ जाते हैं। फिर बाहर की दुकान से दवा खरीद लेते हैं। जन औषधि केंद्र और अमृत फार्मेसी से मिलने वाली सस्ती व प्रमाणित दवाओं को ये माफिया बेअसर बताते हैं। डिस्काउंट का लालच देकर महंगे दामों पर दिलाते हैं।

बृहस्पतिवार दोपहर 2:15 बजे एम्स के गेट नंबर दो के पास दवा माफिया के एजेंट सक्रिय दिखे। डॉक्टर से परामर्श लेकर आ रहे तीमारदारों को रोककर डिस्काउंट और असली दवा का झांसा देते रहे। दोपहर 2:35 बजे छपरा से आए दिनेश कुमार ओपीडी से मां को दिखाकर निकल रहे थे। वह अमृत फार्मेसी की तरफ जा रहे थे तभी अचानक एक व्यक्ति ने उन्हें रोक लिया। उसने पूछा-आप दवा लेने जा रहे हैं। दिनेश ने जैसे ही हां बोला तभी उस व्यक्ति ने कहा-यहां से दवा मत लीजिए। यहां गलत दवाएं दी जाती हैं जो बेअसर हैं। मेरे साथ चलिए 30 प्रतिशत डिस्काउंट पर दवा मिल जाएगी। दिनेश उसकी बातों में आ गए और मां को वहीं बैठाकर उसके साथ दवा लेने चले गए। इसी तरह गेट के बाहर खड़े कई और एजेंट तीमारदारों को बहका कर ले गए।





एम्स गेट पर घूम रहे दवा माफिया। एम्स के पास मेडिकल स्टोर पर दवा खरीदते लोग। अमर उजाला

### *हटाने के बाद भी मंडराते हैं धंधेबाज*

*सूत्रों के अनुसार, यह गिरोह संगठित रूप से काम करता है। ये गिरोह गेट पर तीमारदारों को पकड़ता है और पास की मेडिकल दुकानों से कमीशन पर दवा दिलवाता है। इससे न सिर्फ मरीज आर्थिक रूप से ठगे जाते हैं बल्कि उनकी सेहत पर भी खतरा मंडराता है। गेट पर तैनात सुरक्षाकर्मी इन्हें देखकर हटाते हैं लेकिन इसके बाद भी ये तीमारदारों को झांसे में ले लेते हैं।*



ढूंढते रह जाएंगे... दवा वहीं मिलेगी, जहां डॉक्टर चाहेंगे

21 अगस्त को प्रकाशित खबर।

**केस 1** सिवान के दुर्गेश कुशवाहा 20 दिन पहले मेडिसिन विभाग में दिखाने आए थे। उन्होंने बताया कि डॉक्टर ने देखने के बाद पर्ची पर दवा लिखी। उन्हें बताया गया कि जन औषधि और अमृत फार्मेसी पर ये दवाएं मिल जाएंगी। वह इसे लेने के लिए अमृत फार्मेसी पर पहुंचे। वहां एक व्यक्ति मिला उसने कहा कि यहां की दवाएं बेअसर हैं और महंगी भी हैं। बाहर एक मेडिकल स्टोर से वह ब्रांडेड दवाओं को सस्ते दाम पर दिलवा देगा। वह झांसे में आ गए। बाहर 20 प्रतिशत छूट के बाद उनको दवा के लिए 3790 रुपये देने पड़े। अगली बार जब वह दिखाने आए तो डॉक्टर ने वही दवा लिखी। इसे जब उन्होंने अमृत फार्मेसी से लिया तो वह 1980 रुपये की ही पड़ी। इसके बाद उन्हें ठगे जाने का अहसास हुआ।

**केस 2** देवरिया से विमला देवी आंख की जांच कराने आई थीं। डॉक्टर को दिखाने के बाद वह बाहर निकलीं। गेट पर मेडिकल स्टोर के बिचौलियों ने उन्हें घेर लिया। झांसे में लेकर कुनराघाट स्थित एक मेडिकल स्टोर पर ले गए। वहां उनको 1800 रुपये की दवा दिलवा दी। अगली बार आने के बाद जब वह उसी दवा को लेने के लिए जन औषधि केंद्र पर गईं तो उन्हें केवल 450 रुपये में मिल गईं।

## बीआरडी : अमृत फार्मेसी और जन औषधि केंद्र सिर्फ नाम के...कई दवाएं मिलेंगी ही नहीं





बीआरडी मेडिकल कॉलेज में पीतांबरा फार्मेसी पर इक्का-दुक्का पर गेट के बाहर दवा की दुकानों पर मरीजों और तीमारदारों की भीड़। संवाद

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। बीआरडी मेडिकल कॉलेज में अमृत फार्मेसी और जन औषधि केंद्र तो है पर यहां कुछ सामान्य दवाएं ही मिलती हैं। डॉक्टर जो दवाएं पर्चे पर लिखते हैं उनमें अधिकांश दवाएं तो मिलेंगी ही नहीं। जबकि, कॉलेज परिसर के बाहर मेडिकल स्टोर पर सभी दवाएं मिल जाएंगी। ऐसे में मरीजों की मजबूरी है कि वे बाहर से ही दवाएं खरीदते हैं।

### मेडिकल कॉलेज में डॉक्टर की लिखी कुछ ही दवाएं अंदर के स्टोर पर मिल रहीं

बृहस्पतिवार दोपहर एक बजे के करीब मेडिकल कॉलेज के अंदर दवा काउंटर पर मरीज और तीमारदारों की भीड़ देखने को मिली।

हालांकि, वहां सभी दवाएं उपलब्ध नहीं थीं। वहीं, अमृत फार्मेसी, पीतांबरा फार्मेसी और जन औषधि केंद्र पर भी कुछ तीमारदार दवा खरीदते नजर आए। इससे ज्यादा भीड़ बाहर के मेडिकल स्टोर पर देखने को मिली। डॉक्टरों की लिखी सारी दवाएं वहां उपलब्ध थीं।

मेडिकल कॉलेज के अंदर स्टोर में सारी दवाएं उपलब्ध हैं। दवा न मिलने की कोई शिकायत नहीं आई है। यदि ऐसी कोई शिकायत आती है तो जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी। - **डॉ. रामकुमार जायसवाल**, प्राचार्य, बीआरडी मेडिकल कॉलेज

# निलंबित पुलिसकर्मियों को एक ही बीमारी...अब अफसर कराएंगे जांच

## राजस्थान के युवक से लूट के मामले में निलंबित हैं तीन पुलिसकर्मी

**अमर उजाला ब्यूरो**

**गोरखपुर।** राजस्थान के युवक से नौसड़ में लूट के मामले में निलंबित चौकी इंचार्ज शुभम श्रीवास्तव और दो साथी पुलिसकर्मियों ने बीमारी का हवाला देते हुए मेडिकल रिपोर्ट भेज दी है। खास बात यह है कि तीनों ने एक ही बीमारी (फूड पॉइजनिंग) का मेडिकल प्रस्तुत किया है।

मेडिकल रिपोर्ट में बताया गया है कि जब वे मुंबई जा रहे थे तो किशोरी का लोकेशन मध्य प्रदेश में मिली। इसी दौरान इंदौर में खाना खाने से उनकी तबीयत बिगड़ गई। रिपोर्ट 12 से 22 अगस्त तक की बताई जा रही है। अब गोरखपुर पुलिस इन मेडिकल प्रमाणपत्रों का सत्यापन कराने इंदौर के डॉक्टरों के पास जाएगी।

जानकारी के अनुसार, बेलीपार क्षेत्र के पिछौरा निवासी रवि शंकर (अब राजस्थान में रहते हैं) को कार सवार बदमाशों ने अगवा कर 90 हजार रुपये लूट लिए थे। पीड़ित ने इसकी शिकायत एसपी सिटी से की। राजघाट थाने में अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज हुआ। चौंकाने वाली बात यह रही कि लूट करने वाले खुद को पुलिस के क्राइम ब्रांच का बताते रहे। इसी के आधार पर नौसड़ चौकी इंचार्ज शुभम श्रीवास्तव समेत तीन पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया गया।


राजस्थान से आए युवक से लूट के मामले में दो और पुलिसकर्मी निलंबित

अब तक पांच पुलिसकर्मियों के खिलाफ हो चुकी है कार्रवाई

19 अगस्त को प्रकाशित खबर।

जांच में यह भी सामने आया कि तीनों पुलिसकर्मी बिना उच्चाधिकारियों की अनुमति के किशोरी की बरामदगी का तथ्य जीडी में दर्ज कर मुंबई चले गए थे।

# दो पक्षों में जमकर चले ईंट-पत्थर

## जमीन के विवाद में हार्बर्ट बंधे पर बवाल, कई घायल, वीडियो वायरल

**अमर उजाला ब्यूरो**

**गोरखपुर।** राजघाट थाना क्षेत्र में हार्बर्ट बंधे पर हांसूपुर में बृहस्पतिवार को जमीन के विवाद में दो पक्ष भिड़ गए। दोनों तरफ से जमकर ईंट-पत्थर चले। इससे वहां अफरातफरी का माहौल बन गया। कई लोग घायल हो गए। दोनों पक्षों ने पुलिस को तहरीर दी है।


हार्बर्ट बंधे पर जमीन के विवाद में पत्थरबाजी करते आरोपी। स्रोत: सोशल मीडिया

बताया जा रहा है कि बृहस्पतिवार को अपराह्न करीब तीन बजे पन्नेलाल यादव परिवार के अपनी जमीन पर निर्माण करा रहे थे। आरोप है कि इसी दौरान भज्जू यादव 50लोगों के साथ मौके पर पहुंचे। वहां निर्माण का विरोध करते किया। दोनों पक्षों में गाली-गलौज के बाद मारपीट शुरू हो गई। विवाद इतना बढ़ गया कि देखते ही देखते सड़क पर पत्थरबाजी शुरू हो गई। स्थानीय लोगों ने बीच-बचाव कर घायलों को अस्पताल भिजवाया। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने लगा। स्थानीय लोगों की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने हालात को काबू में किया।

सीओ कोतवाली ओंकार दत्त तिवारी ने बताया कि दोनों पक्षों ने तहरीर दी है। मामले की जांच की जा रही है।

# बंद कमरे में तीन घंटे पूछताछ..पहले उलझाया फिर सबूत देख टूट गया

## फर्जी दस्तावेजों के जरिये आधार कार्ड बनाने का मामला, पूछताछ में एटीएस को मिलीं अहम जानकारियां

संवाद न्यूज एजेंसी

सरदारनगर (गोरखपुर)। विदेशी नागरिकों का फर्जी आधार कार्ड बनाने के मामले में गिरफ्तार किए गए राजीव तिवारी उर्फ राजू से एटीएस के अधिकारियों ने करीब तीन घंटे तक बंद कमरे में पूछताछ की। पहले तो वह सवालों पर टाल-मटोल कर रहा था लेकिन जब टीम ने उसके मोबाइल की जांच साइबर एक्स्पर्ट से कराकर सबूत के साथ पूछताछ की तो वह टूट गया। उसने कुछ अहम जानकारियां टीम को दी हैं।


गोरखपुर में गिरफ्तार राजीव तिवारी। संवाद

अब इस जानकारी के जरिये टीम पूरे नेटवर्क तक पहुंचने में जुट गई है। राजू के घर की तलाशी में एटीएस को आधार कार्ड, लैपटॉप अन्य इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस और पहचान पत्र आदि के दस्तावेज मिले।

एटीएस की टीम बृहस्पतिवार दोपहर करीब 12:30 बजे चौरीचौरा थानाक्षेत्र के चौरी खास गांव में पहुंची। लखनऊ नंबर की रजिस्टर्ड दो कारों में टीम के 14 सदस्य मौजूद रहे। टीम को देख गांव में हड़कंप मच गया। जब टीम पहुंची तो राजू के अलावा उसका भतीजा मौजूद था। परिवार के अन्य सदस्य अयोध्या दर्शन करने गए थे। टीम ने करीब तीन घंटे तक पूरे घर के एक-एक कोने की तलाशी ली।

एटीएस के अधिकारियों ने राजू से बंद कमरे में तीन घंटे तक पूछताछ की। उसका मोबाइल फोन स्वीच ऑफ करा दिया गया। इस दौरान घर के आसपास बाहरी लोगों को खड़े होने की अनुमति नहीं दी गई।

तलाशी के दौरान टीम ने उसके घर से 20 से ज्यादा आधार कार्ड, लैपटॉप, अन्य इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस और पहचान पत्र बनाने के लिए प्रयोग में लाए जाने वाले जरूरी दस्तावेजों को कब्जे में ले लिया।

इस दौरान टीम के कुछ सदस्य घर के बाहर तैनात रहे। टीम में एटीएस के अधिकारियों के साथ साइबर एक्सपर्ट भी शामिल रहे। करीब तीन घंटे तक पूछताछ के बाद राजू को गिरफ्तार कर टीम अपने साथ लखनऊ ले गई।


एटीएस की टीम ने चौरी खास गांव में राजू तिवारी के घर छापा मारा। संवाद

### एक साल पहले बंद किया जनसेवा केंद्र फिर घर से करने लगा काम

*ग्रामीणों के अनुसार, राजू तिवारी चौरीचौरा में छह साल से जनसेवा केंद्र खोल कर आधार कार्ड समेत अन्य पहचान पत्र बनाने का काम करता था लेकिन एक साल पहले उसने दुकान बंद कर दी। इसके बाद वह घर पर ही चोरी-छिपे आधार कार्ड व पहचान पत्र बनाने का काम करता था। एटीएस की कार्रवाई के बाद गांव में तरह-तरह की चर्चा है।*

### इन सवालों के जवाब ढूंढ़ रही थी टीम

*एटीएस सूत्रों के अनुसार, अधिकारियों ने तीन घंटे तक पूछताछ में राजू से कई सवाल किए। उससे पूछा गया कि वह किस-किस के संपर्क में है, उससे कौन-कौन मिलने आते थे। साथ ही उससे पूछा गया कि उसके ई-मेल पर इतने दस्तावेज कैसे हैं। कहां से आए तो वह इसका सही से जवाब नहीं दे पाया।*

### दो भाइयों में छोटा है राजू

ग्रामीणों ने बताया कि राजू के पिता अवधेश तिवारी कोयले की फैक्टरी में काम करते थे। हाल ही में रिटायर होने के बाद वह गांव आकर रहने लगे थे। राजू दो भाइयों में छोटा है। बड़ा भाई मुन्ना तिवारी घर पर रहकर खेती-बाड़ी का काम देखता है। 10 साल पहले राजू की शादी हुई थी। उसकी एक बेटी है।

### गिरोह बिचौलियों के जरिये ऐसे करता था काम

गिरोह के गुर्गे बिचौलियों के जरिये उन लोगों तक पहुंचते थे जिनके पास कोई भारतीय दस्तावेज नहीं होता था। या फिर वे जन्मतिथि व अन्य स्थायी रिकॉर्ड में बदलाव कराना चाहते थे। ऐसे लोगों के लिए गिरोह फर्जी जन्म प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र और शपथ पत्र तैयार करता था। इसी आधार पर फर्जी आधार कार्ड बनाए या संशोधित कराए जाते थे। इसके एवज में गिरोह के गुर्गे रुपये लेते थे।

# शॉर्ट सर्किट से मकान में लगी आग

## घंटाघर इलाके का मामला, फायर ब्रिगेड की टीम ने एक घंटे में आग पर पाया काबू

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। राजघाट थाना क्षेत्र के घंटाघर इलाके स्थित एक मकान में बृहस्पतिवार की दोपहर में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। इससे अफरा-तफरी मच गई। शोर मचाते हुए परिवार के लोग घर से बाहर निकल आए। आसपास के लोगों ने फायर ब्रिगेड को सूचना दी। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने करीब एक घंटे में आग पर काबू पा लिया।

जानकारी के अनुसार, हाल्सीगंज में प्रहलाद परिवार के साथ रहते हैं। दो मंजिला मकान में नीचे जनरल स्टोर की दुकान चलाते हैं और परिवार के साथ पहली मंजिल पर रहते हैं। प्रहलाद ने बताया कि बृहस्पतिवार की दोपहर करीब 12:30 बजे अचानक बिजली के तार से चिंगारी निकली जिसके बाद घर में आग लग गई। जान बचाने के लिए परिवार समेत घर से बाहर सड़क की तरफ भागे।


घंटाघर के पास मकान में आग लगने पर जुटी भीड़। संवाद

मकान से धुआं उठता देख लोगों की भीड़ जुट गई। घनी आबादी में घर होने की वजह से फायर ब्रिगेड की टीम को परेशानी का सामना करना पड़ा। प्रहलाद ने बताया कि घर का कीमती सामना जलकर राख हो गया।

दुकान का सामान सुरक्षित बच गया है। फायर स्टेशन ऑफिसर शांतनु कुमार यादव ने बताया कि मौके पर दो गाड़ियां पहुंची थीं। आग पर करीब एक घंटे में काबू पाया गया। एक भी जनहानि नहीं हुई है। राजघाट थाने की पुलिस भी इस दौरान वहां मौजूद रही।

**अमर उजाला**

यदि आपको अमर उजाला की प्रति नियमित या समय से नहीं मिल रही है तो कृपया

अपहरण-फिरौती प्रकरण

# कार मालिक रडार पर आरोपी बनाएगी पुलिस

## करुणेश दुबे के परिवार की कार से बरामद हुए थे रिटायर्ड एयरफोर्स कर्मी

अमर उजाला ब्यूरो

**गोरखपुर।** रिटायर्ड एयरफोर्स कर्मी अशोक जायसवाल अपहरण कांड में इस्तेमाल कार के मालिक को भी पुलिस आरोपी बनाने की तैयारी में जुट गई है। अशोक जायसवाल को जिस गाड़ी से बरामद किया गया था, वह जेल गए आरोपी करुणेश के परिवार की बताई जा रही है।

पिछले दिनों करुणेश के घरवालों ने उस गाड़ी को कोर्ट से रिलीज करा लिया है। इसके बाद से ही पुलिस अफसरों ने अपराध में शामिल गाड़ी के मालिक को आरोपी बनाने का निर्देश दिया। वहीं दूसरी तरफ अपहरण कांड के मास्टर माइंड कमालुद्दीन की 28 घंटे की पुलिस कस्टडी रिमांड मिल गई है। शाहपुर थाने की पुलिस टीम उसे लाने के लिए रायबरेली जेल जाएगी।

शाहपुर इलाके के पादरी बाजार में आयुष्मान हॉस्पिटल संचालक और एयरफोर्स से रिटायर्ड कर्मी अशोक जायसवाल का रेलवे स्टेडियम जाते समय कौआबाग अंडरपास से कार सवार बदमाशों ने अपहरण कर लिया था। सुबह दस बजे जब एक अनजान मोबाइल से उनकी पत्नी के मोबाइल पर फिरौती की कॉल आई तब अपहरण की घटना सामने आई। अशोक जायसवाल के साढ़ू ने पुलिस को सूचना दी और बताया कि एक करोड़ रुपये की फिरौती मांगी जा रही है। पुलिस ने सूचना के करीब 15 घंटे बाद अशोक जायसवाल को बरामद कर तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया।

पूछताछ में पता चला कि अपहरण में सात बदमाश शामिल थे, दो गाड़ियों का इस्तेमाल किया गया था। इसी के बाद कमालुद्दीन सहित अन्य आरोपियों के नाम सामने आए थे। कमालुद्दीन की गिरफ्तारी के लिए उस पर 50 हजार रुपये का इनाम रखा गया था लेकिन साठगांठ से उसने इनाम घोषित होने के अगले दिन ही रायबरेली कोर्ट सरेंडर कर दिया था। वहां दर्ज एक केस में वांछित था। पुलिस ने रिमांड पर लेकर पूछताछ करने के लिए कोर्ट में अर्जी दी थी।

इसके तहत 28 घंटे की कोर्ट से अनुमति मिली है। पुलिस की एक टीम उसे रायबरेली जेल से लेकर गोरखपुर लाएगी। पूछताछ के बाद 28 घंटे के अंदर उसे जेल में दाखिल करेगी।



18 अगस्त को प्रकाशित खबर।

### अपहरण कांड के मास्टरमाइंड कमालुद्दीन की 28 घंटे की मिली पुलिस कस्टडी रिमांड

**करुणेश व कमालुद्दीन को आमने सामने बैठाकर पूछताछ करेगी पुलिस**

रिटायर्ड एयरफोर्स कर्मी अपहरण कांड में जेल में बंद मुख्य आरोपी करुणेश और उसके साथी कमालुद्दीन से पुलिस अब आमने-सामने बिठाकर पूछताछ करेगी। पुलिस सूत्रों के अनुसार, दोनों से अब तक अलग-अलग पूछताछ की गई थी, लेकिन बयानों में कई विरोधाभास सामने आए हैं। इन विरोधाभासों को दूर करने और अपहरण की पूरी साजिश की कड़ियों को जोड़ने के लिए जांच टीम ने आमने-सामने पूछताछ का निर्णय लिया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि इस पूछताछ से कई अनसुलझे सवालों का जवाब मिलेगा।

## स्कूल गेट के सामने छात्र पर जानलेवा हमला, तीन पकड़े गए



बड़हलगंज में स्कूल के सामने हमले में घायल छात्र। संवाद

**झुमिला बाजार।** बड़हलगंज थानाक्षेत्र में गांधी इंटर कॉलेज महुआपार के गेट पर मंगलवार सुबह छात्र आर्यन पर बाहरी छात्रों ने हमला कर दिया। घायल छात्र ने किसी तरह स्कूल में भागकर जान बचाई। इस दौरान जानकारी पर कर्मचारियों ने तीन हमलावर छात्रों को पकड़ लिया और पुलिस सौंप दिया।

पेखिला निवासी आर्यन कक्षा 10 का छात्र है। सुबह करीब 7:30 बजे वह स्कूल जा रहा था। गेट पर पहुंचा ही था तभी पहले से ही खड़े दूसरे स्कूल में पढ़ने वाले छह-सात छात्रों ने आर्यन को घेर लियाद। हाथ में पहने कड़े तथा लोहे के पंच से उस पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया। हमले में आर्यन के सिर में गहरी चोटें आईं और वह लहूलुहान हो गया।

पकड़े गए छात्रों की पहचान बड़हलगंज के महादेवा मोहल्ला निवासी के रूप में हुई है। सभी नाबालिग हैं। प्रधानाचार्य उमेश प्रताप शाही की सूचना पर पहुंची पुलिस तीनों को थाने ले जाकर पूछताछ में जुटी है। पुलिस ने हमलावरों के बैग से कड़ा व पंच बरामद किया है। संवाद

# सूदखोर की गुंडई : रुपये लौटाने के बाद भी कार से अगवा कर पीटा

संवाद न्यूज एजेंसी

**सहजनवां।** थाना क्षेत्र के भगौरा गांव में सूदखोरों की गुंडई सामने आई है। दो लाख रुपये के बदले 3.75 लाख रुपये लौटाने के बाद भी सूदखोर चार लाख रुपये की मांग कर रहे हैं। पीड़ित के मना करने पर सूदखोरों ने उसे कार से अगवा कर लिया। इसके बाद लखनऊ ले जाकर उसके साथ मारपीट की। सूदखोरों के चंगुल से छूटने के बाद पीड़ित ने सीओ गीडा से शिकायत की है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

पीड़ित सर्वजीत कुमार गौड़ ने बताया कि दो साल पहले उसने इलाके के ही रहने वाले एक सूदखोर से दो लाख रुपये उधार लिए थे। ब्याज सहित अब तक 3.75 लाख रुपये लौटा चुके हैं।

आरोप है कि इसके बाद भी सूदखोर लगातार चार लाख रुपये और देने की मांग कर रहा है। इन्कार पर जान से मारने की धमकी देता है। आरोप है कि बीते 17 अगस्त की दोपहर करीब साढ़े तीन बजे सूदखोर अपनी कार से उसके घर पहुंचा। जहां उसे जबरन कार में बैठाकर लखनऊ ले गया। वहां एक कमरे में बंद कर उसकी जमकर पिटाई की। किसी तरह जान बचाकर वह घर लौटा।

**दो लाख के बदले 3.75 लाख रुपये लौटाए फिर भी सूदखोर बता रहा था चार लाख बकाया**

इसके बाद उसने मामले की शिकायत सीएम पोर्टल व सीओ गीडा कार्यालय में की। इस संबंध में सीओ गीडा आईपीएस अरुण कुमार एस ने बताया कि प्रकरण की जांच कराई जा रही है। दोषी पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# विवाद मुर्गा विक्रेता से...हमला पड़ोसी दुकानदार पर, हालत गंभीर

**गोरखपुर।** शाहपुर इलाके के राप्तीनगर में बृहस्पतिवार की देर रात एक सिरफिरे युवक और मुर्गा विक्रेता के बीच विवाद हो गया। सिरफिरे ने मुर्गा काटने वाला बांका लेकर मुर्गा विक्रेता को दौड़ा लिया। विक्रेता भागकर पास के बैग सिलाई करने वाले कन्हैया लाल की दुकान में छिप गया। सिरफिरे युवक ने कन्हैया लाल पर हमला कर दिया। बीच बचाव में कन्हैया के दोनों बच्चे भी घायल हो गए। कन्हैया की हालत गंभीर बताई जा रही है।

बस्ती जिले के लालगंज थाना क्षेत्र के बनकटी निवासी कन्हैया लाल शाहपुर इलाके के राप्तीनगर के पास बैग सिलने की दुकान चलाते हैं। बृहस्पतिवार रात करीब 10 बजे 12 वर्षीय बेटी शिवांगी व 14 वर्षीय बेटा शिवम भी साथ में मौजूद थे। बगल में ही एक मुर्गा विक्रेता दुकान लगाता है। मुर्गा विक्रेता की दुकान पर रात में 10 बजे एक युवक आया और किसी बात को लेकर दोनों झगड़ा करने लगे।

युवक ने मुर्गा काटने वाला बांका उठा लिया और मुर्गा विक्रेता को मारने को दौड़ा लिया। वह बचने के लिए कन्हैया के पीछे जाकर छिप गया। पीछे से बांका लिए आरोपी युवक भी पहुंचा और ताबड़तोड़ वार करने लगा। पिता पर हमला देख बेटा-बेटी भी बचाव में आए। युवक ने कन्हैया और दोनों बच्चों को बांका से मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया है।

सीओ गोरखनाथ रवि सिंह ने बताया कि आरोपी युवक का मुर्गा विक्रेता से विवाद हुआ था। मुर्गा विक्रेता जिस दुकानदार के पीछे छिपा था, आरोपी युवक ने उस पर ही हमला कर दिया। आरोपी को हिरासत में लेकर शाहपुर पुलिस मामले की जांच कर रही है। ब्यूरो

# फैक्टरी चालू होते ही चपेट में आ गए थे बच्चे...तत्काल बंद करा दिया गया

**चौरीचौरा के देवकहिया स्थित एशियन फर्टिलाइजर में गैस रिसाव मामले की जांच शुरू**

संवाद न्यूज एजेंसी

सरदारनगर। चौरीचौरा क्षेत्र के देवकहिया स्थित एशियन फर्टिलाइजर में बीते सोमवार को हुए गैस रिसाव की घटना की जांच के लिए गठित तीन सदस्यीय टीम ने बृहस्पतिवार की शाम फैक्टरी पहुंचकर एक घंटे तक मौके की जांच की।

प्रबंधन की तरफ से बताया गया कि घटना के दिन फैक्टरी को स्टार्ट ही किया जा रहा था कि कुछ लोगों ने बच्चों के बीमार होने की सूचना दी। इसके बाद तत्काल फैक्टरी को बंद कर दिया गया।

टीम अब लाइसेंस व एनओसी से संबंधित प्रपत्रों की जांच करेगी। इसके बाद अपनी रिपोर्ट डीएम को सौंपेगी। जानकारी के अनुसार, एशियन फर्टिलाइजर में बीते सोमवार को जहरीली गैस का रिसाव होने से उसकी चपेट में आए 14 बच्चे बीमार हो गए थे।

इस घटना को लेकर आक्रोशित ग्रामीणों ने इसकी शिकायत एसडीएम चौरीचौरा कुंवर सचिन सिंह से की थी। मौके पर पहुंचे एसडीएम ने फैक्टरी के गैस प्लांट को बंद करा दिया था। गैस के रिसाव से बीमार हुए बच्चों का पीएचसी सरदारनगर में इलाज कराया गया। एसडीएम ने इस घटना की रिपोर्ट डीएम को भेजी थी।

डीएम दीपक मीणा ने मामले की गंभीरता को देखते हुए एशियन फर्टिलाइजर की जांच के लिए एडीएम प्रशासन सहदेव कुमार मिश्र के नेतृत्व में तीन सदस्यीय जांच टीम का गठन कर एक सप्ताह में रिपोर्ट मांगी है। जांच टीम बृहस्पतिवार की शाम 4:45 बजे फैक्टरी पहुंची। वहां पर एक घंटे तक फैक्टरी की गहनता से जांच की। टीम के आने की सूचना पर गांव के तमाम लोग भी फैक्टरी गेट पर एकत्रित हो गए और इसको पूर्ण रूप से बंद करने की मांग करने लगे।

# सादिया के भाई को फंसाकर पूरे परिवार से वसूले रुपये

## जमानत के नाम पर 40 लाख की ठगी का मामला

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। जेल में बंद गैंगस्टर विकास कुमार सिन्हा का एक और कारनामा सामने आया है। गैंगस्टर ने सादिया के भाई अकबर अली के खिलाफ भी गुर्गों की मदद से गोरखनाथ और पिपराइच में झूठी शिकायतें करा दीं। फिर कार्रवाई से बचाने के नाम पर पूरे परिवार के खाते से रुपये निकलवा कर वसूल लिए। पुलिस अब केस दर्ज कर फर्जी शिकायत करने वालों की तलाश शुरू कर ही है। इधर, जेल में बंद गैंगस्टर विकास सिन्हा से जेल में पूछताछ के लिए आज कोर्ट में सुनवाई होगी।

पति की हत्या के मामले में जेल में बंद सादिया अंसारी की मुलाकात गैंगस्टर विकास कुमार सिन्हा, उसकी पत्नी रेखा सिंह व मां गीता सिंह से हुई थी। रेखा सिंह ने सादिया को आश्वासन दिया कि उसके पति पेशे से वकील है, जिनकी पहुंच बड़े-बड़े अधिकारियों से है। हम लोग जल्द ही जेल से जमानत पर छूट जाएंगे। तुम्हारी भी जमानत कराते हुए केस से बरी करा देंगे।

झांसे में आई सादिया ने अपने भाई गोरखनाथ के मुहल्ला-इस्लामिया नगर रसूलपुर निवासी अकबर अली के जरिये करीब 25 लाख रुपये दे दिए। ये रुपये यूपीआई और फोन पे के जरिये विकास कुमार सिन्हा, उसकी पत्नी रेखा सिंह, भाई राहुल कुमार सिन्हा के खातों में भेजे गए थे।

करीब आठ माह बीत जाने के बाद भी सादिया जेल से बाहर नहीं आई तो अकबर अली ने अपने रुपये की मांग की। इसके बाद विकास ने अपने गुर्गों के जरिये उसके खिलाफ गोरखनाथ और पिपराइच थाने में कई शिकायतें करा दी।



21 अगस्त को प्रकाशित खबर।

> पीड़ित अकबर अली की तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आरोपों की गंभीरता को देखते हुए पूरे गिरोह की गतिविधियों की जांच की जा रही है। जल्द ही आरोपी पुलिस की गिरफ्त में होंगे। - **अभिनव त्यागी**, एसपी सिटी

साजिश के तहत विकास की पत्नी रेखा और राहुल ने सुलह कराने के लिए रुपये की मांग शुरू कर दी। केस से बचने के लिए अकबर अली ने अपनी छोटी बहन मरियम के जेवरात बेतियाहाता के मुथूट फाइनेंस में गिरवी रखकर 4.83 लाख रुपये का गोल्ड लोन लेकर रेखा को दे दिया।

गोल्ड लोन लेने में भी विकास के ही गुर्गों ने मदद की थी। फिर कैंसर पीड़ित पिता असगर के साथ धोखाधड़ी करके उनके खाते से रुपये निकाल लिए। मामले में पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। वहीं, कार्रवाई की भनक लगते ही गैंग के सभी गुर्गे अपने मोबाइल बंद कर भाग गए हैं।

# गोरखपुर में रोहिंग्या मुसलमानों का बन रहा था आधार कार्ड और पासपोर्ट

## रोहिंग्या, बांग्लादेशी व नेपाली पहचान बदलकर ले रहे सरकारी योजनाओं का लाभ

**SHOCKING**

**एटीएस की आजमगढ़ और गोरखपुर समेत कई जिलों में छापेमारी**

**जनसेवा केंद्र संचालक कर रहे थे गड़बड़ी, कई अन्य की तलाश**

**GORAKHPUR (21 Aug):** उत्तर प्रदेश के कई जिलों से लेकर दिल्ली, बिहार व बंगाल समेत अन्य राज्यों में रोहिंग्या व बांग्लादेशियों के जाली आधार कार्ड, पासपोर्ट व अन्य भारतीय दस्तावेज बनाने का बड़ा नेटवर्क पकड़ा गया है. जनसेवा केंद्रों के जरिये घुसपैठियों को धड़ल्ले से कूटरचित आधार कार्ड व अन्य दस्तावेज उपलब्ध कराए जा रहे थे, जिनकी मदद से वे सरकारी योजनाओं का लाभ उठा रहे थे. फर्जी दस्तावेज बनवाने वालों में नेपाली नागरिक भी शामिल हैं. आतंकवाद निरोधक दस्ता (एटीएस) ने आजमगढ़, मऊ, औरैया, गोरखपुर व मऊ समेत अन्य स्थानों पर छापेमारी कर आठ आरोपितों को गिरफ्तार किया है.




### फिर होगी पूछताछ

शुरुआती जांच में एक कूटरचित आधार कार्ड बनाने के लिए तीन से 10 हजार रुपये तक वसूले जाने की बात सामने आई है. आइजी एटीएस पीके गौतम का कहना है कि सभी आरोपितों को पुलिस रिमांड पर लेकर नए सिरे से पूछताछ की जाएगी. आरोपितों के तार रोहिंग्या व बांग्लादेशी नागरिकों की घुसपैठ कराने वाले सिंडीकेट से जुड़े होने की आशंका है. कई बिंदुओं पर गहनता से छानबीन की जा रही है. कुछ अन्य आरोपितों की भी तलाश की जा रही है.

### डेढ़ माह चली जांच

एटीएस ने अंतरराज्यीय गिरोह सक्रिय सदस्य आजमगढ़ के निवासी मुहम्मद नसीम, मुहम्मद शाकिब व विशाल कुमार, मऊ निवासी हिमांशु राय व मृत्युंजय गुप्ता, गाजियाबाद निवासी सलमान अंसारी, औरैया निवासी गौरव कुमार गौतम तथा गोरखपुर निवासी राजीव तिवारी को गिरफ्तार किया है. एटीएस अधिकारियों के अनुसार लगभग डेढ़ माह पूर्व गोपनीय सूचना मिली थी कि आजमगढ़, गोरखपुर, सहारनपुर, मऊ, औरैया के अलावा बंगाल के मुर्शिदाबाद व कोलकाता, बिहार के लखीसराय व कटिहार, दिल्ली व एनसीआर में जनसेवा केंद्र संचालक अवैध ढंग से रोहिंग्या व बांग्लादेशी नागरिकों के अलावा अन्य अपात्रों के सिस्टम को रिमोट पर लेकर फर्जी आधार कार्ड बनाए जा रहे हैं.

### गलत संशोधन भी

छानबीन में सामने आया कि आधार कार्ड में फर्जी ढंग से गलत संशोधन भी किए जा रहे थे. इसके अलावा फर्जी जन्म प्रमाणपत्र, निवास प्रमाणपत्र, शपथ पत्र व अन्य दस्तावेज भी तैयार किए जा रहे थे. गिरोह द्वारा बनाए गए आधार कार्ड की मदद से पासपोर्ट भी बनवाए गए हैं. घुसपैठिये व अपात्र सरकारी योजनाओं का अनुचित लाभ ले रहे हैं. एटीएस ने मामले में 19 अगस्त को मुकदमा दर्ज कर गुरुवार को विभिन्न स्थानों पर छापेमारी की गई. आरोपितों के कब्जे से कई इलेक्ट्रानिक डिवाइस, फिंगर स्कैनर, लैपटाप, मोबाइल फोन, कूटरचित आधार कार्ड व अन्य दस्तावेज बरामद हुए हैं. आंतरिक सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा बन चुके घुसपैठियों के मददगारों को लेकर और गहनता से छानबीन जारी है.



**10** हजार रुपये तक वसूले जाने की बात सामने आई है. आइजी एटीएस पीके गौतम का कहना है कि सभी आरोपितों को पुलिस रिमांड पर लेकर नए सिरे से पूछताछ की जाएगी.

**19** अगस्त को मुकदमा दर्ज कर गुरुवार को विभिन्न स्थानों पर छापेमारी की गई.

BREAKING NEWS

सिटी की ब्रेकिंग न्यूज से रहें रियल टाइम अपडेट

जुड़िए हमारे वाट्सएप चैनल से

Scan करें यह QR code और follow करें हमारा चैनल.



रोडवेज बस चालक की दबंगई. ट्रैफिक पुलिस के सामने ऑटो चालक से मारपीट. ट्रांसपोर्ट नगर के पास सड़क पर रोडवेज बस चालक और ऑटो चालक के बीच मामूली कहासुनी मारपीट में बदल गई. बस चालक ने गुस्से में आकर डंडा उठा लिया और ऑटो चालक पर हमला करने निकल पड़ा. यह पूरा घटनाक्रम ट्रैफिक पुलिस के सामने हुआ. हालांकि बाद में लोगों की विरोध के बाद ट्रैफिक पुलिस भी हरकत में आई और बस ड्राइवर को समझा बुझा कर मामला रफादफा किया

# मास्टरमाइंड कमालुद्दीन की 28 घंटे की पुलिस कस्टडी रिमांड मिली

**FOLLOW UP**

### शाहपुर पुलिस रायबरेली जेल से लाएगी, कार मालिक पर भी कसेगा शिकंजा

1. 26 जुलाई को स्टेडियम जाते समय डाक्टर के पति को अगवा कर मांगी थी फिरौती
2. जेल में है पांच आरोपित, फरार चल रहे दो अन्य पर इनाम घोषित करने की तैयारी

**GORAKHPUR (21 Aug):** अशोक जायसवाल अपहरण कांड की जांच में पुलिस अब नए मोर्चे पर सक्रिय हो गई है. घटना के मास्टरमाइंड कमालुद्दीन की 28 घंटे की पुलिस कस्टडी रिमांड कोर्ट से मंजूर हुई है.शाहपुर थाना पुलिस की टीम रायबरेली जेल से उसे गोरखपुर लाकर गहन पूछताछ करेगी. वहीं इस प्रकरण में प्रयुक्त गाड़ी के मालिक को भी अब मुल्जिम बनाया जाएगा. जिस गाड़ी से अपहत अशोक जायसवाल को बरामद किया गया था, वह आरोपित करुणेश दुबे के परिवार की बताई जा रही है. पुलिस अधिकारियों ने अपराध में प्रयुक्त वाहन को ठोस साक्ष्य मानते हुए उसके मालिक को भी अभियुक्त बनाएगी.

### तीन आरोपितों गिरफ्तार

बस्ती में तैनात डा. सुषमा जायसवाला शाहपुर के पादरी बाजार में रहती हैं. एयरफोर्स से सेवानिवृत्त हुए उनके पति अशोक जायसवाल, घर के निचले तल पर स्थित आयुष्मान अस्पताल का संचालन करते हैं, 26 जुलाई को रेलवे स्टेडियम जाने के दौरान बदमाशों ने अशोक जायसवाल का कौवाबाग अंडरपास से अपहरण कर लिया. एक घंटे बाद डा. सुषमा के मोबाइल फोन पर एक करोड़ रुपये फिरौती मांगी तो स्वजन को घटना की जानकारी हुई. सूचना देने पर हरकत में आयी पुलिस ने 15 घंटे के भीतर अशोक जायसवाल को सकुशल बरामद किया और तीन आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया.

### कार मालिक को अभियुक्त बनाने की तैयारी

पूछताछ में पता चला कि अपहरण की साजिश में सात बदमाश शामिल थे और दो गाड़ियों का इस्तेमाल किया गया था. शुरुआती गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने शेष आरोपितों की तलाश शुरू की. इसी क्रम में मास्टरमाइंड कमालुद्दीन का नाम सामने आया. डीआइजी ने उसकी गिरफ्तारी के लिए 50 हजार रुपये का इनाम घोषित किया तो 29 जुलाई को चकमा देकर उसने रायबरेली कोतवाली में दर्ज हुए मुकदमे में आत्मसमर्पण कर दिया. वहीं शाहपुर पुलिस ने अदालत से कस्टडी रिमांड की अर्जी दी थी. अदालत ने 23 अगस्त को सुबह 10 बजे से अगले दिन दोपहर दो बजे तक की रिमांड को मंजूरी दी है. इस अवधि में पुलिस टीम रायबरेली जेल से कमालुद्दीन को लेकर आएगी और गोरखपुर में उससे पूछताछ कर सुराग तलाशेगी. इसके बाद 28 घंटे की अवधि पूरी होते ही उसे जेल में दाखिल कर दिया जाएगा. जिस कार से अशोक जायसवाल को बरामद किया गया था, वह आरोपित करुणेश दुबे के परिवार की थी. हाल ही में परिवार ने अदालत से उस कार को रिलीज करा लिया था. लेकिन, अब कार मालिक को भी अभियुक्त बनाने की तैयारी चल रही है.

### कमालुद्दीन बताएगा घटना में किसकी क्या थी भूमिका

कमालुद्दीन से पूछताछ में पुलिस यह जानने की कोशिश करेगी कि अशोक जायसवाल को उसने कैसे टारगेट किया और उसके साथियों की भूमिकाएं क्या थीं. यह भी जांच का विषय है कि अपहरण में प्रयुक्त दो गाड़ियों की व्यवस्था कैसे हुई और इसमें और कौन से लोग शामिल थे. पुलिस का मानना है कि कमालुद्दीन से पूछताछ के दौरान इस पूरे अपहरण कांड की परतें खुलेंगी और फरार आरोपितों तक पहुंचने में मदद मिलेगी.

# सुलह न करने पर हिस्ट्रीशीटर ने दी धमकी, जांच में जुटी पुलिस

**GORAKHPUR (21 Aug):** पीपीगंज के मंझरिया गांव में भूमि विवाद के एक मामले में हिस्ट्रीशीटर ने सुलह न करने पर दुर्गा प्रसाद जायसवाल को धमकी दी है. उन्होंने पीपीगंज थाने में तहरीर देकर सुरक्षा की मांग की है. आरोप है कि ढाई करोड़ रुपये के फर्जीवाड़े में नामजद आरोपितों के पक्ष में वह दबाव बना रहा है. पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. मंझरिया के रहने वाले दुर्गा प्रसाद ने बताया कि गांव में उनकी एक एकड़ भूमि है. गांव के सबीर अहमद और कासिफ ने उस भूमि को अपना बताकर दस रुपये के स्टांप पर कई लोगों को बेच दिया और करीब ढाई करोड़ रुपये लेकर फरार हो गए. इस मामले में मुकदमा भी दर्ज है. पुलिस आरोपितों की तलाश में जुटी है.




दुर्गा प्रसाद का आरोप है कि वह भूमि पर चहारदीवारी करा रहे थे, तभी थाने के एक हिस्ट्रीशीटर ने फोन कर उनके मजदूरों को धमकाया. आरोपितों के पक्ष में सुलह करने का दबाव बनाने लगा. थाना प्रभारी पीपीगंज प्रभु दयाल सिंह ने बताया कि तहरीर मिलने के बाद जांच कर विधिक कार्रवाई की जा रही है.

# हार्बर्ट बंधे पर भूमि विवाद में चले ईंट-पत्थर, पांच घायल

**इंटरनेट मीडिया पर वीडियो प्रसारित, दोनो पक्ष ने दी तहरीर**

**निर्माण कार्य के दौरान हुआ विवाद, कुछ देर बाधित रहा आवागमन**

**GORAKHPUR (21 Aug):** हांसूपुर स्थित हार्बर्ट बंधे पर गुरुवार की दोपहर भूमि विवाद को लेकर दो पक्ष आमने-सामने हो गए. पहले गाली-गलौज और धक्का-मुक्की हुई, फिर देखते ही देखते मामला मारपीट और पत्थरबाजी तक पहुंच गया. दोनों ओर से जमकर ईंट-पत्थर चलने से अफरातफरी का माहौल बन गया. सड़क पर भगदड़ मच गई, जिसमें पांच लोग घायल हो गए. इस पूरे घटनाक्रम का वीडियो इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित हो रहा है. दोनों पक्ष ने राजघाट थाना पुलिस को तहरीर दी है.

### दोनों पक्षों पर केस

गुरुवार दोपहर करीब 2:30 बजे पन्नेलाल यादव अपने स्वजन राम बचन यादव, प्रिंस यादव और गुल्लू यादव के साथ भूमि पर निर्माण कार्य करा रहे थे. इसी दौरान भज्जू यादव अपने सहयोगी राकेश यादव, सजानंद यादव, सचिन यादव, भोला, शिवम यादव और करीब 50 अन्य लोगों के साथ वहां पहुंच गए. आरोप है कि उसने निर्माण का विरोध करते हुए गाली-गलौज शुरू कर दी. कुछ ही देर में मामला हाथापाई तक पहुंचा और उसके बाद पथराव शुरू हो गया. घटना के बाद सड़क पर कुछ देर के लिए यातायात बाधित हो गया. घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से अस्पताल भिजवाया गया. वहीं, पुलिस ने मौके पर पहुंचकर हालात को नियंत्रित किया और दोनों पक्षों को समझाने की कोशिश की.

कार्यालय न



# भगवान! आप ही ध्यान दें, इन संकरी गलियों में ना लगे आग



**i ALERT**

**राजघाट एरिया के एक घर में शार्ट सर्किट से अचानक लगी आग तो मच गई अफरा-तफरी**

**घटना की जानकारी के बाद फायर ब्रिगेड की टीम पहुंची, एक घंटे बाद आग पर पाया काबू**

gorakhpur@inext.co.in

**GORAKHPUR (21 Aug):** राजघाट थाना एरिया के घंटाघर स्थित एक घर में गुरुवार दोपहर में आग लग गई. इसके बाद शोर मचाते हुए परिवार के लोग घर से बाहर निकल आए. आस-पास के लोगों ने फायर ब्रिगेड को आग लगने की सूचना दी. इसके बाद फायर ब्रिगेड की टीम पहुंची. इसके बाद आग बुझाने में जुट गई. एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया. घनी आबादी में घर होने की वजह से फायर ब्रिगेड की टीम को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा.



### तार से निकली चिंगारी

राजघाट थाना क्षेत्र के घंटाघर इलाके के हाल्सीगंज में प्रहलाद मोदनवाल अपने परिवार के साथ रहते हैं. दो मंजिला मकान में नीचे जनरल स्टोर की दुकान चलाते हैं और परिवार के साथ फर्स्ट फ्लोर पर रहते हैं. प्रहलाद ने बताया कि गुरुवार दोपहर करीब 12:30 बजे अचानक बिजली के तार से चिंगारी निकली. इसके बाद घर में आग लग गई. पहले आग बुझाने की कोशिश की. लेकिन आग बढ़ती जा रही थी. तब जान बचाने के लिए परिवार समेत घर से बाहर सड़क की तरफ भागे.

### एक घंटे में पाया काबू

घर से धुआं उठता देख प्रहलाद मोदनवाल के घर के पास भीड़ जमा हो गई. सभी लोग अपने स्तर से आग बुझाने का प्रयास करने लगे. तभी सूचना पर फायर ब्रिगेड की दो गाड़ियों के साथ फायर टीम पहुंच गई. करीब एक घंटे तक मशक्कत करने के बाद आग पर काबू पाया. प्रहलाद यादव ने बताया कि घर का कीमती सामना जलकर राख हो गया. दुकान का सामान सुरक्षित बच गया है.

**"फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर पहुंची थीं. आग पर करीब एक घंटे में काबू पाया गया. एक भी जनहानि नहीं हुई है. राजघाट थाने की पुलिस भी इस दौरान वहां मौजूद रही.**

**शांतनू कुमार यादव, फायर स्टेशन ऑफिसर**



**01** दो मंजिला मकान में नीचे जनरल स्टोर की दुकान चलाते हैं और परिवार के साथ फर्स्ट फ्लोर पर रहते हैं.

**02** आस-पास के लोगों ने फायर ब्रिगेड को आग लगने की सूचना दी. इसके बाद फायर ब्रिगेड की टीम पहुंची.

### टीम को करनी पड़ी मशक्कत

सिर्फ एक घंटे की मामूली सी आग से घंटाघर में गुरुवार को सबकी सांसें टंग गई थी. दैनिक जागरण आईनेक्स्ट की टीम यहां हालात का जायजा लेने पहुंची. जो सीन देखने को मिला, आग लगने से चारों तरफ अफरा-तफरी मच गई. हालांकि आग से बड़े पैमाने पर नुकसान नहीं हुआ. फायर ब्रिगेड की टीम ने एक घंटे के अंदर आग पर काबू पाया लिया. हालांकि इस दौरान टीम को काफी मशक्कत का सामना करना पड़ा. मार्केट में आग से निपटने के लिए प्रापर इंतजाम नहीं मिले. वहीं इस एरिया में पॉपुलेशन डेंसिटी इतनी ज्यादा है कि यहां तक दमकल की गाड़ियां भी नहीं पहुंच सकेंगी.

### जान बचाने का रास्ता नहीं

- मार्केट में हर तरफ भीड़ रहती है. कई जगहों पैदल निकला काफी मुश्किल होता है.
- ऐसी जगहों से साइकिल, रिक्शा, ठेला निकालने की कोशिश होती है
- दुकानों पर ग्राहकों की भीड़, कर्मचारियों का रेला और संकरी गलियां बड़ा हादसा होने पर मुसीबत का सबब बन सकती हैं.
- घनी आबादी में दुकानें हैं. सभी दुकानों का गोदाम भी बना है.
- छोटी-बड़ी दुकानों पर कितने लोग काम करते हैं. इसका कोई अंदाजा नहीं.
- गलियों में पैदल चलने की जगह नहीं बचती हैं. खाली जगहों पर व्हीकल खड़े होते हैं.
- दुकान से लेकर बाहर तक सामान फैला रहता है
- रिक्शा, दोनों तरफ से बाइक और साइकिल, ठेले की आवाजाही से जाम लगता है

### सुरक्षा इंतजाम जीरो

- मार्केट में असुरक्षित ढंग से बड़े-बड़े गोदाम बनाए गए हैं. सुरक्षा के इंतजाम नहीं हैं.
- आग बुझाने बड़ी दुकानों पर लगे हाइड्रेंट तक गाड़ियों के जाने का रास्ता तक नहीं हैं.
- दुकानों पर फायर इंस्टीग्यूशर की संख्या काफी कम हैं.

### पैदल चलना मुश्किल

- घंटाघर से पांडेयहाता रोड
- घंटाघर से हॉल्सीगंज मोहल्ला रोड
- घंटाघर से रायगंज-अलहदादपुर मोहल्ला रोड
- घंटाघर से रेती चौक

पूर्वोत्तर रेलवे
शुद्धि पत्र

# चाकू से हमला कर तीन को किया घायल, एक गंभीर

**गोरखपुर (एसएनबी)।** मुर्गा काटने वाले से किसी बात को लेकर हुई कहासुनी के बाद क्षुब्ध युवक चाकू लेकर दौड़ा लिया। मुर्गा काटने वाला किसी तरह से भागा तभी शोर सुनकर बीच-बचाव

- बैग सिलाई करने वाला तथा उसके बेटा-बेटी बीच-बचाव करने पहुंचे तो ध्रुप ने चाकू मारकर किया घायल
- चाकूबाजी की घटना से राप्तीनगर उत्तर टोला अंबेडकर स्कूल के पास मची अफरा-तफरी
- घायलों को शाहपुर पुलिस ने इलाज के लिए भिजवाया मेडिकल कालेज

करने के लिए बैग की सिलाई करने वाला आ गया। उसकी बेटी और बेटा वहीं मौजूद थे। इसके बाद चाकू चलाने वाले ने तीनों को घायल कर दिया। घटना शाहपुर थाना क्षेत्र के राप्तीनगर उत्तर टोला अंबेडकर स्कूल के पास की है।

अंबेडकर स्कूल के पास समीर कुरैशी नामक व्यक्ति मुर्गा काटता है। गुरूवार की रात 9 बजे उत्तर टोला का ही रहने वाला ध्रुप पुत्र दुल्लाज जा पहुंचा। वहां मुर्गा काटने वाले से उसकी किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। इसके ध्रुप अचानक ही मुर्गा काटने वाला चाकू उठा लिया। तेवर देख मुर्गा काटने वाला समीर कूदभर भाग चला। पीछे से चाकू लहराते हुए ध्रुप ने उसे दौड़ा लिया। तभी बगल में बैग की सिलाई करने वाला कन्हैया लाल, उसकी पुत्री शिवांगी व पुत्र शिवम आकर बीच-बचाव करने लगे। तभी तीनों को चाकू लग गया और वे लहूलुहान हो गए। इसके बाद हमला करने वाले को लोगों ने पकड़ लिया और घटना की जानकारी शाहपुर पुलिस को दी। मौके पर पहुंचे थाना प्रभारी नीरज कुमार राय ने तीनों घायलों को मेडिकल कालेज पहुंचाया, जहां उनका इलाज चल रहा है। आरोपी को थाने भिजवा दिया। वैसे यह भी कहा जा रहा है कि बैग की सिलाई की दुकान चलाने वाले कन्हैया लाल मूलरूप से बस्ती जनपद के बनकटी के निवासी की हालत गंभीर बतायी जा रही है।



घटना में घायल शिवम, शिवांगी व पिता कन्हैयालाल।

# एटीएस ने चौरीचौरा में मारा छापा

**गोरखपुर (एसएनबी)।** चौरीचौरा क्षेत्र में एटीएस टीम ने गुरुवार को एक मकान में छापेमारी की। लगभग तीन घंटे तक घर की तलाशी ली। 25 आधारकार्ड व अन्य संदिग्ध वस्तुएं मिली हैं। टीम ने मकान में मौजूद रहे सदस्यों से पूछताछ भी की। राजू तिवारी नामक एक व्यक्ति को एटीएस टीम अपने साथ ले गई।

एसटीएस की टीम दो चार पहिया वाहनों से चौरीचौरा क्षेत्र के चौरी खास गांव में दोपहर में लगभग 1 बजे पहुंची। **फुटहवा ईनार प्रतिनिधि** के अनुसार गांव मे कुछ समय के लिए अफरा-तफरी मच गई। टीम लगभग तीन घंटे तक एक मकान में रही और छानबीन की। बताया जाता रहा है कि इस दौरान 25 आधार कार्ड के अलावा कई संदिग्ध वस्तुएं भी मिली हैं जिसको टीम ने जब्त कर लिया। लैपटाप भी मिला है और कुछ जरूरी दस्तावेज भी। इसके बाद राजू तिवारी नाम के व्यक्ति को साथ लेकर एटीएस टीम निकल गई। राजू के बारे में बताया जा रहा है कि वह पहले चौरीचौरा में किराए की दुकान लेकर आधार कार्ड बनाने का काम करता था। कुछ माह पहले उसने अपनी दुकान बंद कर दी। इसके बाद वह चोरी- चुपके आधार कार्ड बनाने लगा। संदिग्ध गतिविधियों में लिप्त पाए जाने पर एटीएस ने उसे घर से हिरासत में ले लिया। इसके बाद पूछताछ कर साथ लखनऊ लेकर निकल गई। एटीएस टीम दो गाड़ियों से आई थी। इसके अलावा बाइक से भी एटीएस टीम के कई सदस्य छापा मारने पहुंचे थे।

- राजू तिवारी नामक व्यक्ति को साथ ले गई एटीएस, 25 आधार कार्ड व अन्य संदिग्ध वस्तुएं हुई बरामद

# शार्ट-सर्किट से लगी मकान में आग, अफरा-तफरी

**गोरखपुर (एसएनबी)।** शार्ट-सर्किट से राजघाट क्षेत्र के हाल्सीगंज मुहल्ले में एक डबल स्टोरी मकान में आग लग गई। आग लगने को लेकर अफरा-तफरी मच गई और इस बीच फर्स्ट फ्लोर पर रहने वाला परिवार सुरक्षित निकल गया। फायर ब्रिगेड को संकरा रास्ता होने के कारण आग बुझाने में सवा घंटे का समय लगा। फायर ब्रिगेड की दो गाड़ियां लगी रहीं।



बन्धु सिंह पार्क के निकट हाल्सीगंज में लगी आग को बुझाते दमकल कर्मी।

हाल्सीगंज मुहल्ला निवासी प्रह्लाद मोदनवाल का दो मंजिला मकान है। नीचे किराने की दुकान मोदनवाल चलाते हैं और फर्स्ट फ्लोर पर सपरिवार रहते हैं। गुरूवार की दोपहर 12.30 बजे के करीब शार्ट-सर्किट से अचानक मकान में आग पकड़ लिया। देखते ही देखते आग भयावह रूप अख्तियार कर लिया हालांकि जागरूक लोगों ने मुकामी पुलिस को जानकारी दे दी। फायर ब्रिगेड की दो गाड़ियां भी मौके पर जा पहुंची और जवानों ने आग बुझाने का काम शुरू कर

- हाल्सीगंज मुहल्ले के संकरे रास्ते में जाकर आग बुझाने में फायर ब्रिगेड के जवानों को लगे सवा घंटे का समय
- जाम की स्थिति बनी रही, आवागमन रहा प्रभावित

दिया। आग बुझाने में लगभग सवा घंटे का समय लगा।

बताया जाता है कि लाखों रुपये का नुकसान भी आग लगने के कारण हुआ है। वैसे मकान के आगे भीड़ जमा रही और आवागमन लगभग प्रभावित रहा।

## धोखाधड़ी कर एकाउंट में ट्रांसफर कराया एक लाख रुपए

**बड़हलगंज (एसएनबी )।** नौकरी दिलाने के नाम पर धोखाधड़ी कर फोन पे व एकाउंट मे 01 लाख रुपए ट्रांसफर कराने के मामले में बड़हलगंज कोतवाली में पीड़ित द्वारा तहरीर दी गयी है। पीड़ित आशीष कुमार श्रीवास्तव निवासी मोहम्मद गोती, थाना सुल्तानपुर घोस्ट, जिला फतेहपुर ने पुलिस को दिये तहरीर मे कहा है कि बड़हलगंज थाना क्षेत्र के चैनपुर गांव निवासी रोहित निषाद मेरे सम्पर्क में था। वह पुलिस वर्दी में अपने को बिहार पुलिस बताते हुए नौकरी दिलाने के नाम पर फोन पे पर अपने भाई राहुल निषाद के खाते मे 77000 हजार व 23 हजार एकाउंट मे ट्रांसफर करा लिया। किन्तु न तो नौकरी दिला रहा और न ही पैसा वापस कर रहा है। पैसा मांगने पर देने से इंकार कर रहा है। कोतवाली प्रभारी चंद्रभान सिंह ने कहा कि मामला संज्ञान मे आया है। जांच की जा रही है। जांचोपरांत मुकदमा दर्ज कर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## हत्या के प्रयास का आरोपित गिरफ्तार

**टीपी नगर (एसएनबी)।** राजघाट पुलिस ने हत्या के प्रयास में आरोपित एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर उसे कोर्ट में पेश किया जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में लेकर जेल भेज दिया गया। पूछताछ में आरोपित ने अपना नाम हिमांशु उर्फ शिवांशु वर्मा पुत्र मुराली वर्मा उर्फ मुरारी प्रसाद निवासी बसन्तपुर तकिया थाना राजघाट जनपद गोरखपुर बताया। आरोपित अभियुक्त के विरूद्ध राजघाट थाना पर धारा 147,148,149, 323, 504, 506, 427, 336, 455, 307 भादवि0 व 7 सीएलए एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज था। गुडवर्क टीम में एसआई उमाशंकर कन्नौजिया, एसआई विकास कुमार एवं कांस्टेबल दिशू राय थाना राजघाट शामिल रहे।

## दम्पति ने मां और उसकी बेटियों को पीटा, केस

**हरपुर-बुदहट (एसएनबी)।** थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत चरनाद निवासी जितेन्द्र पांडेय पुत्र स्व हरीराम पांडेय की तहरीर पर पुलिस ने महेन्द्र पाण्डेय पुत्र स्व हरीराम पांडेय और पत्नी बिन्दु पांडेय के खिलाफ बीएनएस की धारा 115( 2), 352,351(3) के तहत केस दर्ज कर मामले की जांच में जुटी हुई है।

थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत चरनाद निवासी जितेन्द्र पांडेय पुत्र स्व हरीराम पांडेय ने थाना पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बुधवार को मैं खलीलाबाद संतकबीरनगर किसी काम से गया हुआ था। शाम 4 बजे के करीब जब मैं घर वापस आया तो हमारी पत्नी मनोरमा मुझसे रो -रो कर कहने लगी कि महेन्द्र पाण्डेय पुत्र स्व हरीराम पांडेय अपने पत्नी बिन्दु पांडेय के साथ मिलकर मुझे और बेटी निधि और शिवांगी को गालियां देते हुए मारपीट कर धकेल दिए, जिससे हम लोगों को काफी चोट लगी है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मुझ घायलों को अस्पताल भिजवाया। इस संदर्भ में थानाध्यक्ष मदन मोहन मिश्र ने बताया कि जितेन्द्र पांडेय की तहरीर पर पति -पत्नी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

## गैंगस्टर के जुर्म में दो साल की कैद

**गोरखपुर (एसएनबी)।** गैंगस्टर का जुर्म सिद्ध पाए जाने पर विशेष न्यायाधीश गैंगस्टर एक्ट गोविंद मोहन ने बस्ती जिले के वार्ड नम्बर छः मोतीनगर लिटिल फ्लावर स्कूल के पीछे नगर पंचायत हरैया निवासी अभियुक्त



सूरज पाल उर्फ चिनगुद को दो साल सात माह 16 दिन के कारावास एवं पांच हजार रुपए अर्थदंड से दण्डित किया है। अर्थदंड न देने पर अभियुक्त को 15 दिन का कारावास अलग से भुगतना होगा। अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक घनश्याम सिंह एवं अखिलेश शुक्ल का कहना था कि अभियुक्त अपने गिरोह के साथ मिलकर आर्थिक लाभ के लिए जनता में भय व्याप्त कर हत्या व लूट जैसे जघन्य अपराध कारित करता है।

# एशियन फर्टिलाइजर की जांच करने पहुंची टीम

**फुटहवा ईनार(एसएनबी)**। चौरी चौरा क्षेत्र के ग्राम सभा देवकहिया स्थित एशियन फर्टिलाइजर से दूपित गैस रिसाव की घटना के बाद ग्रामीणों की शिकायत के बाद जिलाधिकारी द्वारा गठित तीन सदस्यीय टीम एशियन फर्टिलाइजर फैक्ट्री पहुंचकर करीब एक घण्टे तक जांच किया। एशियन फर्टिलाइजर की जांच टीम ने बताया कि जांच रिपोर्ट डीएम को सौंपी जाएगी।

> ■ एशियन फर्टिलाइज में एसिड का दूषित गैस रिसाव होने से आसपास के 14 बच्चे हो गये थे बीमार

मिली जानकारी के अनुसार क्षेत्र के देवकहिया स्थित एशियन फर्टिलाइजर में विगत अगस्त की दोपहर को एसिड का दूपित गैस रिसाव होने के कारण आस पास के 14 बच्चे बीमार हो गए थे। घटना के बाद ग्रामीण आक्रोशित होकर मामले की शिकायत एसडीएम चौरीचौरा से किया था।घटना की सूचना पाकर तत्काल मौके पर पहुंचे एसडीएम ने ग्रामीणों की शिकायत पर एशियन फर्टिलाइजर फैक्ट्री के गैस प्लांट संचालन को बन्द करा दिया था। दूपित गैस के रिसाव से बीमार सभी बच्चों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र करमहा सरदार नगर पर ईलाज के लिए भेजा गया। डक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद सभी बच्चों को उसके परिजनों के साथ छुट्टी कर घर भेज दिया। ग्रामीणों की शिकायत पर एसडीएम ने घटना की एक रिपोर्ट जिलाधिकारी को भेजा था। एसडीएम चौरी चौरा की रिपोर्ट पर जिलाधिकारी ने एशियन फर्टिलाइजर की जांच के लिए एडीएम प्रशासन सहदेव कुमार मिश्र के नेतृत्व में तीन सदस्यीय जांच टीम गठित कर एक सप्ताह में जांच रिपोर्ट देने के लिए निर्देशित किए। डीएम के निर्देश पर गुरुवार को तीन सदस्यीय जांच टीम एशियन फर्टिलाइजर फैक्ट्री पहुंची। एडीएम प्रशासन के नेतृत्व में जांच टीम में शामिल एडी फैक्ट्री और क्षेत्रीय प्रदूपण नियंत्रण अधिकारी फैक्ट्री की बारीकी से निरीक्षण कर एक एक बिंदु की जांच पड़ताल किया। जांच टीम करीब एक घण्टे तक फैक्ट्री के अन्दर जांच करने के बाद वापस लौट गई। जांच टीम के आने की सूचना पर देवकहिया के सैकड़ों ग्रामीण फैक्ट्री गेट पर जमा हो गए और फैक्ट्री को पूर्ण रूप से बन्द करने की मांग करने लगे। जांच टीम से ग्राम प्रधान ने बातचीत किया तो अधिकारियों ने बताया कि जांच रिपोर्ट जिलाधिकारी को सौंपा जाएगा। जिलाधिकारी अपने स्तर से जो भी आदेश जारी करेंगे,उसका पालन कराई जाएगी।



## पति व सास पर केस

**गोरखपुर (एसएनबी)**। महिला ने अपने पति पर चाकू सटाकर अप्राकृतिक संबंध बनाने के प्रयास के अलावा सास के खिलाफ भी चिलुआताल थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।तीन बच्चों की मां ने आरोप पति पर मढ़ा है कि वह नशे में अक्सर उसको प्रताड़ित करता था। **चिलुआताल प्रतिनिधि** के अनुसार तहरीर में महिला ने लिखा है कि नशे में पति मारता-पीटता है और आंख फोड़ने का भी प्रयास किया। शादी छह साल पहले हुई थी। यहां यह भी बता दें कि इसके पहले भी प्रताड़ना को लेकर महिला ने शिकायत की थी। कोर्ट में मध्यस्थता केंद्र में सुलह हुआ था। तब यह आश्वासन महिला को दिया गया था कि अब प्रताड़ित नहीं किया जाएगा। तब महिला अपने ससुराल जाने को तैयार हुई। एक माह तक तो सब कुछ ठीक चला लेकिन उसके बाद 17 अगस्त को पति शराब के नशे में आया। पत्नी के गले पर चाकू लगाकर अप्राकृतिक संबंध बनाने की कोशिश की।

## हत्या के प्रयास में वांछित गिरफ्तार, चाकू बरामद



**गोरखपुर (एसएनबी)**। हत्या के प्रयास में वांछित चल रहे अभियुक्त को बांसगांव पुलिस ने बरामद कर घटना में प्रयुक्त चाकू बरामद किये जाने का दावा किया है। **बांसगांव प्रतिनिधि** के अनुसार पूछताछ में अभियुक्त ने अपना नाम रामनरायण हरिजन पुत्र स्व. श्यामा हरिजन निवासी ग्राम व पोस्ट तौयर थाना बासंगांव जनपद गोरखपुर बताया। पुलिस आरोपित को धारा 77, 352, 351(3), 109 बीएनएस व 4/25 आर्म्स एक्ट के तहत कोर्ट में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया। गुडवर्क टीम में एसआई सुभाप चन्द्र पाण्डेय, आरक्षी विजय कुमार पासवान, आरक्षी रामसागर, आरक्षी संदीप यादव, आरक्षी संजीव कुमार सिंह थाना बांसगांव जनपद गोरखपुर बताया।

# मकान में शॉर्ट सर्किट से लगी आग

## घंटाघर

**गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता।** राजघाट थाना क्षेत्र के घंटाघर में एक मकान में गुरुवार की दोपहर शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। इससे वहां अफरा-तफरी मच गई। शोर मचाते हुए परिवार के लोग घर से बाहर निकल आए। आसपास के लोगों ने फायर ब्रिगेड को सूचना दी। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने करीब एक घंटे में आग पर काबू पा लिया।

हाल्सीगंज में प्रहलाद अपने परिवार के साथ रहते हैं। दो मंजिला मकान में नीचे जनरल स्टोर की उनकी दुकान है और परिवार के साथ पहली मंजिल पर रहते हैं। प्रहलाद ने बताया कि गुरुवार की दोपहर करीब 12:30 बजे अचानक बिजली के तार से चिंगारी निकली और घर में आग लग गई। पहले आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन आग बढ़ती जा रही थी। तब जान बचाने के लिए वह परिवार समेत घर से बाहर सड़क की तरफ भागे। मकान से धुआं उठता देख आसपास के लोगों की भीड़ जुट गई और आग बुझाने का प्रयास करने लगी। वहीं सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम को घनी आबादी में घर होने की वजह से आग पर काबू पाने में परेशानी का सामना करना पड़ा।

पीड़ित प्रहलाद ने बताया कि घर का कीमती सामना जलकर राख हो गया। दुकान का सामान सुरक्षित बच गया है। फायर स्टेशन ऑफिसर शांतनु कुमार यादव ने बताया कि मौके पर दो गाड़ियां पहुंची थीं। आग पर करीब एक घंटे में काबू पाया गया। एक भी जनहानि नहीं हुई है। राजघाट थाने की पुलिस भी इस दौरान वहां मौजूद रही।



घंटाघर स्थित मकान में लगी आग से पूरा सामान जलकर राख हो गया। • हिन्दुस्तान

# DEORIA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-22-08-2025

# विदेश भेजने के नाम पर युवकों से ठगी का आरोप, जांच में जुटी पुलिस

संवाद न्यूज एजेंसी

**सलेमपुर कोतवाली क्षेत्र के बलुआपार गांव का मामला**

**सलेमपुर।** कोतवाली क्षेत्र के बलुआपार गांव निवासी एक युवक ने बृहस्पतिवार को कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर विदेश भेजने के नाम पर कुछ लोगों पर ठगी करने का आरोप लगाया है। मामला को गंभीरता से लेते हुए कोतवाली पुलिस ने जांच शुरू कर दी। हालांकि इस मामले में कुछ दिन पूर्व पुलिस लार थाना क्षेत्र के दो युवकों को हिरासत में लेकर पूछताछ की थी।

कोतवाली क्षेत्र के बलुआपार गांव निवासी अहमद अली पुत्र से रावजी ने तहरीर मे बताया है कि हमारे गांव के मोड़ से कुछ दूरी पर बिहार के एक व्यक्ति द्वारा फर्जी तरीके से विदेश भेजने का कार्यालय बनाकर बेरोजगार युवकों को ठग रहा है। 12 अगस्त को औरंगाबाद मोड के एक पहले हाउस पर विदेश भेजने के नाम पर इंटरव्यू लिया और उसके बाद निजामाबाद स्थित अपने कार्यालय पर बुलाकर 15 हजार नगद लिया और पासपोर्ट जमा करा लिया।

जब हम लोगों को जालसाजी का शक हुआ तो विरोध किया जिस पर मेरा पासपोर्ट दूसरे के हाथों नवलपुर चौराहे पर भिजवा दिया लेकिन रुपया वापस नहीं किया। कोतवाल सुनील कुमार पटेल ने बताया कि मामले की पुलिस जांच कर रही है।

# नोनापार में चोरी की सूचना से हड़कंप, जांच में संदिग्ध मिला मामला

**भटनी।** नोनापार गांव के फुलवरिया टोले में बुधवार की रात कथित चोरी की सूचना से हड़कंप मच गया। बताया गया कि छत के रास्ते घर में घुसे चोर नकदी, आभूषण व अन्य कीमती सामान लेकर फरार हो गए। वृहस्पतिवार सुबह पीड़ित रामप्रवेश पटेल ने इसकी सूचना पुलिस को दी।

सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन शुरू की। जांच के दौरान पुलिस को पूरे प्रकरण में कई बिंदु संदिग्ध लगे। पुलिस का कहना है कि घटना में बताए गए तथ्यों और मौके की स्थिति में मेल नहीं बैठ रहा है। शक के आधार पर पुलिस ने पीड़ित परिवार के एक युवक समेत पांच युवकों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। पुलिस की जांच में अपनों के नाम आने के बाद पीड़ित परिवार हैरान है। उन्होंने ने मामले में अभी तक कोई तहरीर भी नहीं दी है। एक ओर जहां सुबह चोरी की घटना से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। डरे -सहमे लोग पुलिस से गश्त बढ़ाने की मांग कर रहे थे, वहीं अब चोरी की घटना में अपनों के शामिल होने की चर्चा पर लोग तरह -तरह की बातें कर रहे हैं।

## रामप्रवेश पटेल ने पुलिस से की थी शिकायत

पुलिस के अनुसार, भटनी के नोनापार गांव के टोला फुलवरिया में बुधवार की रात चोरी होने की सूचना मिली। वृहस्पतिवार सुबह पुलिस मौके पर पहुंची तो हर जगह सामान बिखरे पड़े थे और दरवाजे, आलमारी व बाक्स के ताले भी तोड़े गए थे। सूचना पर उच्चाधिकारियों ने मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने को बोला, लेकिन प्रभारी निरीक्षक व देवरिया से पहुंची टीम की प्राथमिक जांच में दरवाजे व आलमारी के टूटे ताले संदिग्ध मिले और किसी तरह की जबरन प्रवेश की पुष्टि नहीं हुई।

पुलिस सूत्रों की मानें तो चोरी वाले घर का एक युवक बुधवार की रात दोस्तों के साथ मिलकर पार्टी किया। उसके बाद सभी छत पर सो गए। पुलिस का दावा है कि छत पर सोने वाले युवक ही चोरी की वारदात को अंजाम दिए। ऐसे में पुलिस पांचों युवकों को हिरासत में लेकर उनसे पूछताछ कर रही है। संवाद

# पुलिस ने युवती को किया बरामद

संवाद न्यूज एजेंसी

**बरहज।** मदनपुर पुलिस ने बृहस्पतिवार को कदमहीं वार्ड नंबर चार स्थित एक दूसरे पक्ष के परिवार के घर पर दबिश दिया। जहां से एक युवती को बरामद करते हुए एक युवक को हिरासत में लेकर थाने लाई। जिससे पूछताछ किया जा रहा है। युवती के परिजन आरोप लगा रहे थे कि पुत्री से शादी कर युवक उसका धर्म परिवर्तन कराने की फिराक में था। वार्ड में पुलिसिया कार्रवाई से खलबली रही।

मदनपुर पुलिस ने एक युवती के पिता की शिकायत पर कस्बा के कदमहीं वार्ड नंबर चार निवासी एक युवक के घर पर दबिश दिया। बताया जा रहा है कि पुलिस ने घर के अंदर से एक युवती को बरामद करने के साथ युवक को हिरासत में

## कदमहीं वार्ड में छापेमारी से मचा हड़कंप, कार्रवाई में जुटी पुलिस

लेकर थाने लाई। मोहल्ले में भारी संख्या में पुलिस बल देख अगल-बगल के लोगों की भीड़ भी जमा हो गई। थाने पहुंचे युवती के परिजन जोर-जोर से युवक पर आरोप लगा रहे थे। लोगों के अनुसार पिछले एक वर्ष से युवक की बहन का युवती के घर आना-जाना था। जिससे युवक भी उसके घर आने-जाने लगा। आरोप है कि इसी बीच युवक, युवती को अपने प्रेमजाल में फंसाकर झांसे में लेते हुए घर में छिपाए हुए था।

इंस्पेक्टर अनिल कुमार ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। कार्रवाई किया जाएगा।

### शराब तस्करी में पूर्वांचल की युवा पीढ़ी को झोंक रहे तस्कर, बिहार के अलग-अलग जेलों में बंद है

# बेरोजगार नौजवानों के जरिये शराब की खेप बिहार

मोहित शुक्ल • जागरण

भाटपाररानी: बिहार में शराबबंदी जनपद के सीमावर्ती क्षेत्र के लोगों के लिए तस्करी की भूमि और उर्वरा देने लगी है। हरियाणा और सूबे के तस्कर गांव के युवकों को रुपये का लालच देकर इस धंधे में झोंक दे रहे हैं। सीमावर्ती गांवों में शराब को स्टोर करवाते हैं और बेरोजगार नौजवानों के माध्यम से बाइक और साइकिल द्वारा शराब की खेप बिहार में पहुंचवाते हैं। शराब तस्करी के आरोप में यूपी के दर्जनों युवक बिहार के गोपालगंज, सिवान सहित अलग-अलग जेलों में बंद हैं। उत्तर प्रदेश-बिहार सीमा पर आए दिन पकड़ी जा रही शराब की खेप दावे को पुख्ता कर रही है।

भाटपाररानी का सर्किल क्षेत्र बिहार में शराबबंदी की घोषणा होने के बाद शराब तस्करों का हब बन गया है। यहां की शराब बिहार में निर्धारित मूल्य से अधिक मूल्य लेकर बेची जा रही है। इस धंधे में क्षेत्र के कई गांव के युवक भी शामिल है।

क्षेत्र के भिंगारी बाजार, घांटी, भवानीछापर व प्रतापपुर में पुलिस चौकी स्थापित की गई है। सीमा पर बनी चौकियां पर सिपाहियों समेत एक एसआई की तैनाती होने के बावजूद भी तस्कर अपने कारोबार को बेखौफ होकर अंजाम दे रहे हैं। क्षेत्र के कुकुर घाटी, नंदपुर मार्ग, भिंगारी भोरे मार्ग, भिंगारी बिरमा पट्टी मार्ग, चकिया रामपुर बुजुर्ग मार्ग, भवानी छापर जैतपुरा मार्ग, प्रतापपुर चीनी मार्ग, बनकटा जगदीश से मैदानिया मार्ग, बनकटा मैरव रामपुर बुजुर्ग मैरव पंडितपुरा मार्ग, जैतपु आदि के रास्ते शराब आसान हैं। इन गांवों



प्रतापपुर बार्डर पर बोरे में शराब रख बिहार के लिए जाता युवक • जागरण

### निलंबन की कार्रवाई के बाद भी तस्करी पर अंकुश नहीं

2018 से अब तक कई दारोगा व सिपाहियों पर शराब तस्करी में लिप्त पाए जाने लाइनहाजिर व निलंबित की कार्रवाई की जा चुकी है। भनक लगने पर उस समय के तत्कालीन पुलिस अधीक्षक देवरिया द्वारा जांच पड़ताल कर शराब तस्करी के मामले में संलिप्त पाए जाने पर तत्कालीन खामपार के एसओ को निलंबित किया था। इसके बाद जिले के पुलिस महकमे में खलबली मच गई थी। लेकिन शराब तस्करी पर लगाम नहीं लग सकी।

### जल्द अमीर बन

शराब तस्करों में यु
युवा ही तस्करी करते
अमीर बनने की चाह
करने में युवाओं में क
का तरीका बदल दे र

बिहार सीमा पर
बिहार सीमा के
गया है। पुलिस की सत
तस्करी में संलिप्त लोग
-सुनील कुमार सिंह,

# युवक की गला दबाकर हत्या का प्रयास

जागरण संवाददाता, लारः ससुराल आया व्यक्ति चनुकी जाने वाली सड़क के किनारे अचेता अवस्था में गुरुवार को मिला। इसकी सूचना लोगों ने पुलिस को दी। मौके पर पहुंची सामाजिक कार्यकर्ता सुनीता राजभर ने उसे उपचार के मेडिकल कालेज पहुंचाया। जहां उसका उपचार चल रहा है। घटना का कारण ससुराल में आपसी विवाद बताया जा रहा है।

क्षेत्र के बावनपाली गोसाई निवासी सोनू राजभर पुत्र गुलाब राजभर बुधवार की देर रात अपने ससुराल कस्बे के चौली वार्ड में आया था। राम जानकी मार्ग से चनुकी मोड़ जाने वाली सड़क के किनारे से गुजर रहे किसी व्यक्ति ने उसे अचेत अवस्था में गिरा हुआ देखकर पुलिस को सूचना दिया।

मौके पर पहुंचे कस्बा चौकी इंचार्ज संकल्प सिंह राठौर ने घायल को सीएचसी पहुंचाया जहां प्राथमिक उपचार के बाद स्थिति गंभीर देख डॉक्टर ने महर्षि देवरहा बाबा मेडिकल कालेज रेफर कर दिया । इसकी सूचना किसी ने उसके बगल के गांव की रहने वाली नेत्री सुनीता राजभर को दिया। वह तुरंत सीएचसी पहुंची, लेकिन घायल युवक इस स्थिति में नहीं था कि वह घटना के बारे में कुछ बता सके। उसके शरीर सहित गले पर



घायल सोनू राजभर के गले पर चोट के निशान • जागरण

चोट के निशान हैं। उसकी आवाज नहीं निकल रही थी। मौके पर पुलिस के सामने ही नेत्री ने उससे पूछने की कोशिश किया।

उसने इशारे में बताया कि चार लोग थे और मुंह बांधे हुए थे। मैं उनको पहचान नहीं पाया। उसके मोबाइल में कुछ आडियो रिकार्ड था, प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार उसने पुलिस को सुनाया। इशारे से ही उसने यह भी बताया कि मुझे गला दबाकर हत्या करने की कोशिश भी की गई। इस घटना को लेकर नगर में लोग तरह-तरह की चर्चाएं भी कर रहे हैं।

अचेतावस्था में सड़क के किनारे मिला युवक, लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को पहुंचाया अस्पताल

## वनस्पति बाजार में युवक पर जानलेवा हमला

जासं, रामलक्षन : बैलकुंडा गांव के वनस्पति बाजार के समीप बाजार करने गए युवक पर दो बाइकों पर सवार छह की संख्या में आए युवकों ने जानलेवा हमला कर दिया। आसपास के लोगों ने हमलावरों को दौड़ा लिया, वे मौके पर एक बाइक और असलहा छोड़कर भाग निकले। पुलिस ने घटनास्थल से अवैध असलहा को बरामद किया है। घटना का कारण पता नहीं चल सका है रुद्रपुर कोतवाली के ग्राम बेलकुंडा गांव के 42 वर्षीय वृद्धिचंद निषाद पुत्र बेचन निषाद रुद्रपुर–गौरीबाजार मार्ग पर स्थित गांव के वनस्पति बाजार मे गुरुवार की शाम बाजार करने गए थे। बाजार कर घर जा रहे थे। बाजार के समीप दो बाइक पर छह की संख्या में आए हमलावरों ने लाठी डंडा से हमला कर दिया। बदमाशों ने बेरहमी से लाठी डंडे से पीटा। अपने को लोगों से घिरा देख एक बाइक छोड़कर भागे। सीओ हरिराम यादव ने पीड़ित युवक से रामलक्षन चौकी पर पूछताछ की।

# युवती से छिनैती मामले में बदमाश गिरफ्तार नहीं

- सोनूघाट चौराहा पर पैदल ई रिक्शा पकड़ने जा रही थी युवती
- मोटरसाइिल सवार बदमाशों ने दिया था घटना को अंजाम
- छिनैती का मुकदमा दर्ज पर घटना का अभी तक पर्दाफाश नहीं

जागरण संवाददाता, देवरिया: सोनूघाट चौराहा पर नर्सिंग स्टाफ से हुई चेन व मोबाइल की छिनैती के मामले में पुलिस तीन दिन बाद भी खाली हाथ है। घटना के बाद पुलिस मामले में छिनैती का मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन कर रही है। नर्सिंग स्टाफ पलक मिश्रा के गले से सोने का चेन व मोबाइल छीन कर बदमाश फरार हो गए। लोगों की भीड़ पहुंचने पर बदमाश अपना मोटरसाइकिल छोड़ कर अंधेरे का लाभ उठा कर फरार हो गए थे। पुलिस मोटरसाइकिल बरामद करने के बाद भी घटना का पर्दाफाश अभी तक नहीं कर पाई है।

नर्सिंग स्टाफ पलक मिश्रा 18 अगस्त की रात सोनूघाट स्थित एक अस्पताल से ड्यूटी कर देवरिया शहर के उमा नगर स्थित अपने किराए की मकान पर जाने के लिए आटो रिक्शा पकड़ने जा रही थी कि बदमाशों ने घटना को अंजाम दे दिया। पीड़ित पलक ने पुलिस को बताया कि वह शहर के देवरिया रामनाथ में किराए की मकान में रहती है।

सोनूघाट स्थित आराध्या अस्पताल में नर्सिंग स्टाफ के तौर पर कार्य करती है। ड्यूटी के बाद रात में तकरीबन 8.30 बजे चौराहे की तरफ पैदल जा रही थी। तभी बाइक से दो बदमाश आए और झपट्टामार कर गले से सोने की चेन व मोबाइल छीन कर फरार हो गए। शोर मचाने पर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। ऐसे में बदमाश बाइक छोड़ कर पैदल भागे। घटना के बाद पुलिस ने पीड़ित युवती की तहरीर पर दोनों बदमाशों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन में जुट गई। पुलिस ने सुबह कई दुकानों के सीसी कैमरे का फुटेज देखा। मौके पर बरामद मोटरसाइकिल के बारे में जानकारी जुटाई लेकिन अभी तक दोनों बदमाशों तक नहीं पहुंच सकी है। उधर बदमाशों के नहीं पकड़े जाने से पुलिस की सक्रियता पर सवाल खड़ा हो रहा है। सोनूघाट चौराहा के दुकानदारों में व पीड़ित युवती में नाराजगी है। प्रभारी निरीक्षक दुर्गेश कुमार सिंह ने बताया कि सोनूघाट चौराहा स्थित कई दुकानों का सीसी कैमरा खंगाला गया है। बरामद मोटरसाइकिल के जरिये बदमाशों तक पहुंचने का प्रयास किया जा रहा है।

# अजीत के हत्यारों की गिरफ्तारी के लिए कोतवाली पहुंचे स्वजन

पत्नी सहित उनके दो दोस्तों पर दर्ज है हत्या का मुकदमा, पुलिस कर रही है पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार

जागरण संवाददाता, सलेमपुर: उप नगर के सलाहाबाद में तीन माह पूर्व हुई अजीत शाह की हत्या के मामले में आरोपित पत्नी तथा दो अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी को लेकर मृतक के पिता व बहन कोतवाली पहुंच गिरफ्तारी की मांग की। स्वजन हत्या के मामले को दबाने तथा आरोपितों को बचाने का आरोप लगा रहे थे। वहीं पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही गिरफ्तारी करने का आश्वासन देकर उन्हें लौटा दी।

30 मई को उप नगर के सलाहाबाद में किराए की मकान में पत्नी व बच्चों के साथ रह रहे रामपुर बुजुर्ग गांव के अजीत शाह पुत्र अशोक गोंड़ की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। इस मामले में पुलिस आत्महत्या करने की आशंका जताते हुए शव को पीएम के लिए भेज दिया। उधर मृतक के पिता अशोक ने अपने बेटे अजीत की हत्या उसकी पत्नी तथा दो अन्य मित्रों द्वारा मिलकर किए जाने का आरोप लगाते हुए कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस मुकदमा के बाद मामले की जांच में जूट गई। इधर तीन माह का समय हो जाने के बाद भी पोस्टमार्टम रिपोर्ट न आने पर आरोपितों की गिरफ्तारी नहीं कर सकी है। स्वजन इसको लेकर काफी भयभीत हैं। उनका आरोप है कि मुकदमों को दबाने का प्रयास आरोपितों द्वारा किया जा रहा है। प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार पटेल ने बताया कि दर्ज मुकदमे में अजीत को जहर देकर मार डालने की बात कही गई है।

# अभी नहीं सुलझ सकी मानव कंकाल की गुत्थी

जागरण संवाददाता, देवरिया: शहर के जमुना सदन के समीप तीन दिन पूर्व मिले मानव कंकाल के बारे में पता करने में पुलिस का पसीना छूट रहा है। हाल यह है कि मानव कंकाल मिलने के बाद मोहल्ले के लोगों में दहशत का माहौल है। पुलिस मानव कंकाल का डीएनए जांच कराएगी। कंकाल को मोर्चरी में रखा गया है। जिससे पता किया जा सके कि शव किसका है। मानव कंकाल मिलने को लेकर तरह-तरह की चर्चाओं का बाजार गरम है। डीएनए टेस्ट के जरिए ही सच्चाई सामने आएगी।

मोहल्ले में लगभग दो बीघा प्लाट के अंदर झाड़ी है। जिसमें कुछ लोगों ने 17 अगस्त की रात एक मानव कंकाल देखा। लोगों ने वस्त्र आदि के आधार पर पहचानने का प्रयास किया लेकिन उनका प्रयास विफल रहा। कंकाल के पास से बुर्का मिलने के कारण पुलिस संभावना व्यक्त कर रही है कि यह शव किसी मुस्लिम महिला का है। सूचना मिलने के बाद पुलिस सक्रिय हुई और तत्काल कोतवाली पुलिस, डाग स्क्वायड व फोरेंसिक टीम पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण की। घटना के बाद मोहल्ले के लोगों में दहशत का माहौल है। लोगों का कहना है कि घटना को अंजाम देने के बाद शव को सुनियोजित तरीके से ठिकाने लगाया गया है। चर्चा है कि शव में केमिकल लगा कर फेंका गया था, जिससे शव से दुर्गंध नहीं आया। आस पास के लोगों को झाड़ी में शव होने की भनक तक नहीं लगी। लोग यह जानना चाहते हैं कि आखिर यह नर कंकाल किसका है। प्रभारी निरीक्षक दुर्गेश कुमार सिंह ने बताया कि मानव कंकाल का पोस्टमार्टम के साथ ही डीएनए टेस्ट कराया जाना है। डीएनए टेस्ट के बाद ही सच्चाई सामने आएगी। मिले तथ्यों के आधार पर जांच की जा रही है।



# प्रशासन की कार्रवाई पर सबकी निगाहें

- मंदिर परिसर में सुरक्षा के मद्देनजर कोतवाली के दो पुलिसकर्मी रहे तैनात
- राज्य मंत्री ने मई में भी मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर विवाद से कराया था अवगत

जागरण संवाददाता, देवरिया: राज्यमंत्री विजय लक्ष्मी गौतम व मनोकामना पूर्ण मंदिर के उत्तराधिकारी राजेश नारायण दास के बीच भूमि विवाद का प्रकरण सुर्खियों में आने के बाद आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी है। हर कोई मामले की सच्चाई जानने की कोशिश में लगा है। सुरक्षा के मद्देनजर निर्माणाधीन चहारदीवारी के समीप गुरुवार को भी दो पुलिसकर्मी तैनात रहे। विवाद को तूल पकड़ता देखकर प्रशासन भी सतर्कता बरत रहा है।

राज्यमंत्री विजय लक्ष्मी गौतम की चहारदीवारी के पूरब भीटा की भूमि है, जो सरकारी है। इस भूमि की तरफ गेट खोलने के विरोध में मनोकामना पूर्ण हनुमान मंदिर के उत्तराधिकारी राजेश नारायण दास मंगलवार को सीसी रोड पर धरने पर बैठे थे। विवाद गहराता देखकर ज्वाइंट मजिस्ट्रेट श्रुति शर्मा ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 164 के तहत राज्यमंत्री की भूमि को जब्त कर लिया है। फिलहाल सुनवाई का इंतजार है।

इस प्रकरण में मई 2025 में भी विवाद गहराया था। तब राज्य मंत्री विजय लक्ष्मी गौतम ने पत्र लिखकर मुख्यमंत्री को अवगत कराया था। तब मंत्री ने कहा था कि पैमाइश के बाद मंदिर के कुल क्षेत्रफल से तीन हजार वर्ग फीट भूमि अधिक पाई गई। उनका व उनके पट्टीदारों का चहारदीवारी निर्माण वाली भूमि का क्षेत्रफल सही पाया गया। मंदिर के उत्तराधिकारी राजेश नारायण दास उर्फ राजेश यादव पैमाइश से संतुष्ट होकर गए। राज्य मंत्री ने तब भी आरोप लगाया था कि महंत परमात्मा दास के पुत्र व उत्तराधिकारी ने सपा नेताओं के उकसाने पर ये सारा विवाद किया।

इस मामले में शासन ने डीएम को प्रकरण की सक्षम स्तर से जांच कराकर विधि सम्मत कार्रवाई करने को कहा था।

हालांकि उत्तराधिकारी ने इन आरोपों को गलत ठहराते हुए मंत्री पर ही मंदिर की भूमि कब्जाने का आरोप लगाया है।



मनोकामना पूर्ण हनुमान मंदिर के पश्चिम तरफ तैनात पुलिसकर्मी • जागरण

## हम नहीं, राज्यमंत्री पहले खुद रही हैं सपाई: राजेश नारायण दास

देवरिया: शहर के देवरिया खास स्थित मनोकामनापूर्ण हनुमान मंदिर के उत्तराधिकारी व प्रदेश सरकार की राज्यमंत्री विजय लक्ष्मी गौतम के बीच भूमि विवाद का मामला थमने का नाम नहीं ले रहा। गुरुवार को हनुमान मंदिर के उत्तराधिकारी राजेश नारायण दास ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान राज्यमंत्री के बयानों का खंडन करते हुए कहा कि हम नहीं, राज्यमंत्री पहले खुद सपाई रही हैं। राम मंदिर आंदोलन और बाबरी ढांचा ढहाने में महंत परमात्मा दास महाराज जी ने अग्रणी भूमिका निभाई थी। हम लोग संघ परिवार से लंबे समय से जुड़े रहे हैं। अशोक सिंघलजी व संघ परिवार के वरिष्ठ पदाधिकारियों के कई पत्र व चित्र आज भी हमारे पास मौजूद है।

# चौपाल में समस्याओं का किया निस्तारण

जागरण संवाददाता, देवरिया: डीएम दिव्या मित्तल ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम पायदान तक हर हाल में पहुंचना चाहिए। खंड विकास अधिकारी सरकार की योजनाओं का लाभ पात्रों तक पहुंचाने में योगदान दें। यह सुनिश्चित करें कि गांव का कोई भी पात्र व्यक्ति योजनाओं से वंचित न रहे।

वह विकास खंड भलुअनी के ग्राम पंचायत बरडीहा अली में गुरुवार को एसपी विक्रांत वीर की उपस्थिति में आयोजित चौपाल को संबोधित कर रहीं थीं। उन्होंने ग्रामीणों की समस्याओं का निस्तारण किया। साथ ही कई समस्याओं के समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। चौपाल में पात्र लाभार्थियों को निराश्रित महिला पेंशन, वृद्धा पेंशन, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, आयुष्मान कार्ड, फैमिली आइडी कार्ड और पात्र गृहस्थी कार्ड प्रदान किए गए। साथ ही अन्नप्राशन व गोदभराई कार्यक्रम भी हुए।



चौपाल में ग्रामीण को आयुष्मान कार्ड देतीं डीएम दिव्या मित्तल • जागरण

छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया। डीएम ने विभागीय स्टालों का निरीक्षण कर योजनाओं की प्रगति जानी। एसपी ने कहा कि कानून-व्यवस्था से जुड़ी ग्रामीणों की हर समस्या का तत्काल समाधान किया जाएगा।

यह और अन्य खबरें देखें-
https://www.jagran.com/local/uttar-pradesh_gorakhpur-city-news-hindi.html

## गुंडा एक्ट के तहत पुलिस ने की कार्रवाई

देवरिया। एसपी विक्रांत वीर के निर्देश पर एकौना पुलिस ने एक व्यक्ति के विरुद्ध गुंडा एक्ट के तहत कार्रवाई की है। जिसमें मंजीत चौहान निवासी बसडीला थाना एकौना शामिल है। इसके विभिन्न धाराओं में दो मुकदमे दर्ज हैं।

## छेड़खानी का मुकदमा दर्ज, जांच में जुटी पुलिस

देवरिया। बरहज थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली एक युवती के साथ गांव का ही एक युवक घर में घुसकर छेड़खानी की। इस मामले में पुलिस ने गांव के रंभू प्रसाद के विरुद्ध केस दर्ज किया है। मुकदमा दर्ज कर पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

## किशोरी गायब, चार के खिलाफ दर्ज हुआ मुकदमा

बरियारपुर। क्षेत्र के एक गांव की किशोरी गायब हो गई है। इस मामले में पुलिस ने चार लोगों के विरुद्ध केस दर्ज किया है। किशोरी के मां का आरोप कि देवरिया शहर स्थित इंटर कालेज में मेरी बेटी कक्षा 11 की छात्रा है। मंगलवार की शाम करीब चार बजे पड़ोसी गांव का 17 वर्षीय किशोर अपने परिजनों के साथ मिलकर बेटी को फुसलाकर मुंबई ले गया है। आरोप है कि वहां किशोरी पर जबरन शादी का दबाव बनाया जा रहा है। इस मामले में पुलिस ने चार पर केस दर्ज किया है।

**परतावल।** श्यामदेउरवा थाना क्षेत्र के परतावल पनियरा मार्ग पर कोटवा और सिरसिया गांव के बीच एक तेज रफ्तार पिकअप ने बृहस्पतिवार को एक बाइक सवार युवक को टक्कर मार दिया। इससे बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।

स्थानीय पुलिस और राहगीरों की मदद से युवक को सीएचसी परतावल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने पिकअप को कब्जे में ले लिया है। चालक मौके से फरार हो गया है। जानकारी के अनुसार, श्यामदेउरवा थाना क्षेत्र के ग्राम सभा लक्ष्मीपुर जरलहिया निवासी अजय साहनी 25 बृहस्पतिवार की सुबह अपनी बाइक से परतावल की तरफ जा रहा था।

अभी वह सिरसिया मलमलिया के आगे खालिद मिल्ली इंटर कॉलेज के पास पहुंचा था कि परतावल से पनियरा की तरफ गलत दिशा की तरफ जा रही तेज रफ्तार पिकअप उसे टक्कर मारते हुए गड्ढे में पटल गई। गंभरी रूप से घायल युवक को देख राहगीरों ने इसकी सूचना पुलिस को दी।

मौके पर पहुंची पुलिस ने लोगों की मदद से उसे सीएचसी परतावल पहुंचाया, जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। मृतक के पिता बाबूलाल और बड़ा भाई अच्छेलाल कुवैत में रहकर काम करते हैं। घर पर अजय और उसकी मां हेवंता देवी रहते हैं। उधर पिता और भाई को भी हादसे की सूचना दे दी गई है। वे लोग भी कुवैत से घर आने की तै में हैं। इस घटना से पूरे गांव में म छाया हुआ है। थानाध्यक्ष अभि

## अज्ञात वाहन की ठोक

**परतावल।** श्यामदेउरवा थाना क्षेत्र ग्राम सभा बसहिया खुर्द में फूल तोड़ने के लिए घर से निकली एक 75 वर्षीय बुजुर्ग महिला सड़क हा का शिकार हो गई। बताया जा रहा कि महिला फूल तोड़कर सड़क प कर रही थी, तभी तेज रफ्तार अज्ञा वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। ठोकर लगने से महिला गंभीर रूप घायल हो गई। हादसे के बाद वाह चालक मौके से फरार हो गया। जानकारी के अनुसार, बसहिया खु निवासी इसरावती (75) रोज भोर चार बजे जगकर अमवा की तरफ टहलने जाती थी। इस दौरान वह सड़क किनारे लगे पौधों से फूल तोड़कर अमवा दुर्गा मंदिर के पास

# एक दिन की न्यायिक अभिरक्षा की सजा

अदालत से

**महराजगंज।** फरेंदा न्यायालय ने बृहस्पतिवार को वर्ष 2013 से लंबित चल रहे मारपीट और गाली-गलौज के मामले में तीन आरोपियों को सजा सुनाई है।

न्यायिक मजिस्ट्रेट फरेंदा ने नैनसर थाना बृजमनगंज क्षेत्र के निवासी अभियुक्तों जितेंद्र, दिलीप और भुट्टूर को दोषी पाते हुए प्रत्येक को एक-एक दिन की न्यायिक अभिरक्षा की सजा व 3500-3500 रुपये का अर्थदंड लगाया है। अभियोजन पक्ष से जानकारी के अनुसार, मामला वर्ष 2013 का है। आरोप है कि अभियुक्तों ने आपसी विवाद के दौरान पीड़ित पक्ष के साथ मारपीट की थी और गाली-गलौज भी किया था। संवाद

# जनकल्याण शिविर: डीएम व एसपी ने समस्याओं का किया निस्तारण

## उसरहवां में आयोजित शिविर में भरवाए गए योजनाओं के फॉ

संवाद न्यूज एजेंसी

**महराजगंज।** जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा और पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीणा के नेतृत्व में जनपद के सभी अधिकारी सदर स्थित उसरहवा वनग्राम पहुंचे और ग्रामीणों की समस्याओं का निस्तारण किया।

जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा की पहल पर शुरू हुए जनशिविर के अंतर्गत उसरहवा वनग्राम पहुंचकर लोगों की समस्याओं का निस्तारण किया गया। जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने स्वयं लोगों की समस्याओं को सुना और निस्तारण के लिए आवश्यक निर्देश दिया। इसके अलावा मौके पर ही योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराने के लिए आवेदन कराया गया।

इस अवसर पर सूर्यमन, राममिलन और रामअचल को वृद्धावस्था पेंशन, शीला, नजबून निशा व लीलावती को निराश्रित महिला पेंशन का वितरण किया गया। इसी प्रकार भगवन्ता, आरती और मकोल को प्रधानमंत्री आवास की प्रतीकात्मक चाबी प्रदान किया गया।

जिलाधिकारी ने आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चों के लिए कुर्सी-मेज भेंट किया। जनशिविर में आयोजित स्वास्थ्य शिविर



उसरहवा गांव में आयोजित शिविर में समस्याएं सुनते डीएम संतोष कुम शर्मा, एसपी सोमेंद्र मीणा। स्रोत सूचना विभाग

में लगभग 100 लोगों ने प्राथमिक स्वास्थ्य परीक्षण कराकर दवा प्राप्त किया। सभी को फाइलेरिया की दवा भी खिलाई गई। पशुपालन विभाग द्वारा भी 140 पशुओं को पेट में कीड़े की दवा वितरित किया गया। इसके अलावा वृद्धावस्था, निराश्रित महिला पेंशन सहित विभिन्न योजनाओं का आवेदन कराया गया।

जिलाधिकारी कहा कि जनशिविर का उद्देश्य प्रशासन को आपके द्वार पर लाना है। सोहगीबरवा क्षेत्र का विकास शासन और मुख्यमंत्री की शीर्ष प्राथमिकता है। शासन की इसी मंशा के जमीनी क्रियान्वयन के लिए पूरा जिला प्रशासन यहां उपस्थित है। उन्होंने कहा कि इससे पूर्व भी यहां के 132 लोगों को वृद्धावस्था पेंशन, 27 महिल को निराश्रित महिला पेंशन और लोगों को दिव्यांग पेंशन का लाभ रहा है। 419 लोगों को अंत्योदय रा कार्ड प्रदान किया गया है, जबकि ग्रामीणों के पास पात्र गृहस्थी कार्ड

मुख्य विकास अधिकारी अनु जैन ने कहा कि जिला प्रशासन का प्रयास होगा की आपकी समस्याओं का गुणवत्तापूर्ण समा सुनिश्चित किया जाए।

कार्यक्रम का संचालन डीडी बीएन कन्नौजिया ने कि जनकल्याण शिविर में सीएमओ श्रीकांत शुक्ला, एसडीएम सदर जि कुमार, पीडी रामदरश चौ अधिकारी उपस्थित रहे।

# BASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-22-08-2025

# मारपीट के चार मामलों में 18 के खिलाफ केस दर्ज

**बस्ती।** वाल्टरगंज पुलिस ने अरुण कुमार पांडेय निवासी करमा पाठक की तहरीर पर हिमांशु पाठक, सुधांशु पाठक निवासी करमा पाठक के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज किया। आरोप है कि पुरानी रंजिश के चलते दोनों आरोपियों ने मारपीट की। कप्तानगंज पुलिस ने नयना देवी निवासी हरदीखास की तहरीर पर रिंकू देवी, बिट्टन, रामजियावन, करन के खिलाफ भूमि विवाद को लेकर मारपीट का मामला दर्ज किया है। रुधौली पुलिस ने संजीत कुमार निवासी कुड़ही उर्फ महुआर थाना रुधौली की तहरीर पर राजन, शंकर, प्रेमप्रकाश, रिंकू और राजू निवासी कुड़ही के खिलाफ मारपीट का केस दर्ज किया है। मारपीट का कारण बटाई का अनाज नहीं देना रहा। पुरानी बस्ती पुलिस ने रामसागर सोनी निवासी रसूलपुर थाना पुरानी बस्ती की तहरीर पर सोनी, जैनब, गुड्डू, सिबलू निवासी रसूलपुर के खिलाफ के मुकदमा दर्ज किया है। इन पर आरोप है कि भूमि विवाद के चलते घर में घुसकर मारपीट की। गौर पुलिस ने इबरार अहमद निवासी डेंगरहा थाना गौर की तहरीर पर पंचराम निवासी मानपुर माझा थाना गौर व दो अज्ञात के खिलाफ पुरानी रंजिश में मारपीट करने का मामला दर्ज किया है।

# बाइक सवारों ने मसौना गांव में की चेन स्नेचिंग, लोगों में दहशत

**महादेवा, हिन्दुस्तान संवाद।** मुंडेरवा और लालगंज थानाक्षेत्र में चेन स्नेचिंग की घटनाओं से महिलाओं में दहशत का माहौल है। बीते दिनों अलग-अलग गांवों में लगातार हुई घटनाओं से ग्रामीणों में नाराजगी है।

बुधवार शाम करीब साढ़े पांच बजे मुंडेरवा थानाक्षेत्र के मसौना गांव की माधुरी (44) पत्नी राधेश्याम खेत में चरी काटने गई थीं। इसी दौरान बाइक सवार दो युवक पहुंचे और गांजे के पौधे के बारे में पूछने लगे। महिला कुछ समझ पाती, एक युवक ने उनके गले का मंगलसूत्र छीनकर भाग गए।

इस संबंध में माधुरी के परिजनों ने पुलिस को तहरीर दी है। इसी तरह सोमवार की शाम मनिकौरा कला गांव की नैना देवी पत्नी प्रद्युम्न निषाद से भी बाइक सवार दो युवकों ने चेन छीन लिया। इससे एक सप्ताह पूर्व इसी गांव की पूजा देवी पत्नी राधेश्याम का भी मंगलसूत्र छीन लिया गया था। पीड़िता की सूचना देने के बावजूद पुलिस की कार्रवाई नहीं होने से ग्रामीणों में नाराजगी है। शनिवार को बेहिल गांव की नीरज पत्नी धर्मेंद्र से भी मोबाइल और चेन छीनने की कोशिश हुई। लेकिन महिला ने हिम्मत दिखाते हुए चोर से भिड़ गई। घबराया बदमाश मोबाइल फेंककर भाग गया।

वहीं, शुक्रवार को इसी गांव की निर्मला पत्नी शंकर विश्वकर्मा की चेन भी दिनदहाड़े लूट ली गई। लालगंज थानाक्षेत्र के अमईपार गांव में भी आठ अगस्त को 65 वर्षीय सुमाता देवी पत्नी रामशंकर का मंगलसूत्र छीन लिया गया। वह घर के बाहर टहल रही थीं। लगातार हो रही इन वारदातों से अमईपार, मनिकौरा कला और बेहिल गांव की महिलाएं दहशत में हैं। इस प्रकरण पर सीओ रुधौली स्वर्णिमा सिंह ने बताया कि मामला संज्ञान में नहीं था। थाना प्रभारी लालगंज और थाना प्रभारी मुंडेरवा से बात कर कार्रवाई की जाएगी।

# रुधौली नगर पंचायत चेयरमैन के खिलाफ गबन का मुकदमा दर्ज

- टेकेदार की तहरीर पर लिपिक समेत तीन अन्य पर भी मुकदमा
- ट्रेजरी में घूस देने के नाम पर दो लाख रुपये भी लेने का आरोप

**बस्ती, निज संवाददाता।** पुरानी बस्ती थाने की पुलिस ने रुधौली नगर पंचायत अध्यक्ष और लिपिक समेत चार लोगों के खिलाफ गबन व धमकी देने का मुकदमा दर्ज किया है। इन सभी पर काम कराने के बाद ठेकेदार को भुगतान न किए जाने का आरोप है। इतना ही नहीं ट्रेजरी में घूस देने के बहाने दो बार में दो लाख रुपये भी ले लिए। रुपये लेने का ऑडियो सोशल मीडिया पर पहले वायरल हो चुका है। हालांकि 'हिन्दुस्तान' वायरल ऑडियो की सत्यता की पुष्टि नहीं करता है।

पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र स्थित ब्योतहरा निवासी नंदलाल ने पुलिस को तहरीर दी। उसने नगर पंचायत अध्यक्ष रुधौली धीरसेन निषाद, राकेश चौधरी, अजीत और नगर पंचायत रुधौली के लिपिक प्रेम प्रकाश पटेल पर रुपये हड़पने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया। नंदलाल की तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया। पुलिस का कहना है कि नंदलाल ने आरोप लगाया है कि राकेश चौधरी और अजीत के मौखिक निर्देश पर गोनिल कंस्ट्रक्शन की प्रोपराइटर नीलम देवी ने काम दिया। नगर पंचायत रुधौली स्थित वार्ड नंबर नौ में तालाब की सीढ़ियां और पेड़ों के किनारे चबूतरा बनवाने का काम था। नंदलाल ने आरोप लगाया कि काम देने के दौरान एक लाख रुपये नकद और एक लाख रुपये ऑनलाइन लिए गए। इन लोगों ने ये रुपये ट्रेजरी में घूस देने के नाम पर लिए थे। ➤ शिकायत पर धमकी P03

# खाद लेकर लौटे किसान को हार्टअटैक, हुई मौत

- किसान की मौत पर एसडीएम सदर ने कराई जांच
- समिति पर खाद लेने के दौरान किसान को कोई समस्या नहीं हुई: सचिव

**बस्ती।** समिति से खाद लेकर लौटे कोतवाली थाना क्षेत्र के जिगना निवासी किसान अरुण कुमार शुक्ला (55) की गुरुवार शाम हार्ट अटैक से मौत हो गई। शाम करीब 5 बजे तबीयत खराब हुई तो परिजनों ने उन्हें एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां पर इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

बताया जा रहा है कि अरुण यूरिया खाद लेने के लिए गुरुवार को दिन में साधन सहकारी समिति दक्षिण दरवाजा पहुंचे थे। सचिव विजेंद्र द्विवेदी ने बताया कि अरुण को लगभग तीन बजे खाद दे दी गई थी और वह अपने घर लौट गए थे। सचिव विजेंद्र द्विवेदी ने बताया कि समिति पर खाद लेने के दौरान उन्हें किसी प्रकार की समस्या नहीं थी। किसान की मौत पर एसडीएम सदर ने जांच कराई। एआर कोऑपरेटिव आशीष श्रीवास्तव ने भी अपनी टीम से जांच कराई तो पता चला कि वह खाद लेकर घर पहुंचे थे, इसके बाद तबीयत बिगड़ी।

# नकब काटकर नकदी सहित सोने और चांदी के गहने चोरी

**हर्रैया, हिन्दुस्तान संवाद।** थानाक्षेत्र के बरहपुर गांव में बीती रात अज्ञात चोरों ने एक मकान के पीछे की दीवार में नकब काटकर घर में रखे डेढ़ लाख के कीमती सोने-चांदी के गहने और 45 हजार रुपये नकदी चुरा ले गए। हर्रैया क्षेत्र में ताबड़तोड़ हो रही चोरियों से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। चोरी की घटना की सूचना पर पहुंची हर्रैया पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

थानाक्षेत्र के बरहपुर गांव निवासी अजय कुमार वर्मा अपने परिवार के साथ बीतीरात घर के बरामदे में सो रहे थे। चोरों ने घर पीछे की दीवार में नकब काटकर कमरे में घुस गए और आलमारी व बाक्स का ताला तोड़कर उसमें रखा सोने का हार, पायल, झुमकी सहित कुल डेढ़ लाख के गहने और 45 हजार नकदी चुरा ले गए। लेकिन परिजनों को इसकी भनक तक नहीं लगी। सुबह जब घर के लोग ताला खोलकर अंदर गए तो नजारा देखकर भौंचक रह गए। कमरे में बाहर से पीछे दीवार में नकब कटा देखकर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। इस घटना से क्षेत्र में दहशत फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस पीड़ित परिजनों से पूछताछ की।



हर्रैया थानाक्षेत्र के बरहपुर गांव में सेंध काटकर चोरी।

- थानाक्षेत्र के बरहपुर गांव में बुधवार की रात घटी घटना
- डेढ़ लाख के गहने और 45 हजार रुपये चोरी

पीड़ित अजय वर्मा ने बताया कि चोरों ने डेढ़ लाख के गहने, 45 हजार नकदी और अन्य कीमती सामान चुरा ले गए। पीड़ित मामले में कार्रवाई करने की मांग की है। इस संबंध में हर्रैया थाना प्रभारी निरीक्षक तहसीलदार सिंह ने बताया कि चोरी की सूचना पर पुलिस पहुंची हैं। घटना की जांच पड़ताल हो रही है।

# शिकायत करने पर ठेकेदार को मिली धमकी, केस दर्ज

**कलंक के खिलाफ**

**बस्ती, निज संवाददाता।** पुरानी बस्ती थाने की पुलिस ने रुधौली नगर पंचायत अध्यक्ष और लिपिक समेत चार लोगों के खिलाफ गबन और धमकी देने का मुकदमा दर्ज किया है।

लगभग 70 प्रतिशत काम पूरा होने के बाद जब भुगतान कराने को कहा गया तो इन लोगों ने आनाकानी शुरू कर दी। भुगतान नहीं मिलने पर जब शिकायत करने की बात कही तो इनके द्वारा धमकी दी गई। नंदलाल ने जिलाधिकारी, एडीएम और शासन से शिकायत की। रुपये के लेनदेन की बात का ऑडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो गया।

नंदलान ने आरोप लगाया कि शिकायत उठाने के नाम पर उसे धमकी दी गई। धमकाने वालों में एक विधायक के प्रतिनिधि भी शामिल रहे। ठेकेदार नंदलाल ने एसपी बस्ती से भी इस मामले में मुलाकात की। एसपी के निर्देश पर ही पुरानी बस्ती थाने की पुलिस ने केस दर्ज किया।

## पीड़ित की तहरीर पर डॉक्टर के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा

# चालक की नौकरी दिलाने के नाम पर दो लाख हड़पे

**धोखाधड़ी**

**बस्ती, निज संवाददाता।** कोतवाली पुलिस ने नौकरी दिलाने के नाम पर रुपया हड़पने व धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज किया है। मामला पशुपालन विभाग में चालक की नौकरी दिलाने के पर ठगने का है। ठगी करने का यह आरोप आउटसोर्सिंग संचालित करने एक व्यक्ति पर है। कोतवाली पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दिया है।

एक प्रशासनिक अधिकारी के चालक पद से सेवानिवृत्त राधेश्याम निवासी सिविल लाइन गांधीनगर थाना कोतवाली ने बताया कि तीन वर्ष पहले जुलाई 2022 में एक व्यक्ति, जिसने अपना नाम डॉ. केएम गुप्ता बताया। उसने यह बताया कि वह बलरामपुर संयुक्त जिला चिकित्सालय और बस्ती में कई जगह पर आउटसोर्सिंग एजेन्सी



के तौर पर काम करता है। डॉ. केएम गुप्ता ने झांसा दिया कि वह रिटायर चालक के पुत्र मुकेश कुमार को पशुपालन विभाग में संविदा पर चालक की नौकरी दिला देगा। इस काम के लिए 2.2 लाख रुपये की मांग की।

राधेश्याम ने बताया कि उन्होंने अपने लड़के मुकेश को नौकरी दिलाने के पर अरबन कोऑपरेटिव बैंक से 70 हजार रुपये निकाल कर एक व्यक्ति के खाते में जमा कर दिया। यह खाता बलरामपुर के आईडीबीआई बैंक एक व्यक्ति के नाम पर जमा किया। यह रुपया चेक के माध्यम से जमा किया। काम प्रगति पर होने की बात कहते हुए फिर से 1.5 लाख रुपया 15 जुलाई 2022 को कटरा पानी की टंकी के पास ले लिया। दो तीन माह इंतजार करने के बाद लड़के की नियुक्ति नहीं कराया। जब रुपया वापस मांगा तो आनाकानी करने लगा। बाद में 10 हजार रुपये यूपीआई से दे दिया। शेष 2.1 लाख रुपये डॉ. केएम गुप्ता ने नहीं लौटाया और फोन पर धमकी व गाली देते हैं। इस मामले में कोतवाली पुलिस ने एसपी के निर्देश पर डॉ. केएम गुप्ता के खिलाफ धोखाधड़ी, गबन व जान से मारने की धमकी देने के आरोप में केस दर्ज किया।

# सरकारी जमीन से अतिक्रमण हटाया

**परशुरामपुर।** विकास खंड परसरामपुर के पेरीपोखर गांव में सरकारी जमीन पर किए अतिक्रमण के कुछ हिस्से को हटाया तथा कुछ हिस्से पर उच्चाधिकारियों के निर्देश पर रोक लगाया गया। इस संबंध में क्षतिपूर्ति व बेदखली का आदेश न्यायायल ने दिया था। गांव के ही रामसागर, मुन्नी देवी और चंद्रावती पर अतिक्रमण का आरोप था।

नायब तहसीलदार ऋषभ सिंह समेत 10 सदस्यीय टीम ने गुरुवार को पुलिस बल के साथ पेरीपोखर गांव पहुंची। अतिक्रमण हटाने के लिए जेसीबी बुलाई। जेसीबी ने अपना काम जैसे शुरू किया गांव के कुछ लोग इकट्ठा हुए। उन्होंने उस जमीन पर बने मंदिर को हटाने का विरोध किया। जिसके बाद मुन्नी देवी के अतिक्रमण की जांच हुई तो पता चला कि उसी जमीन पर उन्हें प्रधानमंत्री आवास आवंटित हुआ है। जिसके बाद मुन्नी देवी ने मकान का निर्माण कराया था। मंदिर के पुजारी राम सागर उपाध्याय ने बताया कि उस जमीन पर कार्रवाई के लिए हमें स्थगन आदेश भी प्राप्त है।



परसरामपुर के पेरीपोखर गांव में सरकारी जमीन पर किए अतिक्रमण हटाती जेसीबी।

नायब तहसीलदार ऋषभ सिंह के मुताबिक एसडीएम हर्रैया उमाकांत तिवारी के निर्देश पर मंदिर तथा मुन्नी देवी का बना पक्का मकान नहीं ढहाया गया। उच्चाधिकारियों के अग्रिम आदेश तक कार्रवाई को स्थगित किया गया है।

# जारी धरने को सपा विधायक ने दिया स

## मांग

- गोविंदनगर मिल चलाने को लेकर तीसरे दिन जारी रहा धरना-प्रदर्शन
- सदर विधायक ने किसानों के धरने में दिया अपना समर्थन



गोविंदनगर शुगर मिल चलाने को लेकर धरने में समर्थन देते सदर विधायक महेंद्र।

वाल्टरगंज, हिन्दुस्तान संवाद। गोविंदनगर चीनी मिल चलाने को लेकर तीसरे दिन गुरुवार को कर्मचारी, किसान और व्यापरियों का धरना जारी रहा। इस दौरान सदर विधायक महेंद्रनाथ यादव ने धरने में पहुंचकर समर्थन दिया। विधायक महेंद्रनाथ यादव ने संबोधित करते हुए कहा चीनी मिल को चलाने के लिए संघर्ष किया जाएगा। इस दौरान उन्होंने फोन से डीएम से वार्ता की। उन्होंने बताया मिल प्रबंधन बस्ती चीनी मिल को बेचकर उसे बकाया भुगतान करेगा।

वाल्टरगंज मिल चलाने की बात कही, इसके साथ बस्ती चीनी मिल के जमीनों को बेचकर बकाया भुगतान दिया जाए। वाल्टरगंज चीनी मिल से किसी प्रकार का कोई मशीन बाहर ना निकाली जाए। महेंद्रनाथ यादव ने कहा कि शांतिपूर्ण तरीके से चीनी मिल के संचालन तक धरना जारी रहेगा। करणी सेना जिलाध्यक्ष यशवंत सिंह ने कहा कि सभी को संगठित होकर काफी संख्या में चीनी मिल गेट पर इकट्ठा होना होगा और लड़ाई आर-पार की लड़नी होगी। इस दौरान अंगद वर्मा, महेश पांडेय, राम लखन शुक्ला, वीरेंद्र

### मिल चलवा... सांसद को ...

बस्ती। गोविंदनग... किसानों का बका... चलाए जाने को ल... ओमकार चौधरी ... पाल को प्रार्थना-... की अगुवाई में दि... मार्च 2018 से मि... कृषकों, श्रमिकों ... भी धुमिल होती ज... स्क्रेप को बेकार ... सजिश करके कृ... गुमराह कर रहा ... पर कार्रवाई करते... बकाया भुगतान ... चौधरी, रामशरण ... सोबिंद, धर्मेंद्र ... सहित तमाम ... व्यापारी शामिल ...

# वांछित अभियुक्तों की करें गिरफ्तारी: डीअ

## निर्देश




मंडलीय अपराध समीक्षा बैठक को संबोधित करते डीआईजी संजीव त्यागी।

बस्ती, निज संवाददाता। डीआईजी संजीव त्यागी ने परिक्षेत्रीय अपराध समीक्षा बैठक की। समीक्षा बैठक में अपराध और अपराधियों पर नियंत्रण को लेकर कड़े निर्देश दिए। डीआईजी संजीव त्यागी ने लंबित अभियोगों के निस्तारण व वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी कराने को कहा। गोवध अधिनियम, महिला संबंधी अपराधों, एससी-एसटी एक्ट के अपराधों व शासन की प्राथमिकता वाले बिंदुओं पर विशेष ध्यान देकर प्रभावी कार्रवाई का निर्देश दिया। अभियुक्तों के विरुद्ध प्रभावी निरोधात्मक कार्यवाही, गैंगेस्टर अधिनियम के तहत सम्पत्ति जब्तीकरण कराने के लिए कोर्ट में प्रभावी पैरवी का निर्देश दिया। पब्लिक ग्रीवांश रिव्यू पोर्टल, रेंज कार्यालय, सीएम जनता दर्शन, मुख्यालय से प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों का समय से निस्तारण करें।

डीआईजी ने नाइ... कम्युनिटी पुलिसि... पैदल गस्त कराने... बीट निर्धारण, स... आदि का मोबाइल... को कहा। पीआर... टाइम में सुधार क... पत्रावलियों के नि... प्रतिपूर्ति के लंबित... सीएमओ से वात... कराने के लिए नि... मंडलीय समीक्षा ... सिद्धार्थनगर डॉ. ... एसपी बस्ती अभि... संतकबीरनगर सं... उपस्थित रहे।

जिले में पिछले दिनों निजी क्षेत्र को भी आवंटित हो चुकी है 1500 एमटी खाद, स

# समितियों पर भारी भीड़, निज

## खाद की किल्लत

बस्ती, निज संवाददाता। यूरिया खाद पाने को साधन सहकारी समितियों पर किसानों की भीड़ जुट रही है। इसके उलट निजी दुकानों पर सन्नाटा है। पिछले एक सप्ताह में लगभग 1500 एमटी खाद निजी क्षेत्र को आवंटित हुई है, लेकिन दुकानदारों का कहना है कि उनके पास खाद नहीं है। निजी दुकानों पर खाद वितरण की कोई हलचल नहीं दिखाई दे रही है। इसको लेकर अधिकारी भी समीक्षा करने लगे हैं। सीडीओ सार्थक अग्रवाल ने निजी क्षेत्र के दुकानों पर उपलब्ध खाद का ब्योरा मांगा है।

साधन सहकारी समिति मनिकौरा कला, बाघापार चेनुआ मेहरई, नगर बाजार, दुखेड़ी, सेमरा गौर, महुआडांड, परसरामपुर, महराजगंज, कप्तानगंज आदि जगहों पर यूरिया खाद का वितरण हुआ। अब सचिव खतौनी देखकर खाद दे रहे हैं। इसके चलते खाद से वंचित लोग धरना-प्रदर्शन पर उतर गए हैं। इफको किसान सेवा केन्द्र मंडी में गुरुवार को भी खाद के लिए किसानों की लंबी कतार लगी रही। हालांकि पिछले एक सप्ताह में बस्ती जनपद को लगभग 1500 एमटी यूरिया खाद मिली है। अधिकारियों का कहना है कि निजी दुकानों की संख्या अधिक होने के चलते किसानों का मूवमेंट पता नहीं चलता है। साधन सहकारी समिति



साधन सहकारी समिति सेमरा में बंट रही खाद पाने को जुटे किसान।

- **निजी क्षेत्र की दुकानों के वितरण का नहीं पड़ रहा असर**
- **इफको किसान सेवा केंद्र मंडी में खाद को किसानों की लगी रही लंबी कतार**

सेमरा पर खाद का वितरण हुआ, जहां पर बुधवार को किसानों ने धरना दिया था। साऊंघाट संवाद के अनुसार इफको किसान सेवा केन्द्र मंडी में पति, पत्नी, बेटा, बहू की लंबी कतार हाइवे गेट तक खाद पाने को लगी रही। प्रभारी श्याम दीपक व सहायक खाद प्रभारी निखिल द्विवेदी खाद बांटने पहुंचे तो लंबी कतार लग गई। खाद प्रभारी ने बताया कि जिनके पास खतौनी हैं। उसी को खेत के आधार पर खाद मिलेगी। इसको लेकर किसानों ने विरोध जताया।


साधन सहकारी स

# यूरिया संकट व अ

बस्ती, निज संवाददाता। समाजवादी पार्टी ने वाल्टरगंज चीनी मिल शुरू किये जाने, वोट चोरी रोकने, गिरती कानून व्यवस्था को नियंत्रित करने, बिजली विभाग में स्मार्ट मीटर के नाम पर उपभोक्ताओं से लूट किये जाने सहित सात सूत्री मांगों को लेकर डीएम के माध्यम से राज्यपाल को ज्ञापन भेजा। सपा जिलाध्यक्ष एवं सदर विधायक महेन्द्रनाथ यादव के नेतृत्व में न्याय मार्ग पर एकत्र हुए सपाइयों ने सरकार विरोधी नारा लगाते हुए डीएम कार्यालय पहुंचे।

ज्ञापन सौंपने के बाद सदर विधायक महेन्द्रनाथ यादव ने कहा कि बस्ती समेत समूचे प्रदेश में यूरिया खाद का संकट है। जरूरत पर किसानों को

- **न्याय मा तक निक सौंपा ज्ञाप**
- **सदर विध कहा कि कराने में**

यूरिया खाद दिला प्रशासन असमथ असर खाद्यान्न किसानों के आधि भाजपा सरकार उसी मानसिकता का संकट उत्पन्न प्रदर्शन में सपा वि

# बांका से बस्ती के टेलर व बेटी-बेटे

गोरखपुर। बस्ती जिले के लालगंज थाना क्षेत्र के बनव
शाहपुर इलाके के राप्तीनगर के पास बैग सिलने की
उनकी दुकान पर 12 वर्षीय बेटी शिवांगी और 14 वर्षी
एक मुर्गा की दुकान है। गुरुवार की रात में मुर्गा विक्रेत
आया और जहां दुकानदार से उसका विवाद हो गया।
आरोपित ने मुर्गा काटने वाला बांका उठा लिया और दु
बचने के लिए मुर्गा विक्रेता टेलर कन्हैया की दुकान में
लिए आरोपित भी पहुंच गया और उसने ताबड़तोड़ वार

# अलग-अलग हादसों में दो लोगों

बस्ती। कोतवाली पुलिस ने सोनी यादव निवासी दुबख
पर हादसे में मौत का मुकदमा दर्ज किया। पुलिस को
बताया कि उसके पति लक्ष्मी प्रसाद यादव निवासी दुब
से जा रहे थे। यहां पर अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक
अस्पताल में इलाज के दौरान लक्ष्मी प्रसाद की मौत ह
सूरज चौरसिया निवासी रुधौली वार्ड नंबर नौ ने बता

# लापरवाही बरतने के प्रकरण में सर्जन क

जासं, बस्ती: शहर के रौता चौराहा स्थित अवध मेडिकल सेंटर पर गुरुवार को जांच टीम पहुंची। चिकित्सक द्वारा लापरवाही पूर्वक उपचार करने के मामले में सर्जन का बयान दर्ज किया गया। इसके साथ ही अन्य बिंदुओं पर भी जांच की गई।

कलवारी थानाक्षेत्र के पकडी छप्पर विशाल सोनी ने सीएमओ को शिकायती पत्र देकर बताया था कि पेट दर्द होने पर वह अपनी पत्नी को रौता चौराहे पास स्थित अवध मेडिकल सेंटर में दिखाने ले गए। 21 मार्च को चिकित्सक ने उनकी पत्नी का आपरेशन किया। आपरेशन के बाद मवाद बहने लगा। आरोप लगाया कि स्वजन को गुमराह करके 30 से 35 दिन तक उपचार किए। उसके बाद स्वजन के साथ दुर्व्यवहार किए। डिस्चार्ज पेपर व रसीद दिए बिना ही डिस्चार्ज कर दिया। उसके बाद वह दूसरे निजी अस्पताल दिखाने ले गए। वहां के चिकित्सक ने बताया कि

लापरवा
कट गई
ने शिक
सदस्यी
सीएमअ
विजय
व प्रशा
शामिल
के लिए
एसी श्री

# जबरन जुर्म स्वीकार कराने वाले दारोगा

## आरोपित को थाने में पीटकर कबूल करवाया था अपराध, अदालत ने साक्ष्यों के अ

जागरण संवाददाता, बस्ती: मानवाधिकारों का उल्लंघन और कानून की सीमा से परे जाकर कार्रवाई करने वाले एक दारोगा को अदालत ने दोषी करार देते हुए पांच वर्ष की सश्रम कारावास व 10 हजार जुर्माना की सजा सुनाई है। मामला करीब 42 वर्ष पुराना है, जब एक युवक से थाने में मारपीट कर उससे जबरन अपराध स्वीकार कराया गया था। पीड़ित पक्ष की ओर से की गई शिकायत और मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर अदालत ने दारोगा को दोषी माना। इस दौरान अदालत में आरोपित सेवानिवृत्त दारोगा मौजूद रहे। संयुक्त निदेशक अभियोजन राजीव कुमार के निर्देशन में अभियोजन अधिकारी सिद्धार्थ श्रीवास्तव व एपीओ प्रभात ने अभियोजन पक्ष से प्रभावी पैरवी कर अदालत को बताया कि घटना वर्ष 1983 की है। पीड़ित युवक कुबेर निवासी पकड़ी चौहान दुबौलिया, तत्कालिन थाना कप्तानगंज को चोरी के शक में थाने पर लाया गया था। तत्कालीन सिपाही विजयनाथ तिवारी उर्फ वीएन तिवारी ने जबरदस्ती चोरी के एक मामले में जुर्म स्वीकार करने के लिए कुबेर को टार्चर किया गया। झूठी फर्द बनाकर पीड़ित से बरामदगी दर्शाई गई। उससे घंटों पूछताछ की और कथित तौर पर थर्ड डिग्री का इस्तेमाल कर जबरन जुर्म स्वीकार कराया गया। पीड़ित युवक ने बाद में मजिस्ट्रेट के समक्ष बयान देकर कहा कि उस पर झूठा दबाव बनाकर अपराध कबूल करवाया गया है।

- जनपद गोरखपुर के रामगढ़ क्षेत्र निवासी हैं सजा पाने वाले दारोगा
- आरोपित दारोगा ने अपनी लांघी हैं सीमाएं, मौलिक अधिकारों का किया हनन: न्यायाधीश

मामले की सुनवाई अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम सबीहा खातून की अदालत में हुई। साक्ष्यों और गवाहों के आधार पर अदा
बुधवार को आरोपित को भारती
संहिता की धारा 330 (दंड
लिए स्वेच्छा से किसी व्यक्ति
चोट पहुंचाना) के तहत दोषी
हुए आरोपित दारोगा विज
तिवारी निवासी शिवाजीनगर
रामगढ़, गोरखपुर को पांच व
सश्रम कैद व 10 हजार जुर्मा
सजा सुनाई। इसके अलावा अ
218 के तहत भी दोषी पाते हु
वर्ष की कैद व एक हजार
जुर्माना की सजा सुनाई है। 4
पहले हुई घटना के बाद पीड़ि
अदालत का दरवाजा खटख
अदालत के आदेश पर हुई मे

# किशोरी की संदिग्ध परिस्थितियों में मृत्यु

जासं, सोनहाः परसा खुर्द बुजुर्ग उर्फ दरियापुर जंगल टोला भैंसहवा निवासी 20 वर्षीय मुन्नी पुत्री राजाराम की संदिग्ध परिस्थितियों में मृत्यु हो गई। गुरुवार की शाम को उसका शव कमरे में रस्सी के आर्गन में दुपट्टे के सहारे लटका मिला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। स्वजन के अनुसार घटना के समय बालिका घर पर अकेली थी। घर लौटने पर पिता ने पुत्री का शव लटकता देख शोर मचाया। शोर सुनकर मौके पर गांव के

# सेक्स रैकेट में बलिया से लेकर लखनऊ तक की यु

**फालोअप**

जागरण संवाददाता, बस्तीः पुलिस और क्राइम ब्रांच की संयुक्त कार्रवाई में हरैया में पकड़े गए सेक्स रैकेट से चौंकाने वाले तथ्य सामने आए हैं। इस रैकेट के तार बलिया, गोरखपुर, लखनऊ और आसपास के जिलों तक फैले हुए हैं। पुलिस ने मौके से दो युवतियों को पकड़ा है, जिनमें से एक बलिया तो दूसरी लखनऊ की रहने वाली है, जिन्हें स्वजन को सौंप दिया गया है।

करीब दो वर्ष से मड़वानगर में चल रहे देह व्यापार के अड्डे पर बिहार, गोरखपुर, कुशीनगर समेत आसपास के जिले की करीब 50 युवतियां शामिल बताई गई हैं। इनमें ज्यादातर माल में काम करने वाली, कालेज गोइंग छात्रा व पति से भरण-पोषण व तलाक का केस लड़ने वाली महिलाएं शामिल हैं।

- हरैया में मंगलवार को हुआ था देह व्यापार के अड्डे का पर्दाफाश, तीन लोग गिरफ्तार
- मड़वानगर, बैरिहवा व हरैया देह व्यापार अड्डे का एक दूसरे से कनेक्शन

## मोबाइल सीडीआर के आधार पर संरक्षण दाताओं पर शिकंजा

आरोपितों व संरक्षणदाताओं की जब्त मोबाइल की सीडीआर के जरिए उनके संरक्षणदाताओं को चिह्नित किया जा रहा है। इनके ऊपर शिकंजा कसने के लिए पुलिस की ओर से साक्ष्य संकलन किए जा रहे हैं। मड़वानगर, बैरिहवा व हरैया में संगठित रूप से सेक्स रैकेट चलाने वाले गिरफ्तार कर जेल भेजे गए आरोपितों के बीच प्रथम दृष्टया आपस में कनेक्शन मिले हैं।

**लक्जरी वाहन से देह व्यापार के अड्डे पर जाते थे सफेदपोशः** देह व्यापार के अड्डे पर आने वाले सफेदपोश नेता, ठीकेदार, मीडिया से जुड़े लोग अपनी लक्जरी कार अड्डे से करीब 200 मीटर पहले ही गाड़ी खड़ी करके वहां जाते थे। इसकी फुटेज पुलिस के कब्जे में आए सीसी कैमरे के डीवीआर में मिले हैं। बताया जाता है कि पहले से ही शौकीनों को पता चल जाता था कि अड्डे पर लड़कियां हैं कि नहीं। वाट्सएप के जरिए सेक्स रैकेट की डील होती थी।

बलिया जनपद की युवती गोरखपुर में अपने बहन के यहां रह कर देह व्यापार के अड्डे पर रोज आती-जाती थी। बलिया में अपने स्वजन को बता रखी थी कि वह अपने बहन के घर गोरखपुर जा रही है। लखनऊ की युवती भी बस से यहां पर आए दिन आती थी। गिरोह का मुख्य सरगना वाल्टरगंज कस्बे का रहने

यह एक संगठित देह
नेटवर्क कई जिलों में
जा रही है। जल्द ही और गि
इसमें इंटरनेट मीडिया जुड़े
पड़ताल की जा रही है। मड़
संरक्षणदाताओं का कनेक्श
जारी है, साइबर सेल की म
मोबाइल और डिजिटल सा
इसमें शामिल किया गया है,
गिरोह के अन्य सदस्यों तक
स्वर्णिमा सिंह, सीओ रुधौल

वाला है। वह बीते एक
हरैया कस्बे में 20
प्रतिमाह में किराए का
था।

अपने नेटवर्क के जरि
की आपूर्ति कर रहा था।
के अनुसार, रैकेट
माध्यमों के जरिए भी
संपर्क करता था।
बैरिहवा व हरैया देह व्य
का एक-दूसरे से कनेक

# आबकारी टीम की छापेमारी में 45 लीटर कच्ची शराब बरामद



छावनी क्षेत्र में दबिश देती आबकारी टीम व बरामद कच्ची शराब● जागरण

जागरण संवाददाता, बस्ती: जिले में कच्ची शराब के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत आबकारी विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम ने गुरुवार को छापेमारी कर 45 लीटर कच्ची शराब बरामद की। यह कार्रवाई छावनी क्षेत्र के सिकटहा पांडेय, धुंसैनिया बाबू और अर्जुनपुर में की गई, जहां कच्ची शराब के निर्माण की सूचना मिली थी।

निरीक्षक सिटी सुनील कुमार के नेतृत्व में पुलिस और आबकारी टीम ने सूचना के आधार पर सुबह ही तलाशी अभियान शुरू किया। इस दौरान बड़ी मात्रा में कच्ची शराब से भरे डिब्बे बरामद हुए। मौके पर एक भट्ठी को तोड़ा गया और लहन को नष्ट कर दिया गया। बरामद कच्ची शराब को जब्त कर लिया गया। हालांकि, मौके पर मौजूद लोग भागने में सफल रहे, लेकिन आरोपितों की पहचान कर ली गई है और उनकी गिरफ्तारी के लिए प्रयास तेज कर दिए गए हैं।

निरीक्षक अंगद कुमार गौड़ ने बताया कि कच्ची शराब के निर्माण और बिक्री करने वालों के खिलाफ जिला आबकारी अधिकारी राजेश कुमार के निर्देशन में लगातार अभियान चलाया जा रहा है। आमजन से अपील की गई है कि वे कच्ची शराब निर्माण या बिक्री की सूचना तुरंत पुलिस या आबकारी विभाग को दें। उनकी पहचान गोपनीय रखी जाएगी व आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# सीसी कैमरे में कैद हुआ मंदिर में चोरी का प्रयास



सीसी कैमरे में कैद हुई चोर की तस्वीर

जासं, सोनूपारः मंदिर में चोरी करने का प्रयास करते हुआ चोर का फुटेज सीसी कैमरे में कैद हो गया है। क्षेत्र के डारीडीहा में रोड़ पर स्थित दुर्गा मंदिर में चोरी करने की कोशिश की शिकायत पुजारी अजेवेश्वर नंद ने सोनूपार के चौकी पुलिस से की है। बताया कि चोर 19 अगस्त की रात मंदिर में चोरी करने के इरादे से घुसा था। 15 दिन पूर्व ओपेक हास्पिटल कैली में स्थापित काली मंदिर से रात के समय चोरों ने चढ़ावे के लिए रखा दानपात्र चोरी हो गया था।

## दुष्कर्म के आरोपित को भेजा जेल

जासं, भानपुरः पुलिस ने दुष्कर्म व पाक्सो एक्ट के आरोपित तेजस्वी उर्फ पृथ्वी को बुधवार की रात आठ बजे कोरियाडीह सरयू नहर पुलिया के पास

# बाढ़ग्रस्त क्षेत्र में उड़ाए जा रहे ड्रोन, सकते में ग्रामीण

जासं, दुबौलिया: बाढ़ग्रस्त क्षेत्र में नदियों का जलस्तर और बाढ़ के स्थिति का जायजा लेने के लिए बाढ़ खंड से ड्रोन उड़ाए जा रहे हैं। इसकी जानकारी न होने से ग्रामीणों में दहशत हैं। हालांकि विभाग के अधिकारी का कहना है कि जहां बाढ़ संबंधित परियोजनाओं पर कार्य हुए हैं, उनका सर्वे कराए जा रहे हैं। कई गांवों के ऊपर लोगों ने ड्रोन उड़ते हुए देखे हैं। एक व्यक्ति के छत के नजदीक आने पर उसने यूपी 112 पर भी सूचना दिया। क्षेत्र के सिसौनी, जोगहटा, जीवपुर दुबौलिया, खलवा, धरमूपुर आदि में आधी रात को अलग-अलग ड्रोन उड़ते दिखाई दिए, इससे लोगों में दहशत फैल गई। लोगों ने इसकी वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर भी प्रसारित किया है। कुछ लोग चोरों द्वारा ड्रोन से रेकी करने की बात कह रहे हैं तो कुछ लोग पश्चिमी यूपी की तरह यहां भी नदियों के सर्वे का हवाला दे रहे हैं। बाढ़

# नौकरी के नाम पर ठग लिए 2.20 लाख रुपये

बस्ती : बलरामपुर के एक चिकित्सक डा. केएम गुप्ता पर पुलिस ने नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी का मुकदमा दर्ज किया है। पीड़ित राधेश्याम निवासी पशुपति पुरम सिविल लाइन ने तहरीर में बताया कि उसने बेटे मुकेश की नौकरी संविदा पर लगवाने के लिए 2.20 लाख रुपये दिए। महीनों इंतजार करने के बाद भी नौकरी नहीं मिली और आरोपित ने केवल 10 हजार रुपये लौटाए।

# थाने के फालोवर के घर चोरी नगदी समेत आभूषण गायब

जासं, रखौना, वस्ती: नंदपुर गांव में बुधवार रात चोरों ने एक फालोवर के घर को निशाना बनाया। चोरों ने संदूक का ताला तोड़कर नगदी और आभूषण चुरा लिए। सुबह जब परिवार के सदस्यों को घटना का पता चला, तो उन्होंने डायल 112 पर सूचना दी।

राजू कुमार, जो हरैया थाने पर फालोवर की ड्यूटी पर थे, उस रात ड्यूटी पर गए थे। उनकी पत्नी सविता और बच्चे छत पर सो रहे थे। सुबह उठने पर मुख्य दरवाजा खुला मिला और कमरों में सामान बिखरा हुआ था। दो संदूक के ताले टूटे हुए थे और कीमती सामान गायब था। घर के पास एक खेत में संदूक फेंके हुए मिले। परिवार ने घटना की जानकारी पुलिस को दी।

# हंगामा कर र
# पकड़ कर पुलि

जासं, विक्रमजोत: छ
खतमसराय गांव
परिवार की मदद
को धमकाने पहुंचे
ग्रामीणों ने पकड़क
कर दिया। विनोद
बताया कि गांव मे
रुपये के लेनदेन
चल रहा था। इस
एक पक्ष के मद
उनके परिवार को
धमकाने के लिए
पहुंचे। विनोद
अपशब्द कहते
आसपास के लोग
नशे में धुत हंगामा
ग्रामीणों ने पकड़

# विधायक ने आंदोलन को दिय

जागरण संवाददाता, गनेशपुर, बस्ती: गोविंदनगर चीनी मिल को दोबारा चालू कराने की मांग को लेकर किसानों, कर्मचारियों व व्यापारियों का धरना लगातार तीसरे दिन भी जारी रहा। सदर विधायक महेन्द्रनाथ यादव ने धरना स्थल पर पहुंच कर श्रमिकों एवं किसानों की मांगों का समर्थन किया। उन्होंने भरोसा दिलाया कि मिल को फिर से चलवाने के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा।

विधायक ने जिलाधिकारी से इस संबंध में बात की और सुझाव दिया कि बस्ती चीनी मिल की भूमि और मशीनरी को बेचकर श्रमिक और किसानों का बकाया चुकाया जाए। साथ ही उन्होंने यह भी सुनिश्चित करने की मांग की कि गोविंदनगर मिल से कोई भी मशीनरी बाहर न ले जाई जाए। विधायक ने प्रदर्शनकारियों से शांति बनाए रखने और संवैधानिक तरीके से अपना धरना जारी रखने की अपील की। उन्होंने याद दिलाया कि 2015 में जब उनकी सरकार थी तो तत्कालीन मुख्यमंत्री अखिलेश यादव

- गोविंदनगर चीनी मिल गेट पर श्रमिकों के धरने में शामिल हुए सदर विधायक
- ची मां श्र



गोविंदनगर मिल गेट पर धरनारत श्रमिकों व किसानों

के प्रयासों से यह गोविंदनगर चीनी मिल दोबारा शुरू हुई थी। आंदोलनकारियों ने चेतावनी दी है कि जब तक मिल प्रबंधन इसे फिर से चालू करने की घोषणा नहीं करता, तब तक वे अपना धरना जारी रखेंगे और मिल से किसी भी सामान को बाहर नहीं जाने देंगे।

भारतीय किसान यूनियन के जिला उपाध्यक्ष गनीराम चौधरी और अन्य नेताओं ने भी कहा कि मिल को हर

हाल
प्रतिनि
लोगों
मिल
किया
कमले
पांडे,
चौधरी
चौधरी
चौधरी
मौर्य

# महिला के साथ मंगलसूत्र की छिनैती

जासं, महादेवा: खेत में पशुओं का चारा काटने गई महिला के साथ चेन स्नेचिंग की घटना सामने आई है। पुलिस ने घटना को संज्ञान में लेकर मामले की जांच शुरू का दी है। बुधवार शाम करीब साढ़े पांच बजे मुंडेरवा थानाक्षेत्र के मसौना

गांव की माधुरी
में चरी काटने
बाइक सवार दो
गांजा के पौधे के
महिला कुछ
पहले ही बाइक
का मंगलसूत्र छी

# अभियान में आठ किशो
# श्रमिकों का चिह्नांकन



शुभम स्वीट हाउस में किशोर श्रमिक के नियोजित होने पर पूछताछ करती टीम • सं

जागरण संवाददाता, बस्तीः बाल श्रम जिला टास्क फोर्स (डीटीएफ) की टीम ने जनपद में बाल श्रम के विरुद्ध अभियान चलाया, जिसमें आठ किशोर श्रमिकों का चिह्नांकन किया गया। सेवायोजक चौधरी आटो पार्ट्स, शुभम स्वीट हाउस, श्रीराम ढाबा एंड रेस्टोरेन्ट, ठाकुर भानु सिंह टी स्टाल, कन्हैया आटो पार्ट्स एवं फ्रेंड्स आटो पार्ट्स के

अभियान चलाया जा रहा है में बस्ती में छह प्रतिष्ठानों आठ किशोर श्रमिकों को चि सेवायोजकों के विरुद्ध कार नोटिस जारी की गई है। अधिकारी ने बताया कि बा विरुद्ध लगातार अभियान नियोजकों के विरुद्ध कार्रवाई है। इस वित्त वर्ष में अब त

# अतिक्रमण हटाने पहुंची टीम हुई बैरं

जागरण संवाददाता, परशुरामपुर, बस्ती: क्षेत्र के पेरीपोखर गांव में गुरुवार को राजस्व टीम और पुलिस बल ने ग्राम समाज की भूमि से अतिक्रमण हटाने का प्रयास किया। जैसे ही बुलडोजर से अतिक्रमण हटाने की प्रक्रिया शुरू हुई, गांव के कुछ लोग मंदिर को हटाने का विरोध करने लगे। जांच में पता चला कि मुन्नी देवी ने उसी भूमि पर प्रधानमंत्री आवास का निर्माण कराया है।

मकान के सामने रखी झोपड़ी और चहारदीवारी गिराने के बाद कार्रवाई रोक दी गई। मंदिर के पुजारी राम

सागर उपाध्याय ने
की भूमि पर स्थग
जानकारी मिली
बेदखली का आदे
पारित किया ग
तहसीलदार ऋषभ
उच्चाधिकारियों
अतिक्रमण हटाने
राजस्व निरीक्षक विं
निरीक्षक गोमती
निरीक्षक सर्वा सिंह
पांडेय, रविन्द्र सिंह,
कुमार उपाध्याय,
मौजूद रहे।

# आंत कटने के बाद फैला था संक्रमण
# जांच टीम ने दर्ज किया सर्जन का बया

## पीड़ित की शिकायत पर सीएमओ की ओर से गठित चार सदस्यीय टीम ने शुरू की ज

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** शहर के रौता चौराहा स्थित अवध मेडिकल सेंटर में ऑपरेशन के दौरान आंत काटने और इंफेक्शन फैल जाने के मामले में हुई शिकायत की जांच शुरू हो गई है। बृहस्पतिवार को टीम अस्पताल पहुंची। सर्जन का बयान दर्ज किया।

कलवारी थानाक्षेत्र के पकड़ी झब्बर निवासी विशाल सोनी ने सीएमओ को दिए पत्र में आरोप लगाया था कि पेट में दर्द होने पर वह अपनी पत्नी को रौता चौराहा स्थित अवध मेडिकल सेंटर में दिखाने गए थे। 21 मार्च को चिकित्सक ने पत्नी

### अवध मेडिकल सेंटर का मामला, पीड़ित ने दुर्व्यवहार का भी लगाया है आरोप

का ऑपरेशन किया। ऑपरेशन के बाद मवाद बनने लगा।

आरोप लगाया कि डॉक्टर ने गुमराह करके 30 से 35 दिन तक इलाज किया। उसके बाद परिजन से दुर्व्यवहार किया। बिना रसीद दिए डिस्चार्ज कर दिया। उसके बाद वह दूसरे निजी अस्पताल दिखाने ले गए। वहां के चिकित्सक ने बताया कि लापरवाही पूर्वक इलाज के चलते आंत कट गई है, इंफेक्शन हो गया है। सीएमओ ने शिकायत को स में लेते हुए चार सदस्यीय टीम ग की। इसमें डिप्टी सीएमओ डॉ. चौधरी, सर्जन डॉ. विजय कु निश्चेतक डॉ. प्रदीप कुमार प्रशासनिक अधिकारी श्रवण कु को शामिल किया गया।

डिप्टी सीएमओ ने बताया जांच के लिए अस्पताल पहुंचे। सर्जन डॉ. एसी श्रीवास्तव का ब दर्ज किया गया।

डिप्टी सीएमओ ने कहा कि अन्य बिंदुओं पर भी जांच की रही है। जल्द से जल्द जांच पूरी सीएमओ को आख्या सौंप जाएगी।

# डॉक्टर पर नौकरी दिलाने के नाम पर रुपये हड़पने का केस

**बस्ती।** कोतवाली पुलिस ने पशु पालन विभाग में ड्राइवर की नौकरी का झांसा देकर 2.10 लाख रुपये हड़पने और रुपये मांगने पर धमकी देने के मामले में केस दर्ज किया है। कोतवाली क्षेत्र के सिविल लाइंस निवासी राधेश्याम ने तहरीर दी। बताया कि 15 जुलाई को कटरा पानी टंकी के पास जिला अस्पताल का आउट सोर्सिंग के रूप में तैनात डॉ केएम गुप्ता मिला। उसने उसके लड़के मुकेश की संविदा पर नौकरी लगवा देने की बात कही। रुपये लेने के बाद दो-तीन महीने इंतजार करने को कहा। नौकरी न लगने पर राधेश्याम पैसे की मांग करने लगा तो आनाकानी करने लगा। 01 फरवरी 2024 को 10 हजार रुपये यूपीआई ट्रांजेक्शन से भेजा। शेष दो लाख दस हजार रुपये देने से कतराने लगा और फोन पर उल्टा सीधा कहने लगा। संवाद

# हरियाणा के ससुरालियों पर दहेज उत्पीड़न का केस

**रुधौली।** पुलिस ने हरियाणा के झज्जर निवासी चार ससुरालियों पर केस दर्ज किया है। पीड़िता ने तहरीर दी कि 26 जनवरी 2021 को उसकी शादी झज्जर के कोसलीरोड किला कॉलोनी के अतुल गुप्ता पुत्र निरंजन गुप्ता के साथ हुई थी। कुछ दिन बाद ससुराल के लोग कम दहेज के लिए ताना व शारीरिक व मानसिक रुप से प्रताड़ित करने लगे। आरोप है कि गाली व जान से मारने की धमकी भी देने लगे। एसएचओ विजय कुमार दुबे ने बताया कि पीड़िता के पति अतुल गुप्ता, उसके पिता निरंज गुप्ता, सास मधुबाला, जेठ परवेश और जेठानी सोनिया के खिलाफ केस दर्ज किया है। संवाद

# हरैंया क्षेत्र में फिर दिखे ड्रोन

## दहशत में ग्रामीण, दे रहे पहरा

### क्षेत्र में ताबड़तोड़ चोरी के बीच ड्रोन से मची सनसनी

संवाद न्यूज एजेंसी

महराजगंज (बस्ती)। क्षेत्र में चोरी की ताबड़तोड़ वारदातों से परेशान हरैंया क्षेत्र के लोगों की ड्रोन ने परेशानी बढ़ा दी है। बुधवार-बृहस्पतिवार आधीरात के बाद कई ड्रोन उड़ने लगे। इससे ग्रामीणों की नींद उड़ गई। सूचना पर पुलिस भी पहुंची लेकिन उनकी समझ में कुछ नहीं आया। किसी आपराधिक साजिश के संदेह में पूरी रात जागकर ग्रामीण घर और सामान की रखवाली कर रहे हैं।

थाना क्षेत्र के देवरी व समौडी गांव में 12 अगस्त को भीषण चोरी से ग्रामीणों में भय व्याप्त है। लेकिन पुलिस अभी तक चोरी की घटना पर्दाफाश नहीं कर पाई। ग्रामीण गांव में लाठी-डंडा लेकर रात में पहरा दे रहे हैं। दूसरी ओर ठुठवा, देवरी, महादेवरी, समौडी, पेंडारी तथा सेमरहिया आदि गांवों में आधी रात को आसमान में कई ड्रोन उड़ते दिखाई दिए। इससे ग्रामीणों में दशक फैल गई। लोग तरह-तरह की चर्चा करने लगे। पुलिस रात्रि में गश्त कर रही है। ठुठवा गांव के राकेश त्रिपाठी ने बताया कि गांव में बुधवार की रात में तीन संदिग्ध लोग देखे गए। ग्रामीणों के जागने पर भाग गए।

देवरी गांव के शिवशंकर शुक्ल ने बताया कि जब से गांव में चोरी हुई है, हम लोगों की नींद हराम हो गई है। रात भर पहरा देना पड़ रहा है। सेमरहिया गांव के रामधानी पांडेय ने बताया कि रात में ड्रोन उड़ रहा था। हम लोग डरे सहमे थे। पुलिस गांव में आई तब जान में जान आई। महादेवरी के अरुण शुक्ल ने बताया कि चार दिन से लगातार ड्रोन उड़ रहे हैं और पुलिस को कोई सुराग नहीं मिल पाना चिंता का विषय है।

# धीमी गति से उतर रही सरयू
# कटान से दहशत में ग्रामीण

## लाल निशान से 10 सेमी ऊपर बह रही नदी, धारा में विलीन हो रहा अंत्येष्टि स्थ

संवाद न्यूज एजेंसी

**विक्रमजोत।** सरयू नदी का जलस्तर धीमी गति से घटने लगा है। इससे कटान का खतरा बढ़ गया है। क्षेत्र के बीडी व एलबी तटबंध और नदी के बीच बसे एक दर्जन गांवों में बाढ़ का पानी आफत बनकर आया है। जगह- जगह भीषण कटान भी हो रही है। कटान करते हुए कई गांवों में नदी आबादी के समीप पहुंच गई है। इससे ग्रामीण दहशत में हैं।



विक्रमजोत के पकड़ी संग्राम में धारा में विलीन हो रहा अंत्येष्टि स्थल। संवा

केंद्रीय जल आयोग अयोध्या के जलकर्मी राम तिलक ने बताया कि बृहस्पतिवार से जलस्तर में गिरावट शुरू हुई है। शाम पांच बजे नदी का जलस्तर 92.830 मीटर पर रिकार्ड किया गया है। यह खतरे के निशान 92.730 मीटर से दस सेमी अधिक है। नदी अभी भी लाल निशान से ऊपर होकर प्रवाहित हो रही है। तीव्र धारा के आगे बाढ़ खंड का बचाव कार्य भी नाकाफी साबित हो रहा है।

विक्रमजोत विकास क्षेत्र के एलबी तटबंध के निकट रानीपुर कठवनियां व केशवपुर में नदी धीमी गति से कटान करते हुए तटबंध से सटने को आतुर है। वहीं कल्यानपुर के पास स्थिति सैन्य भूमि पड़ाव के पास तीव्र गति से कटान हो रही है। यहां भी नदी आबादी से सट रही है। बीडी बांध के पास बसे अर्जुनपुर, पकड़ी संग्राम, नरसिंहपुर, कन्हईपुर व खेमराजपुर में भी कटान हो रही है। पकड़ी संग्राम का अंत्येष्टि स्थल का काफी हिस्सा नदी की धारा में विलीन हो चुका है। यहां के ग्रामीण भीषण कटान देख दहशत में है।

गांव के भगवानदीन निषाद, दुर्गा सिंह, तेज नरायन निषाद, शशिकपूर, जोखू, राम कनौजिया, शिव प्रताप गुप्त बताया कि पिछले साल हुई क को रोकने के लिए प्रशासन से ल मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत गई थी। लेकिन, जिम्मेदारों ने नहीं ली। दुबौलिया संवाद अनुसार मैरुंड गांव सुबिका और आंशिक टेढ़वा के ग्रामीणो परेशानियां कम नहीं हो रही है। पशुचारे का संकट खड़ा हो गय कटरिया-चांदपुर तटबंध पर ठ नंबर एक पर नदी का द बरकरार है।

**विरोध** मिल गेट पर श्रमिकों-किसानों ने तीसरे दिन भी दिया धरना

# अड़े किसान-मजदूर, मिल चालू होने तक धरना जारी रखने का ऐलान

संवाद न्यूज एजेंसी

**वाल्टरगंज।** गोविंदनगर शुगर मिल गेट पर मिल श्रमिक, किसान व व्यापारियों का धरना तीसरे दिन भी जारी रहा। मिल चालू होने तक धरना जारी रखने की हुंकार भरी। सदर विधायक महेंद्र नाथ यादव ने कहा कि मिल चलवाने के लिए समाजवादी पार्टी सड़क से लेकर सदन तक लड़ाई लड़ेगी।

उन्होंने कहा कि सपा इस मिल को लेकर कई बार विधानसभा में मुद्दा उठा चुकी है। मिल के बंद हो जाने से क्षेत्र के किसान, मिल श्रमिक, और व्यापारियों पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है।



गोविंद नगर चीनी मिल के गेट पर चल रहा धरना। स्रोत-विज्ञप्ति

करणी सेना के यशवंत सिंह ने कहा कि जब तक मिल से धुआं नहीं निकलेगा तब तक यहां के किसान, व्यापारी, श्रमिक चुप नहीं बैठेंगे। धरने को आगे भी जारी रखा जाएगा। पूर्व प्रधान अमर नाथ चौधरी ने कहा कि किसानों के लिए मिल चलना ही मकसद है जिसके लिए हम सभी लोग एकजुट होकर मिल चलने तक अपनी मांग को जारी रखेंगे। किसान नेता गनीराम चौधरी ने कहा कि मिल बंद होने से किसान एकदम टूट चुका है। धरने में महेश पाण्डेय, राकेश चौधरी, वीरेंद्र चौधरी, लालजी चौधरी, रोलू सिंह, राजेश राजभर आदि मौजूद रहे।

# रात में धमकाने पहुंचे युवक को पकड़ कर पुलिस को सौंपा

संवाद न्यूज एजेंसी

**विक्रमजोत।** छावनी थाना क्षेत्र के खतमसराय गांव में धमकाने पहुंचे युवक को ग्रामीणों ने पकड़ कर पुलिस को सौंप दिया। गांव निवासी विनोद सिंह ने बृहस्पतिवार को छावनी पुलिस को तहरीर देकर बताया कि गांव के दो लोगों में रूपयों के लेन-देन को लेकर विवाद चल रहा था।

जिसमें एक पक्ष के मदद का आरोप लगाते हुए बुधवार की रात 9 बजे घर पर पहुंचे दो युवकों ने विनोद व उनके परिजनों को गाली गुप्ता देकर धमकाना शुरू कर दिया।

इस पर पास पड़ोस वाले भी जुट गये। नशे की हालत में हंगामा कर रहे युवकों को पकड़ लिया। इस दौरान एक युवक अंधेरे का फायदा उठा कर भाग निकला। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस युवक को हिरासत में लेकर थाने चली गई। चौकी प्रभारी विक्रमजोत शशिशेखर सिंह ने बताया कि दूसरे युवक की तलाश की जा रही है। हिरासत में आये संदिग्ध के आपराधिक इतिहास देखते हुए कार्रवाही की जा रही है।

# नकब लगाकर लाखों के जेवर व नकदी चोरी

**हरैंया।** बुधवार रात बरहपुर गांव में पक्के मकान में पीछे की दीवार में नकब लगाकर लाखों के जेवर व नकदी चोरी हो गई। बरामदे में सो रहे परिवार के लोगों की सुबह नींद खुली तो वारदात की जानकारी हुई। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है। गांव निवासी अजय कुमार वर्मा बुधवार रात को खाना खाने के बाद परिवार के साथ बरामदे में सोने चले गए। सुबह कमरे का ताला खोलकर कर अंदर गए तो आलमारी व बॉक्स का ताला टूटा देख सहम गए। कमरे में सामान बिखरा पड़ा था। ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। अजय वर्मा ने बताया कि चोर करीब दो लाख के जेवर व 45 हजार नकद चुरा ले गए। पीड़ित ने इस संबंध में थाने पर तहरीर दी है कोतवाल तहसीलदार सिंह ने बताया कि घटना संज्ञान में है। जांच की जा रही है। संवाद

# गेमिंग की आड़ में जुआ
# वाले पकड़ रहे अपराध

## ऑनलाइन गेम में जमापूंजी गंवा रहे युवा, अवसाद में कर रहे खुदकुशी, भरपा

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** लोकसभा में प्रमोशन एंड रेगुलेशन ऑफ ऑनलाइन गेमिंग बिल, 2025 के पारित होने की जानकारी मिलने के बाद उनमें खुशी की लहर दौड़ गई। उम्मीद है कि रुपये की बाजी लगाने वाले ऐसे ऑल लाइन गेम का गेम ओवर हो जाएगा।

कारण यह कि ऑनलाइन गेमिंग की लत में पड़कर जिले के हजारों युवा न केवल अपनी कमाई गंवा रहे हैं,बल्कि नशे और अपराध के दलदल में भी फंसते जा रहे हैं। इतना ही नहीं, उनके मन मष्तिस्क पर गेमिंग का ऐसा फितूर हावी है कि दूसरे किसी काम में उनका मन ही नहीं लगता है।

पुलिस अधिकारी बताते हैं कि बाजी में जमापूंजी गंवाने के गम में कई युवक आत्मघाती कदम उठा रहे हैं। युवाओं में खुदकुशी की यह एक बड़ी वजह बनकर उभरा है। हाल में कलवारी क्षेत्र के 27 वर्षीय एक युवक ने पिता के दिए हुए रुपये हारने के बाद

### खाते से कट गए 89 हजार रुपये

गांधीनगर का एक युवक फेसबुक पर एड देखकर मोबाइल फोन पर नंबर गेम वाला एप इंस्टाल कर लिया। उस एप के नियम-शर्तों के मुताबिक, उसने अपना बैंक एकाउंट लिंक कर दिया। कुछ दिन तक वह सौ-दो सौ रुपये दांव पर लगाता रहा। उसमें कभी एक हजार तो कभी पांच सौ रुपये जीतता रहा। उसके बाद उसने दो से तीन हजार रुपये लगाना शुरू कर दिया। एक महीने बाद अचानक उसके खाते में जमा 89 हजार रुपये कट गए। इसकी उसने पुलिस से शिकायत की। साइबर सेल ने जांच की तो पता चला कि वह सारी रकम हार चुका है।

ऑनलाइन जुए में रुपये हारते जाने की उलझन में फंसे कोतवाली क्षेत्र के सियरोबास निवासी युवक ने 28 जून को अपने अपहरण की कहानी गढ़ डाली। पत्नी और पिता को गुमराह करके रुपये मंगाया।

उसकी हरकतों पर शक होने पर उसके पिता ने कोतवाली में तहरीर दी। बाद में पुलिस ने धोखाधड़ी करके रुपये लेने के आरोप में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। हाल के दिनों में ऐसे कई मामले सामने आ रहे हैं। साइबर थाने के प्रभारी निरीक्षक विकास यादव कहते हैं कि आज के दौर में सबके हाथ में इंटरनेट और मोबाइल है। जिसमें तमाम इस

हैं। इसमें ऑनलाइन गेमिंग एप भ चलते हैं। जिसे दूसरे प्रांत या देश से संचालित किया जाता है। इससे लोगों को रोकना पुलिस के लिए काफी मुश्किल काम है। हां, अगर कोई शिकायत करता है कि उसके साथ धोखाधड़ी हुई है तो उस पर साइबर अपराध के तहत कार्रवाई की जाती है।

**हारने पर लूट का किया नाटक** : सोनहा थानाक्षेत्र का एक युवक मोबाइल पर चलने वाला तीन पत्ती एप से जुआ खेलता था।

उसमें वह घर के काम के लिए रखे साढ़े 39 हजार रुपये बिना किसी को बताए दांव पर लगा दिया और पूरी रकम हार गया। इस रकम की भरपाई के लिए वह

# सांप देख मोड़ी बाइक, हादसे में दंपती समेत तीन घायल

## चोटिल युवक से दूसरे बाइक सवार ने की मारपीट, पुलिस से शिकायत

संवाद न्यूज एजेंसी

**भानपुर।** सोनहा थाना क्षेत्र के भानपुर-रुधौली मार्ग पर खैरा पुल से पहले बृहस्पतिवार को सांप देख बाइक मोड़ते ही दूसरी बाइकों से टक्कर हो गई। हादसे में तीन लोग घायल हो गए।

एक बाइक पर सवार पति-पत्नी को गंभीर चोटें आईं। महिला के सिर के पिछले हिस्से में 18 टांके लगाने पड़े। सीएचसी में प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

जानकारी के मुताबिक, संतकबीरनगर के बखिरा थानाक्षेत्र के देवकाली निवासी 28 वर्षीय सूरज अपनी 26 वर्षीय पत्नी नीलम के साथ साढ़ू के यहां गौर थाना क्षेत्र के अईला बढ़नी गांव में एक रिश्तेदार के अंतिम संस्कार में शामिल होने गए थे।

लौटते समय दोपहर करीब 1:30 बजे भानपुर-रुधौली मार्ग पर खैरा पुल के पहले सड़क के बीच सांप आ गया। उसने अपनी बाइक दूसरी तरफ मोड़ी तभी पीछे से तेज रफ्तार आ रही दूसरी बाइक से टक्कर हो गई। सड़क पर गिरकर पति-पत्नी घायल हो गए।

पीछे टैंपो से आ रहे अन्य रिश्तेदारों ने उसकी पत्नी की हालत गंभीर देख उसे अस्पताल पहुंचाया। सूरज को अकेला पाकर दूसरे बाइक सवार ने हेलमेट से पीटने लगा और मोबाइल भी छीन लिया। घटना की सूचना पाकर सोनहा थाने से पहुंची पुलिस ने घायलों से पूछताछ की।

# डग्गामार तीन बसें सीज आठ का किया चालान

## रोडवेज और परिवहन विभाग ने की कार्रवाई



नेशनल हाईवे पर चेकिंग करती संयुक्त टीम। संवाद

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**बस्ती।** रोडवेज बस्ती डिपो प्रशासन एवं परिवहन विभाग की संयुक्त टीम ने सुबह से ही अभियान चलाना शुरू कर दिया है। इस दौरान विभिन्न रूटों पर अनधिकृत रूप से दौड़ रहे डग्गामार वाहनों की धरपकड़ की गई। जिससे हाईवे समेत अन्य रूटों पर हड़कंप की स्थिति रही। तीन बस सीज किए जबकि आठ का चालान किया गया। जांच की सूचना से डग्गामार संचालकों में खलबली रही और कई वाहन चालक चेकिंग के चलते वाहनों को लेकर भागे और इधर-उधर खड़ा कर दिया।

डग्गामार वाहनों के खिलाफ बृहस्पतिवार को परिवहन निगम, संभागीय परिवहन विभाग और संचालित तीन बसों को सीज किया गया। कार्रवाई की सूचना पर कई जगहों से चालक बस लेकर निकल गए। वहीं अवैध पार्किंग कर सवारी भर रहे टैंपो चालकों को भी चेतावनी दी गई। एआरएम आयुष भटनागर के नेतृत्व में रोडवेज बस्ती डिपो के सामने, एक किमी परिधि में डग्गामार वाहनों को चिह्नित करने की कार्रवाई की गई। नेशनल हाईवे के मूड़घाट चौराहा और बड़ेवन ओवरब्रिज के पास अभियान चलाया गया। परिवहन विभाग के पीटीओ, टीएसआई, अभिनव श्रीवतास्तव, इंद्रजीत तिवारी, महेंद्र प्रताप, राजेश मिश्रा, मनीष श्रीवास्तव मौजूद रहे।

एआरएम ने बताया कि यह अभियान जारी रहेगा। बताया कि डग्गामारों के चलते कम हो रहे

# प्रशिक्षुओं को मोहरा बना रहे धंधे

# दवा-जांच से भर्ती तक का जिम्म

## जिला अस्पताल में बी और डी फार्मा के छात्रों से लिखवा रहे बाहर की दवाएं, डॉक्टर दे रहे

**मरीज माफिया**

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** जिला अस्पताल में अप्रेंटिस कर चुके बी-डी फार्मा छात्रों को मोहरा बनाकर मरीज माफिया खेल कर रहे हैं। अस्पताल से प्रशिक्षण अवधि पूरा करने के बाद भी इन छात्रों को जिला अस्पताल का मोह छोड़ नहीं रहा है।

जानकारों का कहना है कि वे मरीज माफिया और डॉक्टर के बीच कड़ी का काम कर रहे हैं। कुछ डॉक्टरों ने ओपीडी, इमर्जेंसी वार्ड से लेकर भर्ती व्यवस्था तक की कमान उन्हीं को दे रखी है। किस मरीज को कहां जांच करानी है। दवा कहां से लेनी है, ये सब तय करते हैं।

लोगों ने बताया कि फर्जी डॉक्टर के पकड़े जाने से अस्पताल प्रशासन की किरकिरी के बाद भी अस्पताल के डॉक्टर और सहकर्मी डरे नहीं, बल्कि और चौड़े से कार्य में लग गए हैं। यहां एक-दो डॉक्टर ही नहीं, कथित सहकर्मी भी मरीजों के सर्वेसर्वा बन गए हैं। मरीज अनूप ने बताया कि इससे मरीज असली डॉक्टर से मिल नहीं पाता। नकली डॉक्टर से ही मिलकर मरीज संतुष्टि पा लेता है।

जानकारों ने बताया कि जिला अस्पताल में तीन शिफ्ट में डॉक्टरों की ड्यूटी लगाई जाती है। उसी टाइम शेड्यूल से डॉक्टर अपने चेले भी सेट करके रखे हैं। ओपीडी में अलग व्यक्ति व्यवस्था देखता है तो इमरजेंसी और ट्रामा में दूसरे व्यक्ति पर जिम्मेदारी होती है। राउंड के साथ अलग व्यक्ति पर्चा और सादा कागज लेकर खड़ा रहता है। यहां तक की खुद ही दवा लिखकर रखा रहता है। सिर्फ पर्ची पकड़ाते कर्मी आगे बढ़ते हैं।




जिला चिकित्सालय बस्ती। संवाद

### कमीशन की दवा लिखकर डॉक्टर कराते हैं छात्रों की कमाई

मरीज कंचन ने बताया कि अधिकतर लड़के नए हैं। वह सिर्फ दवा पर्ची, भर्ती फाइल और ऑपरेशन के रेट तय करते हैं। बिना उनके ऑपरेशन और उपचार कठिन है। शाम होते ही ट्रामा सेंटर और इमरजेंसी में मरीज माफिया सक्रिय हो जाते हैं। दिन में ओपीडी समेत वार्डों के आसपास घूमते रहते हैं।

### 42 के स्थान पर 70 छात्र कर रहे अप्रेंटिस

जिला अस्पताल में वर्तमान में 42 पद पर डी फार्मा व बी फार्मा छात्रों का अप्रेंटिस कराया जाता है। लेकिन, वर्तमान में यहां 70 बच्चे अप्रेंटिस कर रहे हैं। इंटर्न छात्रों की ड्यूटी अप्रेंटिस के लिए विभिन्न वार्डों में लगाई जाती है। यहां तक कि दवा काउंटर पर भी उन्हीं को बैठा दिया जाता है।

**डॉक्टर पर रहता है बड़े दवा व्यवसायियों का दबाव :** जिला अस्पताल में बाहर की दवाएं लिखी जा रही हैं। गौरव ने बताया कि कमीशन के चलते बाहर की महंगी दवाएं लेना मरीजों की मजबूरी है। मरीज ने बताया कि जो डॉक्टर दवा लिखते हैं वह सेटिंग की दुकान पर ही मिलती है। दूसरी जगह से दवा लेने पर डॉक्टर के साथ बिचौलिए नाराज होते हैं। ऐसे में डॉक्टर भी कमीशन को ज्यादा तवज्जो दे रहे हैं। मरीज ने बताया कि वह ओपीडी में बैठे चिकित्सक के पास पहुंचा। चिकित्सक ने सिर्फ दिक्कत पूछी, शेष काम उनके बगल बैठे व्यक्ति ने कर दिया। दो पर्ची मिली। एक बाहर वाली एक अंदर की।

**निशुल्क उपचार नाम का :** जिला अस्पताल में मरीज माफिया के हावी होने से आर्थिक रूप से कमजोर रोगी निशुल्क इलाज की आस में पहुंच रहा है, लेकिन उनको निजी अस्पतालों की तरह रुपये खर्च करने पड़ रहे हैं। सूत्रों
दलाल सिर्फ खास
लिखवाते हैं। इसमें
अधिक कमीशन त
बताया कि निशुल्क
कहने को है, अधिक
बाहर से लानी पड़ती
उसी कमीशन से डॉ
को सैलरी देते हैं। इस
चुके छात्र इसे छोड़
चाह रहे। इसी से रो
हो रहा है।

जिला अ
व्यक्तिय
है। जो
कार्य के ल
है, उसके बारे में पूछ
है। बाहरी दवा, जांच
ऐसा करने पर संबंधि
की जा रही है। बाहरी
से इमरजेंसी में घुस
सक्षम अधिकारी के
के खिलाफ जांच कम
-डॉ. खालिद रिज
एसआईसी, जिल

**सोमवार से अनुप**
जिला अस्पताल में
आला लगाए मरीजों
पकड़ा गया आरो
छात्र सोमवार से मे
बस्ती में अनुपरि
प्रधानाचार्य डॉ. अ
कहना है कि छात्र
तक कोई जानकारि
सोमवार से ही वह
चार दिन बीत गए
संपर्क नहीं हुआ। छ
ही कुछ कहा जा स

## जिला अस्पताल के ट्रामा सेंटर में बाहर की दवा लिखने वाले डॉक्टर की जांच के लिए कमे

**बस्ती।** जिला अस्पताल के ट्रामा सेंटर में मेडिकल स्टोर संचालक को

### ट्रामा सेंटर में मेडिकल स्टोर संचालक का दवा लिखवाने का

वहीं, बृहस्पतिवार को जांच टीम बनाई। उसमें आर्थो सर्जन डॉ. अनिल

पहले जिससे विवाद
बैठकर यहां दवा लि

SIDDHARTH NAGAR POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

4

# सराहनीय कार्य दिनांक:-22-08-2025

# ताबूत को देख भर आईं अकीदतमंदों की आंखें

## हल्लौर स्थित इमाम बारगाह वक्फ शाह आलमगीर सानी से निकाला गया मातमी जुलूस

संवाद न्यूज एजेंसी

**डुमरियागंज।** क्षेत्र के शिया बाहुल्य कस्बा हल्लौर स्थित इमाम बारगाह वक्फ शाह आलमगीर सानी दरगाह चौक से बृहस्पतिवार को हजरत इमाम हुसैन और कर्बला के 72 शहीदों की की याद में मातमी जुलूस निकाला गया। इसमे शामिल अकीदतमंदों ने नौहा-मातम करके कर्बला के शहीदों को खिराजे अकीदत पेश की। जुलूस देर शाम कर्बला पर पहुंचकर समाप्त हो गया। वहीं ताबूत की जियारत के लिए इमामिया मकतब में औरतों का भारी हुजूम सारी रात उमड़ता रहा। हर तरफ सलाम कर्बला वालों, ऐ खुदा वालों की सदाएं बुलंद होती रहीं।

कार्यक्रम की शुरुआत महताब हैदर ने कलाम पाक की तिलावत करके की। इसके बाद मरसिया, मजलिस आयोजित की गई। मरसिया अंबर मेंहदी और उनके सहयोगी ने पढ़ा। मजलिस को जाकिर जमाल हैदर कर्बलाई ने संबोधित करते हुए कर्बला के सभी शहीदों का फजायल और मसायब विस्तार से बयान किया। मजलिस के आखिर में हजरत इमाम हुसैन की शहादत का मंजर बयान किया, जिसको सुनकर सभी अकीदतमंद हाय हुसैन, हाय कर्बला वालों की सदाएं बुलंद कर रो पड़े।

मरसिया मजलिस के बाद 72 ताबूत का जुलूस नौहा पढ़कर मातम के साथ निकाला गया। यह दरगाह हजरत अब्बास और जन्नतुल बकी होते हुए कर्बला पर पहुंचा। अकीदतमंदों ने कर्बला के शहीदों की शहादत पर आधारित दर्द और नौहे पढ़े और मातम किया।

### दूसरे जिले के लोग भी जुलूस में हुए शामिल

**डुमरियागंज।** हल्लौर में बृहस्पतिवार की शाम को निकाले गए 72 ताबूत के मातमी जुलूस में हल्लौर कस्बे के अलावा तिलगड़िया, टड़वा, हटवा, जमौतिया, वासा, नौवा गांव, रामभारी, उतरौला, बस्ती, गोरखपुर, फैजाबाद, आजमगढ़ आदि स्थानों से भी बड़ी तादाद में हुसैनी अकीदतमंदों ने शिरकत की। बाहर से आए हुए अकीदतमंदों के लिए आयोजन कमेटी ने भोजन का इंतजाम किया था। साथ ही दरगाह चौक, दरगाह हजरत अब्बास के निकट लोगों ने ठंडा पानी, सबील, चाय आदि के स्टॉल लगाए थे।

पूर्वोत्तर रेलवे

# बलिदानियों के ताबूत देख आंखों से छलके आंसू

## हल्लौर में कर्बला के 72 बलिदानियों की याद में निकाला जुलूस छाया रहा गम का माहौल

जागरण संवाददाता, डुमरियागंज : शिया बहुल कस्बा हल्लौर में इमाम हुसैन व कर्बला के 72 बलिदानियों की याद में हर वर्ष की भांति इस साल भी गुरुवार को शोक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। मरसिया, मजलिस हुई। नौहा-मातम के साथ ताबूत का जुलूस निकाला गया। जिसके दर्शनार्थ हर हुसैनी अनुयाई व्याकुल व गम में डूबा नजर आया।

चार बजे अपराह्न कस्बे के मध्य स्थित बड़े इमामबाड़ा शाह आलमगीर से अंजुमन हैदरी मुंबई व हुसैनी अनुयाई हल्लौर के बैनर तले 72 बलिदानियों के ताबूत एक-एक करके निकाले गए। हर बलिदानी के ताबूत के बारे में जाकिर जमाल हैदर ने उनकी शहादत के दर्दनाक मंजर का बयान किया।

जिसको सुन और देख रही हर आंखों से आंसू छलक पड़े। इमामबाड़े से ताबूत, पश्चिम कर्बला रोड की तरफ बढ़ता गया। अंत में नौहा-मातम के साथ जुलूस निकाला। जिसमें इमाम हुसैन की सवारी जुलजनाह की शबीह भी शामिल रही।



शोक कार्यक्रम को संबोधित करते जाकिर जमाल हैदर • जागरण

या हुसैन, या अली की सदाओं के बीच नौहा पढ़ते हुए मातमी दस्ता ताबूत के साथ कर्बला पहुंचा। जुलूस में तिलगड़िया, टड़वा, हटवा, जमौतिया, वासा, नौवा गांव, रामभारी, उतरौला आदि स्थानों से बड़ी तादाद में हुसैनी अकीदतमंदों की उपस्थिति रही। दरगाह हजरत अब्बास, दर-ए-जैनब सहित जगह-जगह हुसैनी शैदाइयों के लिए जलपान की भी व्यवस्था कराई गई। आयोजक टीम में अकबर अहमद, मुख्तार हुसैन, राजू, निसार हैदर, नायाब हैदर, अमानत, साजिद हुसैन, डा. फखरुल हसन, इंतेजार मेंहदी सहित अन्य शामिल रहे।

# बंटवारे में भिड़े दो भाई, एक घायल

**भनवापुर।** त्रिलोकपुर थाना क्षेत्र के पलेशर गांव में बुधवार शाम पुस्तैनी मकान के बंटवारे को लेकर दो भाइयों में विवाद इतना बढ़ा कि मारपीट तक पहुंच गई। घटना में छोटे भाई आत्मा प्रसाद घायल हो गए। पीड़ित आत्मा प्रसाद ने गुरुवार को पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसका बड़ा भाई सुनील कुमार, पत्नी और बच्चों के साथ गांव में स्थित दुकान पर पहुंचकर ताला लगाने लगे। विरोध करने पर मारपीट शुरू कर दी। इसमें उसका सिर फट गया, बांह और कलाई में भी गंभीर चोटें आईं। इलाज के लिए सीएचसी सिरसिया ले जाया गया जहां से डॉक्टरों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# दुष्कर्म के आरोपित व

बानगंगा(एसएनबी) ।चिल्हिया थाना की
कर उसके साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपित
स्टेशन से गिरफ्तार कर लिया और उसे न्या
उसे जेल भेज दिया गया।गिरफ्तार अभियुक्त
महदेवा का निवासी है।चिल्हिया थाना प्रभारी
की पीड़िता के पिता ने थाने पर लिखित तहरी
पहले से शादीशुदा है और उसके दो बच
फुसलाकर उसका अपरहण कर भगा ले गया
में पुलिस टीम लगी हुई थी।विगत18 अगस्त
और उसका मेडिकल परीक्षण कराने के
कराया।पीड़िता के बयान पर आरोपित के वि
तहत मुकदमा दर्ज कर लिया और आरोपित
की दोपहर सूचना मिली कि आरोपित शोहरतग

# दुष्कर्म का अभियुक्त गिरफ

सिद्धार्थ नगर(एसएनबी) ।नाबालिग बालिका व
झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म करने वाले वांछित
सदर थाने की पुलिस ने गिरफ्तार करने ने सफलता
है ।पकड़े गए अभियुक्त का नाम मुमताज अहमद पुत्र
है ।वह मोहाना थाना क्षेत्र के ग्राम तिलसदी का रहने व
गए अभियुक्त के विरुद्ध सदर थाने में मुकदमा दर्ज है

# दो भाईयों के विवाद में एक घाय

भनवापुर (एसएनबी) । त्रिलोकपुर थाना क्षेत्र के
बुधवार को शाम पुस्तैनी मकान के बंटवारे को लेकर द
विवाद में जमकर मारपीट हुई। मारपीट की घटना में ए
फट गया,व हाथ के कलाई व बांह में भी काफी चोटें आ
त्रिलोकपुर पुलिस को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की म
क्षेत्र के पलेशर गांव निवासी आत्मा प्रसाद ने त्रिलोकपुर
अपने शिकायती पत्र में बताया है कि हम दो भाई है। ब
कुमार और मैं छोटा हूं, हमारा एक पुस्तैनी मकान पलेश
पर है, जहां मैं अपना दूकान करता हूं। शाम करीब सा

# कर्बला के शहीदों की याद में नि

बेंवा (एसएनबी)। कर्बला में शहीद हुए इमाम हुसैन और उनके 72 साथियों की याद में क्षेत्र के हल्लौर में गुरुवार को 72 ताबूतों का जुलूस निकाला गया।गावँ के मध्य दरगाह स्थित इमामबारगाह वक्फ शाह आलमगीर सानी से निकला जुलूस कर्बला की तरफ रवाना हुआ। इस दौरान अकीदतमंदों ने ताबूतों का बोसा लेकर अपनी और अपने परिवार की सलामती की दुआएं मांगी। इसके पहले दरगाह पर मर्सिया पढ़ने के बाद मजलिस का भी आयोजन किया गया।

72 ताबूत के जुलूस से पूर्व आयोजित मजलिस की शुरुआत अम्बर मेहदी और उनके साथियों ने मर्सिया से किया। तत्पश्चात निकलने वाले ताबूत पर प्रकाश डालते हुए मौलाना जमाल हैदर ने कहा कि इमाम हुसैन ने हक और ईमान की लड़ाई लड़ी। जुल्म के खिलाफ इंसानियत को बाकी रखने के लिए इमाम हुसैन के साथ 72 लोगों में अपनी शहादत देकर मकसद ए कर्बला हम तक पहुंचाया। जाकिर ने मजलिस में कर्बला में यजीद की ओर से इमाम हुसैन और उनके साथियों पर ढाए गए सितम को विस्तार पूर्वक बताया। कर्बला की पूरी दास्तां सुन वहां मौजूद हजारो की भीड़ की आंखें नम हो गई। मजलिस के दौरान छोटे छोटे बच्चों

ने अपने कंधों पर जनाजे की शक्ल म
शहीदों के ताबूतों को लेकर रवाना हो
शक्ल में कर्बला की तरफ बढ़ते रहे।ज
को गांव की सड़कों पर कतार में खड़े
लेकर सलामती की दुआएं मांगी। शाम
का जुलूस कर्बला पर पहुंचा, जहां अव
कर सीनाजनी की।जुलूस में कमेटी
हसन,नायाब मेडिकल, खादिमअब्बास,
हसन, खेसाल ,मोहम्मद हुसैन ,बेचन
हैदर ,नायाब हैदर ,अमानत हैदर व
रिज्वी, आदिल, सैफ, काजिम रजा, श





हल्लौर में निकले 72 ताबूत, संबोधन करते हुए जावि

# SANT KABEER NAGAR POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

4

# सराहनीय कार्य दिनांक:-22-08-2025

# छेड़छाड़ के आरोपी

संतकबीरनगर। अपर सत्र न्याय
कुमार पंचम की अदालत ने नाब
आरोपी बनाए गए राजन की जम
दिए। पीड़िता की मां ने थाना दु
आरोपी पर अपनी बेटी से छेड़

# नाबालिग से छेड़खानी के

# को तीन वर्ष सश्रम का

संतकबीरनगर। अपर सत्र न्यायाधीश विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट कृष्ण कुमार पंचम की अदालत ने घर में घुसकर अवयस्क लड़की के साथ छेड़खानी करने के मामले में दोषी पाए जाने पर दोषी को तीन वर्ष सश्रम कारावास व पांच हजार रुपये अर्थ दंड से दंडित किया। अर्थ दंड अदा न करने पर दोषी को तीन माह अतिरिक्त साधारण कारावास की सजा भुगतना पड़ेगा।

पीड़िता के पिता ने थाना दुधारा पुलिस को तहरीर देकर कथन किया कि 31 दिसंबर 2017 की 8 बजे रात में वह पत्नी के साथ गांव में

लत से

मचाना चाही तो
मारपीट कर भाग
आया तो लड़की ने
थाना दुधारा में
विवेचक ने विवे
आरोप पत्र न्यायाल

अपर सत्र न
न्यायाधीश पाक्सो
पंचम की अदाल
आरोप से इंकार कि
की मांग की। अव
बहस सुनने के ब
पाए जाने पर थाना
विजेन्द्र उर्फ वीरे
सश्रम कारावास व
अर्थदंड से दंडित

# अलग-अलग सड़

# समेत दो की मौत

## दुधारा के चाईकला में अज्ञात वाहन ने बाइक में मारी ट

संवाद न्यूज एजेंसी

**संतकबीरनगर/सेमरियावां।** जिले में अलग-अलग स्थानों पर हुए हादसे में वृद्ध समेत दो लोगों की मौत हो गई जबकि दो लोग घायल हो गए। दुधारा थाना क्षेत्र के चाईकला में अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत हो गई तो चोरहा नहर पुलिया के पास स्कार्पियो की टक्कर से ऑटो पलटने से वृद्ध की मौत जबकि एक महिला और ऑटो चालक घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों को शव को कब्जे में लेकर कार्रवाई में जुट गई है।



चोरहा नहर पुल के पास हादसे में घाय

## फर्नीचर की दुकान चलाते

मृतक राम-आधार शर्मा बाघनगर बाजा

# सरयू नदी में कूदा युवक नाविकों ने बचाया

धनघटा। क्षेत्र के पटखौली गांव निवासी युवक ने बृहस्पतिवार को सरयू नदी में बिड़हर घाट पुल से छलांग लगा दी। संयोग ठीक था कि थोड़ी दूर पर मछली मार रहे थे मछुआरों ने युवक को बचा लिया।

बिड़हर घाट चौकी इंचार्ज लाल बिहारी निषाद ने बताया कि पटखौली गांव निवासी प्रभाकर (24) पुत्र रामलौट सिंह बिड़हर घाट पुल पर पहुंचा और नदी में छलांग लगा दी। जिस स्थान पर युवक कूदा था उससे थोड़ी दूर पर

# महिलाओं व बालिका

संतकबीरनगर। खलीलाबाद सर्किल पिंक बूथ कर्मियों ने क्षेत्र के ग्राम दलेलगंज पंचायत भवन पर बृहस्पतिवार को जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन कर महिलाओं व बालिकाओं को सुरक्षा के लिए जागरूक किया। 21 अगस्त को पिंक बूथ कर्मियों ने ग्राम दलेलगंज पंचायत भवन पर बालिका व महिला सुरक्षा अभियान चलाकर महिला बीपीओ को आवश्यक जानकारी दी।

# सड़क के गड्ढे में भरे
# किया स्नान, आंदो

## नगरपालिका परिषद खलीलाबाद के मोहल्ले अ

संवाद न्यूज एजेंसी

संतकबीरनगर। नगरपालिका परिषद खलीलाबाद के मोहल्ले और वार्डों में बदहाल सड़कों के निर्माण व मरम्मत की मांग को लेकर बृहस्पतिवार को युवाओं ने अनोखा प्रदर्शन किया। इस दौरान युवाओं ने विधियानी मार्ग पर गड्ढे में बैठकर स्नान किया। साथ ही चेतावनी दी कि यदि जल्दी सड़क का निर्माण नहीं हुआ तो बृहद आंदोलन किया जाएगा।

खलीलाबाद क्षेत्र के मुहल्ला तितौवा, स्टेशन पुरवा, विधियानी से होकर गुजरने वाली सड़क पूरी तरह से जर्जर व क्षतिग्रस्त हो गई है। लोगों को आने-जाने में दुश्वारियां



शहर के विधियानी

प्रदर्शनकारियों में शामिल

# दो दोस्तों को पीटने वाले छ

संतकबीरनगर। खलीलाबाद शहर के एच
दुकान पर कुछ मनबढ़ों ने दो दोस्तों की पि
आदित्य पांडेय पुत्र संतोष पांडेय का आरोप
5:30 बजे एचआरपीजी कॉलेज के पास च
दोस्त अवनीश से अखिलेश विश्वकर्मा व
वे लोग उसके दोस्त अवनीश को गाली ग
उसने बीच-बचाव किए।

# मनबढ़ युवक ने दो सगे भा

धनघटा। धनघटा थाना क्षेत्र के भण्डा गांव
मनबढ़ युवक ने बुधवार की शाम करीब 8
कर दिया। घायल की तहरीर पर पुलिस ने
मुकदमा दर्ज किया। पुलिस को दी गई तह
रोहित पुत्र दीनदयाल अग्रहरि ने बताया कि

# पिस्टल मुहैया कराने व

फॉलोअप



आयुष हत्याकांड में गिरफ्तार हुआ पिस्टल मु

**संतकबीरनगर, निज संवाददाता।** कोतवाली खलीलाबाद पुलिस ने गुरुवार को श्मशानघाट इंडस्ट्रियल एरिया के पास से आयुष की हत्या में वांछित एक आरोपी को गिरफ्तार किया। पकड़े गए आरोपी के पास से 02 अदद कारतूस 7.65 बोर बरामद किया। पुलिस के मुताबिक पकड़े गए आरोपी ने ही मुख्य आरोपी को पिस्टल और कारतूस मुहैया कराया था। इसके साथ ही हत्या की साजिश में भी शामिल था।

एसपी संदीप कुमार मीना ने बताया कि कोतवाली खलीलाबाद क्षेत्र के पटखौली के रहने वाले 24 वर्षीय आयुष सिंह उर्फ संगम पुत्र राघवेंद्र प्रताप सिंह की सोमवार की देर शाम हाईवे पर राज ग्लोबल स्कूल मलोरना के निकट थार गाड़ी में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। पीड़ित चाचा रवि प्रकाश सिंह ने आरोपी शिवम पासवान निवासी खम्हरिया, कोतवाली खलीलाबाद, आदर्श शुक्ला निवासी मरवटिया थाना पुरानी बस्ती जनपद बस्ती और सिद्धार्थ सिंह निवासी अभयपुरा थाना कप्तानगंज जनपद बस्ती और दो अज्ञात के खिलाफ हत्या का केस दर्ज कराया था। पुलिस ने दो दिन पूर्व तीनों आरोपी शिवम पासवान, आदर्श शुक्ला और सिद्धार्थ सिंह को

# दुधारा में अज्ञात
# ठोकर से युवक

**संतकबीरनगर, निज संवाददाता।** दुधारा क्षेत्र के चाईकला के पास हुए बुधवार की देर शाम अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। सूचना पर गुरुवार को पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हाउस भेजा। मुखिया की मौत से पीड़ित परिवार बिखर गया।

कोतवाली खलीलाबाद क्षेत्र के करौता गांव के रहने वाले ओम प्रकाश



दिलीप

दिली

# नाबालिग के साथ

# आरोपी की जमान

संतकबीरनगर, विधि संवाददाता। अवयस्क किशोरी के साथ दुष्कर्म करने के आरोपी का जमानत प्रार्थना पत्र एडीजे एवं विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट कृष्ण कुमार पंचम की कोर्ट ने सुनवाई के पश्चात निरस्त कर दिया। आरोपी राजन पर 17 वर्षीय अवयस्क पीड़िता को तेजाब से चेहरा जला देने की धमकी देकर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया गया है। प्रकरण में घर में अश्लील हरकत करने का अभियोग पंजीकृत हुआ था।

# स्कूल गई छात्रा को भगा ले गया युवक

**संतकबीरनगर।** कोतवाली खलीलाबाद क्षेत्र की रहने वाली किशोरी को बहला फुसला कर युवक भगा ले गया। पीड़ित पिता का आरोप है कि उसकी 15 वर्षीय बेटी 20 अगस्त को समय लगभग सुबह 7.00 बजे स्कूल जाने को घर से निकली थी।

आरोप है कि उसे रास्ते से ही कोई मोबाइल से बात कर बहला-फुसलाकर कहीं भगा ले गया है।

# प्रधानाध्यापिका ने दर्ज करा
# देवर-देवरानी के खिलाफ के

नाथनगर, हिन्दुस्तान संवाद। कोर्ट के आदेश पर गुरुवार को महुली पुलिस ने गोरखपुर जिले के चरगावां ब्लाक क्षेत्र के हाटा कला स्थित प्राथमिक विद्यालय की प्रधानाध्यपिका एवं महुली क्षेत्र के धोबखरा की मूल निवासिनी की तहरीर पर देवर-देवरानी के खिलाफ गंभीर धाराओ में मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है।

धोबखरा निवासी प्रधानाध्यापिका अल्पना पाण्डेय पत्नी स्वर्गीय विजयनंद पाण्डेय ने कोर्ट को दिए गए प्रार्थना पत्र में बताया कि पति की मौत के बाद वह गोरखपुर में रहकर नौकरी करती है। ससुर भी उसके साथ ही रहते हैं। बेटा बाहर नौकरी करता है। अक्सर वह ससुराल महुली क्षेत्र के धोबखरा आती जाती रहती हैं। महिला के अनुसार उनके देवर संकटा प्रसाद ने उससे मकान बनवाने के लिए पैसा मांगा

- **महुली क्षेत्र के धोबखरा गांव का मामला, कोर्ट के आदेश पर केस दर्ज**
- **11 लाख हड़पने के साथ मकान कब्जा करने का आरोप**

आराधना पाण्डेय ने पहला चार ल का चेक 16 जून 2019 को तथा दू चेक से सात लाख छह सितम्बर 20 को भुगतान बैंक से करा लिया। देवरानी ने उक्त पैसे से अपना म बनवा लिया। जब वादिनी अल पाण्डेय ने पैसा वापस मांगा तो मटोल किया जाने लगा। काफी स जब पैसा नहीं मिला तो 12 जनवरी को दिन के दस बजे महिला पैसा अपने गांव धोबखरा पहुंची। तो कि वादिनी अल्पना पाण्डेय के घ दूसरा ताला लटक रहा है। यह देख

# युवक की मौत व
# अज्ञात पर हत्या

धनघटा, हिन्दुस्तान संवाद। धनघटा थाना क्षेत्र के उमरिया बाजार निवासी 24 वर्षीय युवक की मौत के मामले में पुलिस ने अज्ञात के विरुद्ध हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। सोमवार की देर शाम स्थानीय उमरिया बाजार स्थित एक होटल के पीछे कूड़े के बीच शव बरामद हुआ था। पीएम रिपोर्ट में सिर में गंभीर चोट लगने से युवक की मौत होने की पुष्टि हुई है। इसके बाद उसके भाई की तहरीर पर गुरुवार को पुलिस ने

18
उम
होट
घाय
पड़ा
तो

# मारने-पीटने के मामले में छह आरोपितों पर मुकदमा दर्ज

जासं, संतकबीर नगर: कोतवाली खलीलाबाद पुलिस ने मारपीट के मामले में छह आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। तितौवा निवासी आदित्य पांडेय ने थाने में दी गयी तहरीर में यह उल्लेख किया है कि 20 अगस्त को शाम के करीब 5:30 बजे वह एचआरपीजी कालेज-खलीलाबाद के पास चाय की दुकान पर गया था। उनके मित्र अवनीश से अखिलेश विश्वकर्मा व प्रशांत निवासी अज्ञात से कुछ विवाद था।

ये लोग उनके मित्र को अपशब्द कहते हुए मारने-पीटने लगे। उन्हें

# छात्रा को बहला फुसलाकर भगाने के आरोप में मुकदमा दर्ज

जासं,संतकबीर नगर: कोतवाली पुलिस ने घर से स्कूल के लिए निकली एक छात्रा को बहला फुसलाकर भगा ले जाने के आरोप में एक अज्ञात युवक के विरुद्ध मोबाइल नंबर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया है।

कोतवाल क्षेत्र के रहने वाले एक पिता ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि 20 अगस्त को उनकी 15 वर्षीय बेटी सुबह सात बजे घर से स्कूल के लिए निकली थी। रास्ते से ही उनकी बेटी के मोबाइल पर फोन करने वाला युवक उसे बहला-फुसलाकर भगा ले गया। काफी खोजबीन व तलाश के बाद भी बेटी का कुछ पता नहीं चला। आरोपित का मोबाइल चालू है परंतु फोन करने पर उसके द्वारा काल रिसीवनहीं किया जा रहा है। कोतवाल प्रभारी पंकज कुमार पांडेय ने बताया कि मामले में केस दर्जकर छात्रा की बरामदगी का प्रयास किया जा रहा है।

# रेलवे ट्रैक पर मिला अज्ञात युवक का शव

जासं, कांटे : पूर्वोत्तर रेलवे के चुरेब और मुंडेरवा स्टेशन के

# प्रश्न पहर में आज सवालों का जवाब देंगे अपर पुलिस अधीक्षक



सुशील कुमार सिंह, एएसपी • जागरण

दैनिक जागरण के लोकप्रिय प्रश्न पहर

जागरण प्रश्न पहर

कार्यक्रम में आज शुक्रवार को अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी)

# नदी में युवक ने लगाई छ

जासं, धनघटा : धनघटा क्षेत्र के प
वर्षीय युवक गुरुवार को सरयू न
छलांग लगा दी। नाविकों ने उसे
बिडहर घाट चौकी इंचार्ज लाल बि
पटखौली गांव निवासी 24 वर्षीय
सिंह बिड़हरघाट पुल पर पहुंचा।
अचानक पुल की रेलिंग पर चढ़

# कोर्ट के आदेश पर दंपती

- पटीदारों पर 11 लाख रुपये हड़पने व मकान पर कब्जे का आरोप
- छह वर्ष पहले का है मामला, पुलिस ने नहीं दर्ज किया था मुकदमा

जासं,महुली : ग्राम पंचायत धोबखरा में छह वर्ष पूर्व मकान बनाने के लिए दिए गए 11 लाख रुपये की अदायगी न करने और पीड़िता के घर पर कब्जा करने के मामले में महुली पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगा है। थाने से न्याय न मिलने पर पीड़िता ने सीजेएम न्यायालय का दरवाजा खटखटाया। छह साल बाद न्यायालय के आदेश पर आखिरकार गुरुवार को पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू कर दिया।

ग्राम धोबखरा निवासी अल्पना पांडे पत्नी स्वर्गीय विजय आनंद पांडे गोरखपुर स्थित चरगवां प्राइमरी स्कूल में प्रधानाध्यापक पद पर कार्यरत हैं। वह अपने ससुर के साथ गोरखपुर में रहती हैं। उनका एक पुत्र बेंगलुरु में नौकरी करता है। पीड़िता ने तहरी[illegible] बताया कि 16 अगस्त 2019 [illegible] उनके पटीदार संकटानंद पांडे [illegible] कुसुमाकर पांडे ने मकान निर्मा[illegible] लिए 11 लाख रुपये (जिसमें 7 [illegible] रुपये का चेक शामिल था) [illegible] लिया था। लेकिन मकान बन जा[illegible] बाद भी रुपये वापस नहीं किए।

पीड़िता ने बताया कि कई बार [illegible] मांगने पर भी जब भुगतान नहीं हु[illegible]

# पाक्सो एक्ट मामले में अ
# को तीन साल की सजा

जासं, संतकबीरनगर : पाव
के आरोपित विजेंद्र उर्फ वि
बीरबली, निवासी ऊँचहरा
दुधारा को कोर्ट ने दोषी कर
कोर्टने उसे तीन वर्ष के सश्र
कारावास और पांच हजार
अर्थदंड की सजा सुनाई गई

# हाई कोर्ट के सख्त तेवर पर
# जिला कारागार प्रशासन, कै

जासं, संतकबीर नगर: हाई कोर्ट-इलाहाबाद के सख्त तेवर पर जिला कारागार प्रशासन आखिरकार झुक गया। गुरुवार को शाम के करीब साढ़े पांच बजे उसे रिहा कर दिया। धनघटा थाने में जितेंद्र के खिलाफ दुष्कर्म के मामले में मुकदमा दर्ज हुआ था। उसे 12 वर्ष की कारावास की सजा हुई थी।

जिला न्यायालय संतकबीर नगर ने 24 अगस्त 2024 को इस आरोपित को रेप व पोक्सो के मामले में 12 वर्ष की

- हाई कोर्ट के अ
भी कैदी को रि
जेलर को तलब
- इस पर जिला क
अधिकारियों, कर्म
खलबली मच ग

पीठ ने इस कैदी व
जुलाई 2025 को
हुए रिहाई का आदे
था। इस आदेश
अगस्त 2025 को
संतकबीर नगर के

# संदिग्ध हाल में हु

# अज्ञात के विरुद्

धनघटा (एसएनबी)। धनघटा थाना क्षेत्र के उमरिया बाजार निवासी 24 वर्षीय दलित युवक का बीते सोमवार की देर शाम स्थानीय उमरिया बाजार स्थित यादव होटल के पीछे कूड़े के बीच बरामद हुए शव की पीएम रिपोर्ट में सिर में गंभीर चोट लगने से युवक की मौत होने की पुष्टि के बाद मृतक के भाई की तहरीर पर गुरूवार को पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध हत्या का मुकदमा दर्ज कर घटना की छानबीन शुरू कर दी है।

घटना के संबंध में पुलिस को दी गई तहरीर में थाना क्षेत्र के उमरिया बाजार निवासी प्रदीप पुत्र इन्द्रमणि ने बताया है कि वह अनूसूचित जाति (चमार) का है। उसका छोटा भाई 24 वर्षीय सुरजीत

धनघटा थाना
बाजार स्थित
पीछे कूड़े के
देर शाम संदि
वर्षीय दलित
हुआ था शव

# युवक ने दो सगे
# लाठी-डंडे

धनघटा (एसएनबी)। धनघटा थाना क्षेत्र के भण्डा गांव निवासी दो सगे भाईयों को एक मनबढ युवक ने बुधवार की शाम करीब 8 बजे लाठी-डंडे से मारपीट कर घायल कर दिया। घायल की तहरीर पर पुलिस ने गुरूवार को मनबढ हमलावर के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर दोनों घायल सगे भाईयों को पुलिस अभिरक्षा में इलाज के लिए सीएचसी हैंसर बाजार भेज दिया है।

घटना के संबंध में पुलिस को दी गई

## हमलावर ना

मौवे
गालि
पर
उप
दौर
कर

हम
गंभ

# आयुष हत्याकांड :

# दो जिंदा कारतूस के

**संतकबीरनगर (एसएनबी)।** थाना कोतवाली खलीलाबाद पुलिस ने आयुष सिंह हत्याकांड मामले में श्मशान घाट इंडस्ट्रियल एरिया खलीलाबाद के पास से अभियुक्त को दो जिंदा कारतूस 7.65 बोर के साथ गिरफ्तार कर लिया। अभियुक्त की गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर पुलिस ने आर्म्स एक्ट की बढ़ोत्तरी की। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय रवाना किया।

सीओ अजय सिंह ने बताया कि थाना कोतवाली खलीलाबाद पुलिस को रवि

खल
मृत
में अ
निव
खल
शुक
जन
विवे
पुरा
मगह
जेल

# उच्च न्यायालय ने नरायनपु
# में नयी बाजार लगवाने पर
# लगायी रोक

बखिरा । क्षेत्र के ग्राम नरायनपुर में लगभग 70 वर्षों
लगने वाली पशु बाजार के समकक्ष नियमों को ताक
रखकर एक नयी बाजार लगाने वालों के विरूद्ध उ
न्यायालय ने कड़ा रुख अपनाया है। वर्षों से लग
बाजार के प्रबधंक ने नियमों को ताक पर रखकर
बाजार लगवाने के जिला पंचायत संतकबीरनगर
अधिकारियों के आदेश के विरूद्ध उच्च न्याया
प्रयागराज में अपील किया था। जिस पर उच्च न्याया
ने नयी बाजार लगाने के जिला पंचायत संतकबीरनगर
आदेश दिनांक 31-07-2025 पर रोक लगाते हुए जि
पंचायत के अपर मुख्य अधिकारी को तलब किया है

पशु बाजार के संचालक संतोष कुमार मौर्य ने बत
कि उनके पूर्वज विगत लगभग 07 दशक से पशु बा
का संचालन नियमों के अनुसार करते चले आ रहे

# 360 वाहन चालकों से भरवाया जुर्माना

संतकबीरनगर। पुलिस टीम ने ट्रैफिक नियम तोड़ने वाले 360 वाहन चालकों से जुर्माना भरवाया। जिले के सभी थाना क्षेत्रों में स्थानीय पुलिस टीम ने बैंक, वाहन एवं संदिग्ध व्यक्तियों की गहनता से जांच पड़ताल की। चेकिंग के दौरान पुलिस टीम ने 360 वाहन चालकों से 3,95,000 रुपये शमन शुल्क वसूल किया। संवाद

# GONDA POLICE

4

# सराहनीय कार्य दिनांक:-22-08-2025

# मनमोहक प्रस्तुतियां देकर मन मोहा



झूलेलाल महोत्सव में क्रिकेटर हर्ष रायचंदानी को एसपी ने सम्मानित किया।

**गोण्डा, संवाददाता।** झूलेलाल महोत्सव में बुधवार रात शहर के मैरिज हॉल में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि सिंधी अकादमी के निदेशक अभिषेक कुमार का सिंधी समाज के मुखिया जयरामदास लधवानी एवं मथुरादास लधानी, मुखिया राजकुमार ठक्कुर एवं कैलाश रायतानी ने मोमेंटो भेंट किया।

कार्यक्रम में एसपी विनीत जायसवाल ने उत्तराखंड में अंडर 16 विजय ट्रॉफी में सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज नामित होने वाले हर्ष रायचंदानी को सम्मानित किया एवं जगदीश रायतानी एवं मुकेश धनकानी ने एसपी का स्वागत किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में मुंबई के कलाकार जतीन उदासी ने अपनी प्रस्तुतियों से धूम मचा दी। आयो लाल झूलेलाल के नारे के साथ मंच के पास आकर नृत्य करते रहे। अकादमी के रवि यादव को सिन्धी समाज के वरिष्ठ समाजसेवी दिनेश ठक्कूर ने मोमेंटो भेंट किया। उद्योग व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष भूपेंद्र आर्य, शिवकुमार सोनी, राजीव रस्तोगी, संदीप मल्होत्रा, वरुण मल्होत्रा को आरती कमेटी के पूरन खत्री, निश्चल तलरेजा, श्रीकुमार, मनीष आडवानी, मनीष लधानी ने पाखड़ पहनाकर स्वागत किया गया।

# खनन में लोडर और ट्रैक्टर-ट्राली पकड़ी

**वजीरगंज।** थानाक्षेत्र के दुर्जनपुर घाट में तीन से अवैध रूप से मिट्टी का खनन किया जा रहा था। मामले की शिकायत डीएम से करने के बाद तहसील प्रशासन हरकत में आया। डीएम के निर्देश पर गुरुवार को नायब तहसीलदार जयशंकर सिंह की टीम ने मौके पर छापेमारी कर खनन करने वाली मशीन और एक ट्रैक्टर-ट्राली पकड़ी है। जबकि, दूसरा चालक नायब तहसीलदार के गार्ड को धक्का देकर ट्रैक्टर-ट्राली लेकर फरार हो गया।

दुर्जनपुर घाट ग्राम पंचायत बाढ़ प्रभावित क्षेत्र है। पीएम ग्राम सड़क के बगल से नाला टेढ़ी नदी में जाकर गिरता है। आरोप है कि इस पर राजेंद्र सिंह उर्फ ननकऊ अपने सहयोगियों के साथ मिट्टी पटाई कर रहे थे।

# एसपी से हिन्दू संगठनों का प्रतिनिधिमंडल मिला

- कई मंदिरों के अवैध कब्जे की दी जानकारी
- समस्या का समाधान कराए जाने की मांग

**गोण्डा, संवाददाता।** हिंदू समाज की विभिन्न समस्याओं को लेकर विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल व केंद्रीय दुर्गा पूजा महासमिति के प्रतिनिधिमंडल ने गुरुवार को पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल से भेंट कर उनको सारे विषयों से अवगत कराया और त्वरित निराकरण की मांग की।

प्रतिनिधि मंडल दोपहर 12:00 बजे पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचा और यहां पर थाना खोड़ारे के अंतर्गत ग्राम फंदहा दौलतपुर ग्रंट में मंदिर के आसपास की भूमि पर समुदाय विशेष के व्यक्ति द्वारा अवैध कब्जा करके मंदिर को अपनी बाउंड्री वॉल के अंदर कर लेने एवं मंदिर से सटी मठ की भूमि को कूट रचित दस्तावेजों से बैनामा कराए जाने की जानकारी दी। प्रतिनिधि मंडल में विहिप के प्रांत सामाजिक समरसता प्रमुख धर्मेंद्र, बजरंग दल के प्रांतीय नेता राकेश वर्मा गुड्डू, महेश तिवारी, भरत गिरी, विपिन शुक्ल, दया प्रकाश, लालता प्रसाद वर्मा, उमेश श्रीवास्तव, अरुण सिंह आदि शामिल रहे।

# नाबालिग लड़की लापता, परिजनों

**उमरी बेगमगंज।** थाना क्षेत्र के बरौली पूरे सुविधान पुरवा गांव
की 17 वर्षीय पुत्री के अचानक लापता होने से क्षेत्र में सनसन
ने तहरीर के आधार पर अज्ञात व्यक्ति के विरुद्ध मामला दर्ज
प्रभारी निरीक्षक नरेंद्र प्रताप राय ने बताया कि मामले की गंभ
जांच शुरू कर दी गई है। जल्द ही लड़की का सुराग लगाक
बरामद करने का प्रयास किया जा रहा है।

# चोरी के आरोपी को बाइक समेत पुलि

**बभनजोत।** खोड़ारे थानाक्षेत्र मे बाइक, इन्वर्टर व बैटरी चोरी
पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया तथा आवश्यक कार्रवाई करते
कर दिया है। बुधवार को उप निरीक्षक रामअशीष मौर्य ने पुलि
विजय कुमार, दुर्जन उर्फ सूरज कुमार निवासीगण भानपुर त
निवासी पिपरा अदाई थाना खोड़ारे को पकड़ लिया। आरोपिय
दो इन्वर्टर व दो बैट्री बरामद हुई।

# खाद के लिए मारामारी जारी मंडलायुक्त ने जायजा लिया



गुरुवार को समिति पर यूरिया खाद वितरण का जायजा लेते मंडलायुक्त।

## खाद की किल्लत

- लापरवाही मिली जिम्मेदारों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी : मंडलायुक्त
- समिति धानेपुर पर खाद का स्टाक मंगलवार को ही खत्म हो गया

**गोंडा, हिटी।** कृषि विभाग व प्रशासन की लाख कोशिशों के बावजूद भी जिले के कई हिस्सों में यूरिया की किल्लत कम होने का नाम नहीं ले रही है। यूरिया खाद को लेकर अब भी किसान परेशान हैं और समितियों का चक्कर लगा रहे हैं। मंडलायुक्त शशि भूषण लाल सुशील ने लपुर स्थित ग्रामीण सहकारी समिति लिमिटेड सालपुर का औचक निरीक्षण किया।इस दौरान उन्होंने किसानों को किये जा रहे खाद वितरण की व्यवस्था की जानकारी ली। उन्होंने सुभागपुर रेलवे के माल गोदाम का भी निरीक्षण किया। आयुक्त ने अधिकारियों को चेतावनी दी कि यदि कहीं भी किसानों के साथ लापरवाही या मनमानी मिली तो जिम्मेदारों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

गुरुवार को मुजेहना ब्लॉक में स्थित साधन सहकारी समिति धानेपुर पर बड़ी संख्या में किसान यूरिया खाद लेने की आस में सुबह से ही आ गये थे और शाम तक परिसर में डटे रहे। इनमें पुरुषों के साथ ही महिलाएं भी शामिल थी। यहां पर आने वाले लोगों का कहना था कि उन लोगों की आवश्यकता के अनुरूप यूरिया की खाद नहीं मिल पा रही है। सचिव राम भवन ने बताया कि साधन सहकारी समिति धानेपुर पर यूरिया का स्टाक मंगलवार को ही खत्म हो गया है। डिमांड भेजी गई है। छपिया क्षेत्र में सचिव की कमी के चलते साधन सहकारी समितियों पर रखी खाद का वितरण नहीं हो पा रहा है। एडीओ सहकारिता राम सजीवन पांडेय ने बताया की विकास खंड छपिया में कुल दस साधन सहकारी समितियां सक्रिय है जिसमें मात्र दो सचिव हैं।

# रिटायर जेई समेत चार पर मुकदमा होगा

## अदालत से

- सीजेएम की कोर्ट ने दिया केस दर्ज करने का आदेश
- बिना सड़क बनाए डेढ़ लाख हड़पने का आरोप

**गोण्डा, विधि संवाददाता।** सीजेएम अमित सिंह ने सरकारी धन का गबन करने के आरोप में आरईडी के सेवानिवृत्त जेई समेत चार आरोपियों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर विवेचना करने का आदेश मनकापुर पुलिस को दिया।

थाना मनकापुर के ग्राम भिटौरा के मलियन पुरवा निवासी रामरंग शुक्ल ने नन्द किशोर निवासी ग्राम भिटौरा मजरा अंगनी पुरवा, मालिकराम तत्कालीन ग्राम पंचायत सचिव निवासी मोहल्ला महराजगंज गोंडा, लाल बहादुर सिंह सेवानिवृत्त जेई आरईडी निवासी हौसिलानगर थाना कोतवाली अयोध्या और राधेश्याम शुक्ला तथाकथित प्रधान प्रतिनिधि निवासी मलियनपुरवा के विरुद्ध अदालत के समक्ष प्रार्थनापत्र दिया था। इसके मुताबिक ग्राम भिटौरा में वित्तीय वर्ष 2020-21 में रामनाथ शुक्ल के घर से पश्चिम फूलचन्द्र के घर तक सार्वजनिक रास्ते पर इण्टरलॉकिंग सड़क का निर्माण कराए बिना साजिशन धोखाधड़ी करके एक लाख 51 हजार 650 रुपये का गबन कर लिया गया। इसकी शिकायत पर डीएम ने मामले की जांच उपनिदेशक कृषि प्रेम कुमार ठाकुर और अधिशासी अभियन्ता सरयू ड्रेनेज खण्ड दिनेश कुमार को सौंपी थी। 16 मई 2023 को भेजी जांच रिपोर्ट में सरकारी धन के गबन की पुष्टि हुई। इसके बाद डीएम के आदेश पर गबन के दोषी के विरूद्ध वसूली कार्यवाही के लिए डीपीआरओ ने आदेश जारी किया।

लेकिन आरोपियों व मुख्य साजिशकर्ता विपक्षी राधेश्याम शुक्ल के विरुद्ध एफआईआर नहीं दर्ज कराई गई। इस पर वादी ने मनकापुर थाने में प्रार्थनापत्र दिया लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। अदालत ने प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए थाना मनकापुर पुलिस को आरोपियों के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया।

नवाबगंज में बुधवार शाम हुए हादसे में जान गंवाने वाले युवक की 17 म

# सड़क दुर्घटनाओं में दो युवक

## रफ्तार की मार

**गोण्डा, हिटी।** जिले में हुए अलग-अलग हादसों में दो युवकों समेत तीन लोगो की मौत हो गई और बच्ची समेत चार लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। नवाबगंज क्षेत्र में भोपतपुर गांव के पास बुधवार शाम हादसे में घायल युवक ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। उसका विवाह बीते 17 मई को बलरामपुर जिले में हुआ था। पुलिस ने तीनों शवों का पोस्टमार्टम कराया है। घटना के बाद पीड़ित परिवारों में कोहराम मचा है।

तेरहवीं का निमंत्रण देने गए युवक को कार ने मारी टक्करः नवाबगंज थानाक्षेत्र के मंहगूपुर गांव का अजीत सिंह (22) पुत्र भीम सिंह बुधवार को अपने चाचा रमेश सिंह की तेरहवीं का निमंत्रण देने तरबगंज थाना क्षेत्र के सिंगहा पांडे पुरवा में बहन के घर गया था। वहां से लौटते वक्त अजीत को नवाबगंज से लखनऊ जा रही टैक्सी कार ने सीबीएन मार्ग पर भोपतपुर गांव के पास टक्कर मार दी। दुर्घटना में बाइक के परखच्चे उड़ गए और युवक गंभीर रूप से घायल हो गया था। थानाध्यक्ष



रहमत अली की मौत से गांव में दौड़ गई शोक की लहर

अभय सिंह ने बताया कि अयोध्या के राजा दशरथ मेडिकल कॉलेज में इलाज के दौरान घायल युवक अजीत की मौत हो गई है। कार पुलिस के कब्जे में है, तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी। वहीं, गोंडा-अयोध्या हाईवे पर गुरुवार दोपहर करीब दो बजे नंदिनी कालेज के सामने हुई दो बाइकों की टक्कर में एक बच्ची सहित चार लोग घायल हो गए हैं। इनमें एक की हालत गंभीर है।

हादसे में एक बाइक पर सवार आदिल (25) पुत्र सईद, उसकी पत्नी शबमन बानो और दो वर्षीय बेटी नायजा को चोटें आई है। ये सभी लोग अयोध्या जा रहे थे। वहीं दूसरे बाइक सवार शिव शंकर गुप्ता (23) पुत्र होली गुप्ता निवासी कोंडर थाना वजीरगंज को गंभीर चोटें आईं। पुलिस ने सभी घायलों को पास के निजी अस्पताल में भर्ती कराया है।



नवाबगंज के महंगूपुर गांव में युवक की मौत के बाद बिलखते परिज

कौड़िया थाना क्षेत्र में बहराइच मार्ग पर जायसवाल ढाबा के पास बुधवार देररात बाइक और पिकअप की आमने-सामने से भिड़ंत हो गई। हादसे में बाइक सवार अरुण कुमार मिश्रा पुत्र जटाशंकर मिश्रा निवासी नेवलापुर थाना विशेश्वरगंज जनपद बहराइच गंभीर रूप से घायल हो गया। लोगों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने उसे तत्काल 108 एंबुलेंस से मेडिकल कॉलेज गोंडा भिजवाया। जहां तैनात

चिकित्सकों ने उसे
कर दिया। चौक
अवनीश कुमार
हादसे के बाद दो
लिया गया है। प्रभ
कुमार सिंह का क
तहरीर मिलते ही
अग्रिम कार्रवाई क

बाजार गए अ
में मौतः करनैल
सुबह घर से बाज

# पत्नी ने गला कसकर की थी हत्या, गिरफ्ता

**खुलासा**

कटरा बाजार, संवाददाता। पत्नी ने ही पति की गला घोंटकर हत्या की थी और शव को चारपाई के नीचे डाल दिया था। स्थानीय पुलिस ने घटनाक्रम का खुलासा करते हुए यह जानकारी दी। पत्नी को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया। महिला की बेटी दो माह की है। पुलिस के मुताबिक देर रात लौटे पति के गले में साड़ी का फंदा डालकर पत्नी ने कस दिया जिससे दम घुटने से मौत हो गई।

थाना क्षेत्र के पहाड़ापुर के 22 वर्षीय शिवम शुक्ल पुत्र लल्लू शुक्ला बीते रविवार रात को बाजार में कृष्ण जन्माष्टमी का कार्यक्रम देखने गया था। वहां से एक बजे सभी लोग प्रसाद लेकर अपने घर चले गए जिसमें शिवम भी था। सुबह काफी देर तक नहीं उठने पर घर के बगल वालों ने शिवम की पत्नी से नहीं उठने को लेकर सवाल किया तो उसने बताया कि सो रहे है। कुछ देर बाद उसकी पत्नी निशा घर में गई तो शिवम चारपाई के नीचे मृत अवस्था में पड़ा था जिसे देकर वह रोने लगी। शिवम की बहन शशि ने बताया था कि भैया और भाभी में अक्सर झगड़ा हुआ करता था पूरा परिवार लुधियाना में रहता है। पिछले जून माह में लड़की की शादी करने के लिए पूरे परिवार सहित गांव आए थे। शिवम तीन भाइयों में सबसे बड़ा था इसकी शादी तीन साल पहले निशा के साथ हुई थी। दोनों के एक वर्ष का लड़का राघव और दो माह की बच्ची दीपांशी है। बुधवार को लुधियाना से आए शिवम के पिता ल शुक्ला की तहरीर पर पुलि निशा सहित तीन अज्ञात पर दर्ज किया थ। प्रभारी निरीक्ष बताया कि मामला पहले से संदिग्ध लग रहा था मृतक की को हिरासत में लेकर पूछताछ गया जिसमें उसने अपना कबूल कर लिया है। उधर, ग्राम का कहना है कि अकेले म अपने पति का गला घोंटकर मौत के घाट उतार सकती है घटनाक्रम में करीब अन्य लोगों भी संलिप्तता हो सकती है।



पति की हत्या के आरोप में गिरफ्तार महिला।

- पुलिस ने युवक के पिता की तहरीर पर दर्ज किया था केस
- घटना वाले दिन से संदिग्ध मिली थी पत्नी की भूमिका

# तालाब भूमि पर रोकें अवैध कब्जा, दबंगों पर करें कार्रवाई

संसू, जागरण • गोंडा : तालाब की भूमि पर अवैध कब्जा रोकने के साथ ही दबंगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई है। डीएम प्रियंका निरंजन ने एसडीएम कर्नलगंज को जांच कराकर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। सर्वांगपुर सांवलपुरवा के सुनील तिवारी ने जनता दर्शन में डीएम को पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। कहा कि गांव के मध्य गाटा 523 तालाब के खाते में दर्ज है। गांव के ही विपक्षी तालाब की पटाई कराकर मकान का निर्माण करा रहे हैं। पीड़ित के मुताबिक दबंगों ने तालाब के साथ ही उसके आबादी की भूमि से जबरन खाद उठवाकर फेंक दी और कब्जा करने का प्रयास कर रहे हैं। तहरीर के बावजूद कार्रवाई नहीं हुई। डीएम से तालाब की भूमि खाली कराने व दबंगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई है।

# प्रत्येक मामले में अफसर समय पर प्रस्तुत करें साक्ष्य : डीएम

संसू, जागरण • गोंडा : पुलिस लाइन सभागार में आहूत अभियोजन कार्यों की बैठक में डीएम प्रियंका निरंजन ने समीक्षा की। उन्होंने अभियोजन कार्यों की प्रगति, लंबित मामलों की स्थिति, गवाहों की उपलब्धता, अभियुक्तों की उपस्थिति व न्यायालयों में की जा रही पैरवी की समीक्षा की।

डीएम ने कहा कि कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने और समाज में अपराध के प्रति डर बनाए रखने के लिए यह आवश्यक है कि दोषियों को समयबद्ध और प्रभावी तरीके से सजा दिलाई जाए। अभियोजन कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही न होनी चाहिए। सभी संबंधित अभियोजन अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि प्रत्येक मामले में समय पर साक्ष्य न्यायालय में प्रस्तुत हों और गवाहों की उपस्थिति सुनिश्चित की जाए।

अभियोजन व पुलिस विभाग के अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए, जिससे अभियोजन की सफलता दर में वृद्धि हो। एसपी ... जायसवाल, एडीएम आलोक ... उपस्थित रहे।

# अवैध खनन में ट्रैक्टर-ट्राली व लोडर सीज

संसू जागरण • वजीरगंज (गोंडा) : अवैध खनन की सूचना पर नायब तहसीलदार ने छापेमारी करके ट्रैक्टर-ट्राली व लोडर पकड़ लिया। उक्त वाहन को सीज करके पुलिस की सिपुर्दगी में दिया गया है। एसडीएम तरबगंज विश्वमित्र सिंह के आदेश पर नायब तहसीलदार जयशंकर पांडेय ने ग्राम पंचायत दुर्जनपुरघाट में छापेमारी की। नायब तहसीलदार ने बताया कि अवैध खनन की सूचना पर गुरुवार सुबह करीब आठ बजे छापेमारी की गई।



दुर्जनपुर घाट में अवैध खनन करती लोडर मशीन • इंटरनेट मीडिया

दो ट्रैक्टर-ट्राली व एक लोडर मशीन पाई गई। एक चालक भाग गया। ट्रैक्टर-ट्राली व लोडर मशीन को सीज कर दिया गया है। उच्चाधिकारियों को रिपोर्ट भेजी है।

# मार्ग दुर्घटनाओं में तीन युव
# की सांसें थमीं, दो घायल

जागरण टीम • गोंडा : अलग-अलग स्थानों पर हुई मार्ग दुर्घटनाओं में दो लोगों की मौत हो गई जबकि, दो लोग घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शी के मुताबिक बाइक सवार हेलमेट नहीं पहने था इससे उसके सिर में चोट लगने से रक्तस्राव अधिक हो गया।

**कौड़िया :** बहराइच मार्ग पर सिसई माफी गांव के पास बाइक सवार नंगू निवासी सिसई माफी को बोलेरो ने ठोकर मार दी जिससे उसकी मौके पर ही उसकी मौत हो गई। आर्यनगर के पास बाइक व पिकअप की भिड़ंत में बाइक सवार अरुण कुमार मिश्र निवासी नेवालापुर बहराइच की मौत हो गई।

**कर्नलगंज :** मौर्य नगर चौराहे पर



अजीत सिंह व धनीराम • फ

सिंगहा पांडेय पुरवा से
रहे थे। रास्ते में भोपत
पास ने टैक्सी ने ठोकर
मृतक अजीत का विवा
मई को बलरामपुर
खडगौरा गांव में किरन के
था। पिता भीम सिंह ने
बेटा अजीत चंडीगढ़ में
काम करता था। रक्षाबंध

# कांवड़ियों के स्वागत के लिए सरयू त

## कजरी तीज पर करीब 15 लाख श्रद्धालु सरयू नदी से भरेंगे जल

संवाद न्यूज एजेंसी

**करनैलगंज (गोंडा)।** कजरी तीज पर्व पर करीब 15 लाख कांवड़ियों के स्वागत के लिए सरयू तट तैयार हो चुका है। नगर पालिका परिषद ने सरयू के कटरा घाट को नया रूप दिया है।

करीब एक करोड़ 80 लाख रुपये की लागत से घाट को चमकाया गया है। प्रकाश, पेयजल, शौचालय, महिलाओं के कपड़े बदलने की व्यवस्था, सीढ़ी निर्माण, पंडा व मालियों के बैठने का स्थान बनाने के साथ ही सरयू घाट तक जाने वाले मार्ग पर सुंदर गेट का निर्माण कार्य लगभग पूरा हो चुका है। घाट तक पहुंचने वाले जर्जर रास्ते को भी बनवा दिया गया है।

करनैलगंज नगर से तीन किमी पश्चिम स्थित कटरा घाट कजरी तीज सहित अन्य पर्वों पर श्रद्धालुओं का प्रमुख केंद्र रहा है। कजरी तीज मेले में आने वाले कांवड़ियों और श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए प्रशासन और नगर पालिका परिषद की पूरी टीम जुटी है।



करनैलगंज में कजरी तीज मेले के लिए तैयार किया गया घाट। - संवाद

कजरी तीज का यह मेला 25 व 26 अगस्त को आयोजित होगा। उपजिलाधिकारी जितेंद्र गौतम व तहसीलदार सुभद्र प्रसाद ने बृहस्पतिवार को घाट का जायजा लिया। मेला सकुशल संपन्न कराने के लिए सभी व्यवस्थाओं का खाका तैयार किया। उधर गोंडा लखनऊ मार्ग पर बैरियर लगाने की कवायद भी शुरू हो गई है। कजरी तीज पर ट्रैफिक डायवर्जन की भी तैयारी है।

## मेले से पहले पूरी कराएं व्यव



पृथ्वीनाथ मंदिर में एसडीएम से व्यवस्थाओं की जानकारी लेतीं डीए

**खरगूपुर (गोंडा)।** कजरी तीज पर पृथ्वीनाथ मंदिर में जलाभिषेक
का बृहस्पतिवार को डीएम प्रियंका निरंजन ने जायजा लिया। डीएम
सुरक्षा आदि व्यवस्था और बेहतर करने का निर्देश दिया। पौराणिक
मेले के लिए बैरीकेडिंग, बैरियर, साफ-सफाई, प्रकाश आदि से सं
समय से पूर्व सभी व्यवस्थाएं पूरी करने का निर्देश दिया। उन्होंने ए
क्षेत्राधिकारी सदर, राजस्व, लोक निर्माण, विद्युत व स्वास्थ्य विभा
कहा कि मेले में आने वाले कांवड़ियों व श्रद्धालुओं की सुविधा के
तक पहुंचने वाले अलग-अलग रास्तों के लगभग आधा दर्जन स्था
कहा। दो व चार पहिया वाहनों के प्रवेश पर पूर्ण रूप से रोक रहेगी
की असुविधा न हो। इस मौके पर थानाध्यक्ष प्रदीप सिंह, महंत जग

# समय से न्यायालय में प्रस्तुत करें साक्ष्य, दोषियों को दिलाएं सजा

संवाद न्यूज एजेंसी

## डीएम व एसपी ने अभियोजन कार्यो की समीक्षा कर दिए निर्देश

**गोंडा।** पुलिस लाइन सभागार में बृहस्पतिवार को अभियोजन कार्यों की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। डीएम प्रियंका निरंजन ने कहा कि समय से न्यायालय में साक्ष्य प्रस्तुत करके दोषियों को सजा दिलवाएं।

डीएम ने अभियोजन कार्यों की प्रगति, लंबित मामलों की स्थिति, गवाहों की उपलब्धता, अभियुक्तों की उपस्थिति तथा न्यायालयों में की जा रही पैरवी के बारे में जानकारी ली। कहा कि कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने और अपराध करने वालों में डर बनाए रखने के लिए यह आवश्यक है कि दोषियों को समयबद्ध और प्रभावी तरीके से सजा दिलाई जाए। डीएम ने कहा कि अभियोजन कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं होनी चाहिए। सभी सहायक अभियोजन अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि प्रत्येक मामले में समय से साक्ष्य न्यायालय में प्रस्तुत हों और गवाहों की उपस्थिति सुनिश्चित की जाए।

उन्होंने अभियोजन और पुलिस विभाग के अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए ताकि अभियोजन की सफलता दर में वृद्धि हो। डीएम ने उन मामलों में विशेष ध्यान देने को कहा, जिनमें गंभीर अपराधों के आरोप लगे हैं और जिनका समाज पर व्यापक प्रभाव पड़ता है। उन्होंने कहा कि ऐसे मामलों में तेजी से कार्रवाई कर दोषियों को कड़ी सजा दिलाने के प्रयास किए जाएं ताकि समाज में कानून का भय बना रहे।

# आग से बचाव का शुरू हुआ प्रशिक्षण

## पहले चरण में प्रत्येक तहसील में तैयार किए जाएंगे 50-50 युवा

संवाद न्यूज एजेंसी

**गोंडा।** उत्तर प्रदेश अग्निशमन व आपात सेवा नियमावली-2024 जारी होने से विशिष्ट भवनों में अग्नि सुरक्षा अधिकारियों की अनिवार्यता हो गई है। इसके साथ ही जिले के अग्निशमन केंद्रों पर 200 युवाओं को प्रशिक्षित किया जा रहा है।

उन्हें अग्नि सुरक्षा उपायों में दक्षता का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसके बाद प्रमाणपत्र जारी किया जाएगा। ऐसे में ये युवा संबंधित भवनों में तैनाती पा सकेंगे।

अधिकारियों ने बताया कि पहले चरण में तहसील स्तर पर अग्निशमन केंद्रों पर 50-50 युवाओं को अग्निशमन का विशेष प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इससे न सिर्फ आपात स्थिति में युवा सक्रिय भूमिका निभाएंगे बल्कि उन्हें विशिष्ट भवनों में रोजगार पाने का अवसर भी मिलेगा। इसमें आग के प्रकार के साथ ही प्रयोग किए जाने वाले उपकरणों के साथ ही प्राथमिक अग्निशमन उपकरणों का संचालन,



अग्निशमन केंद्र पर लोगों को जागरूक करते अग्निशमन अधिकारी नितेश शुक्ला। स्रोत:

### प्रमाणपत्र के साथ अग्निसुरक्षा अधिकारी की भी निभाएंगे जिम्मेदारी

रखरखाव, फायर ट्रैंगल की जानकारी, आग व धुएं से सुरक्षित बचाव आदि की जानकारी दी जा रही है।

प्रभारी अग्निशमन अधिकारी नितेश शुक्ल ने बताया कि जिले के अग्निशमन केंद्रों पर युवाओं को प्रशिक्षित किया जा रहा है। इसके बाद प्रमाणपत्र जारी किया जाएगा।

सीएफओ रवींद्र शंकर मिश्र ने ब कि सरकार की नियमावली आने के प्रशिक्षित युवाओं को विशिष्ट भव अग्नि सुरक्षा अधिकारी रखने अनिवार्यता की गई है। इसका सख पालन कराया जाएगा। ऐसे में जि युवाओं को प्रशिक्षित किया जा रह ताकि युवाओं को रोजगार परक बना साथ ही दक्षता के आधार पर काम मौका मिल सके।

# सोशल मीडिया पर अनजान को न बनाएं दो

## सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में अमर उजाला फाउंडेशन ने आयोजित की पुलिस की पाठशाला, एएसपी पूर्वी ने विद्यार्थियों को

संवाद न्यूज एजेंसी

**गोंडा।** मालवीय नगर स्थित सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में बृहस्पतिवार को अमर उजाला फाउंडेशन ने पुलिस पाठशाला का आयोजन किया। इसमें विद्यार्थियों को अनजान से दोस्ती न करने के साथ ही सोशल मीडिया पर निजी फोटो अपलोड करने से बचने की सलाह दी गई।

पुलिस की पाठशाला

कार्यक्रम में एएसपी पूर्वी मनोज कुमार रावत ने कहा कि जीमेल व ईमेल आईडी का पासवर्ड हमेशा यूनीक होना चाहिए। जिस तरह तेजी से मोबाइल और इंटरनेट यूजर की संख्या बढ़ रही है। रुपये की लेनदेन से लेकर हर काम अब मोबाइल से ही निपटाए जा रहे हैं। इसको देखते हुए सतर्कता बरतने की आवश्यकता है। डिजिटल फ्रॉड के मामले सामने आ रहे हैं। इससे बचने का एकमात्र उपाय जागरूकता है।

हर बच्चा इंस्टाग्राम, फेसबुक चला तो रहा है, लेकिन इसके बारे में पर्याप्त जानकारी नहीं है। इसलिए हम अपनी गोपनीय चीजें भी सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर शेयर कर रहे हैं, जो आगे चलकर यूजर के लिए मुश्किल का कारण बनता है। सोशल मीडिया पर अनजान से दोस्ती कतई न करें। साथ ही अपने फोटो व्हाट्सएप, फेसबुक और इंस्टाग्राम पर शेयर न करें। साइबर अपराध होने पर घबराएं नहीं, जितनी जल्दी हो सके 1930 पर फोन मिलाएं। एएसपी ने विद्यार्थियों को कॅरिअर को लेकर भी सलाह दी। इस मौके पर प्रबंधक राजेंद्र सिंह खुराना, प्रधानाचार्य रवि कुमार शुक्ल, मीडिया प्रभारी जितेंद्र पांडेय, प्रेमचंद मिश्र आदि मौजूद रहे।




सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज मालवीयनगर में पुलिस की पाठशाला में एएसपी पूर्वी मनोज कुमार रावत के साथ शिक्षक व छात्राएं। - संवाद



सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज मालवीयनगर में विद्यार्थियों को संबोधित करते एएसपी मनोज कुमार रावत। - संवाद

### डरिए मत, पुलिस आपकी दोस्त

एंटी रोमियो टीम की प्रभारी पूजा वर्मा ने कहा कि महिला सुरक्षा को लेकर पुलिस कई स्तर पर प्रयास कर रही है। यहां पर बेटियों से फीडबैक फॉर्म भरवाए गए हैं, जिसमें उनके द्वारा चिह्नित स्थल पर पुलिस ने शरारती तत्वों के खिलाफ कार्रवाई की है। कहा कि बेटियों को डरने की आवश्यकता नहीं है। पुलिस को अपना दोस्त समझें, अगर कहीं पर भी समस्या दिखे तो बेहिचक कॉल करें। समस्या का समाधान पुलिस की प्राथमिकता में है।

### विद्यार्थि
### का ि

पुलिस पाठश
सिविल सेवा
एएसपी ने क
पहले लक्ष्य
बनाकर पढ़ाई
तभी कामय
को हल करें
सके कि किस
उसी आधार
पाठक ने पूछ
फोकस करें,
स्थिति रहती
इस पर ज
दिल की बात
तय करके अ
सृष्टि के स
जवाब दिया।
विद्यार्थी संतुष्ट

# सड़क हादसे में स्ट्रीट वेंडर की मौत

संवाद न्यूज एजेंसी

## बुधवार देर शाम भोपतपुर के पास कार से टकराई बाइक

**विश्नोहरपुर।** महंगूपुर गांव निवासी अजीत सिंह (23) बुधवार देर शाम बहन के घर से बाइक से लौटते समय भोपतपुर के पास कार की चपेट में आ गए। गंभीर रूप से घायल अजीत को अयोध्या मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान देर रात उनकी मौत हो गई।



अजीत सिंह। फाइल फोटो

मृतक के पिता भीम सिंह ने बताया कि बेटा अजीत सिंह महाराष्ट्र के पुणे में फास्टफूड का ठेला लगाता था। अजीत के चाचा रमेश सिंह का निधन हो गया था। उनकी तेरहवीं का निमंत्रण देने वह बुधवार को तरबगंज के सिंगहा पांडेयपुरवा में अपनी बहन मधु के घर गया था। वहां से लौटते समय हादसे का शिकार हो गया।

थानाध्यक्ष अभय सिंह ने बताया कि अजीत हेलमेट नहीं लगाए था। सिर में गहरी चोट लगने से मौत हुई है। कार को कब्जे में लिया गया है। तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।

**चार माह पहले ही हुई थी शादी :** चार भाइयों में दूसरे नंबर के अजीत की शादी बीते 17 मई को ही बलरामपुर जिले के खड़गौरा गांव की किरन से हुई थी। पति के मौत से किरन बदहवास है। परिवार के अन्य लोगों का भी रो-रोकर बुरा हाल है। अजीत का बड़ा भाई विवेक चंडीगढ़ में मजदूरी करता है। तीसरे नंबर का सुजीत पुणे में फास्टफूड का ठेला लगाता है। छोटा भाई विशाल घर में रहता है। इकलौती बहन मधु का विवाह हो चुका है।

## मिनी ट्रक से कुचलकर मजदूर की मौत

**करनैलगंज।** सकरौरा निवासी रहमत अली (52) की बृहस्पतिवार सुबह मौर्यनगर चौराहे पर मिनी ट्रक की चपेट में आकर कुचलने से मौत हो गई। हादसे के बाद चालक मिनी ट्रक समेत मौके से भाग गया।



रहमत अली। फाइल फोटो

रहमत अली प्रतिदिन की तरह बृहस्पतिवार सुबह करीब पांच बजे मजदूरी के लिए घर से निकले थे। वह पैदल ही सब्जी मंडी जा रहे थे। मौर्यनगर चौराहे के पास लखनऊ की तरफ जा रहा मिनी ट्रक रहमत अली को कुचलते हुए निकल गया। सड़क पर झाड़ू लगा रही सफाईकर्मी ननका ने किनारे गड्ढे में कूदकर जान बचाई अन्यथा वह भी चपेट में आ जाती। मॉर्निंग वॉक पर निकले लोगों ने पुलिस को सूचना दी। रहमत अली की मौत से पत्नी मुन्नी बानो का रो-रोकर बुरा हाल है। कोतवाल तेज प्रताप सिंह ने बताया कि मुन्नी बानो की तहरीर पर अज्ञात चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। सीसीटीवी फुटेज से हादसा करने वाले मिनी ट्रक का पता लगाकर कार्रवाई की जाएगी। (संवाद)

# ब्लड बैंक से मरीज के 10 हजार रुपये चोरी

**गोंडा।** मेडिकल कॉलेज के ब्लड बैंक में पौत्र के रक्त की जांच कराने पहुंचे बुजुर्ग की जेब से 10 हजार रुपये उचक्के ने पार कर दिए। इसका वीडियो सीसीटीवी में रिकॉर्ड हो गया।

नगर कोतवाली क्षेत्र के रामभारी गांव निवासी रामसंवारे वर्मा ने एसपी को पत्र देकर बताया कि बुधवार को वह अपने बीमार पौत्र प्रतीक का इलाज कराने मेडिकल कॉलेज गए थे। रक्त की जांच के लिए दोपहर 01:40 बजे वह सैंपल रूम गए थे। वहां से उनकी जेब से 10 हजार रुपये किसी उचक्के ने उड़ा दिए। ब्लड बैंक के सीसीटीवी में मामले का वीडियो रिकॉर्ड हो गया है। उन्होंने मामले की जांच कराकर रुपये वापस दिलाने की मांग की है। नगर कोतवाल विवेक त्रिवेदी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। (संवाद)

# सिर्फ 25 समितियों पर ही बंटी खाद, वि

## धानेपुर में पुलिस न मिलने से नहीं बंटी खाद, जानकीनगर में भी परेशान हुए अन्नदाता

संवाद न्यूज एजेंसी

**मसकनवा/इटियाथोक/धानेपुर।** कृषि विभाग जिले में 92 समितियों पर खाद वितरण का दावा कर रहा है, लेकिन बृहस्पतिवार को मात्र 25 समितियों पर ही खाद बांटी गई। इसके पीछे कर्मचारियों की कमी बताई जा रही है।

बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण साधन सहकारी समिति जानकीनगर में बृहस्पतिवार सुबह छह बजे सचिव ने खाद वितरण शुरू कर दिया। थोड़ी देर में ही यहां किसानों की कतार लग गई। भीड़ देख सचिव ने दो घंटे बाद वितरण का काम बंद कर दिया। ग्राम संझवल के प्रमोद तिवारी व भगवान दीन ने बताया कि कई दिनों से वह यूरिया के लिए परेशान हैं। जनकौरा के जंगली, महादेवा कलां के जब्बार ने बताया कि लाइन लगाने के बाद भी खाद नहीं मिली।

साधन सहकारी समिति वीरापुर में बृहस्पतिवार को 700, कर्मा में 150, सिसई रानीपुर में 150 बोरी यूरिया खाद का वितरण किया गया। एडीओ सहकारिता राम सजीवन पांडेय ने बताया कि समितियों पर खाद उपलब्ध कराकर किसानों में वितरण कराने का पूरा प्रयास किया जा रहा है।

मुजेहना विकास खंड के बी पैक्स त्रिलोकपुर (समिति) पर खाद डंप होने के बावजूद भी बृहस्पतिवार को वितरण नहीं किया गया। किसान अतवारी लाल, जोखू, चेलाराम, राम विश्वास, अवध पथ सिंह ने बताया कि सुबह छह बजे से लाइन में लगे थे, दोपहर 12 बजे पता चला कि खाद नहीं बंटेगी। करीब एक बजे एक व्यक्ति ने आकर पोस्टर लगाया कि पुलिस बल न मिलने के कारण यूरिया का वितरण नहीं होगा।

सचिव अशोक गुप्ता ने बताया कि 300 बोरी यूरिया मौजूद है। पुलिस बल न मिलने के कारण वितरण नहीं हुआ है। धानेपुर समिति के सचिव रामभवन व माधवगंज समिति के सचिव दिवाकर तिवारी ने बताया कि खाद नहीं है।



साधन सहकारी समिति जानकीनगर में खाद के लिए लगी भीड़। स्रोत: सोशल मीडिया

### 1,208 मीट्रिक टन यूरिया की रैक पहुंची



सुभागपुर रेलवे माल गोदाम का जायजा लेते मंडलायुक्त। स्रोत: सूचना विभाग

**गोंडा।** 1,208 मीट्रिक टन यूरिया की रैक बृहस्पतिवार को जिले में पहुंची है। सुभागपुर रेलवे मालगोदाम से यूरिया समितियों पर भेजी जाएगी। शाम को मंडलायुक्त शशिभूषण लाल सुशील ने सुभागपुर मालगोदाम का निरीक्षण किया। इससे पहले उन्होंने ग्रामीण सहकारी समिति लिमिटेड सालपुर का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने खाद वितरण की व्यवस्था की जानकारी ली। लाइन में लगे कई किसानों से बातचीत भी की। मौके पर मौजूद सचिव एवं एडीओ पंचायत को निर्देश दिया कि सभी किसानों का पूरा ब्योरा दर्ज किया जाए। खाद का वितरण क्रमवार व पारदर्शी ढंग से सुनिश्चित हो। मंडलायुक्त ने अधिकारियों को चेतावनी दी कि यदि खाद वितरण में कहीं भी लापरवाही या मनमानी पाई गई तो जिम्मेदारों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। (संवाद)

### खाद के इंतजार में सुबह से दोपहर हो गई...

**गौरा चौकी।** बभनजोत के अंतर्गत बी पैक्स प्राथमिक साधन सहकारी समिति कस्बा खास गौरा बुजुर्ग में बृहस्पतिवार को यूरिया का वितरण किया गया। किसान सूरज ने बताया कि यूरिया के लिए आए हैं, लेकिन अभी तक खाद नहीं मिल पाई है। हबीबुल्लाह ने बताया कि सुबह से लाइन में लगे हैं। एक बज रहे हैं, लेकिन अभी नंबर नहीं लगा है। किसान राम सवेरे, हिसामुद्दीन में बताया कि वह सुबह से लाइन में लगे हैं। पहले लाइन सड़क पर लगी थी, अब पीछे बाग में लगा दी गई है। समिति के सचिव विश्राम मिश्रा ने बताया कि किसानों को यूरिया का वितरण किया जा रहा है। (संवाद)

### सपाइयों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**मनकापुर।** गौरा विधानसभा क्षेत्र से सपा के पूर्व प्रत्याशी संजय विद्यार्थी के नेतृत्व में बृहस्पतिवार को पार्टी के कार्यकर्ताओं ने तहसील मुख्यालय पर एसडीएम अवनीश त्रिपाठी को ज्ञापन सौंपा। इसमें किसानों को समय से खाद उपलब्ध कराने की मांग की गई। कहा कि धान रोपाई के सीजन में यूरिया की कमी बनी हुई है। जिससे किसानों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। अगर समय रहते यूरिया की पर्याप्त आपूर्ति नहीं की गई तो किसानों की फसलें प्रभावित होंगी और उन्हें नुकसान उठाना पड़ेगा। इसलिए सहकारी समितियों पर पर्याप्त मात्रा में यूरिया उपलब्ध कराई जाए। इस मौके पर शिवकुमार प्रजापति, रामजीत यादव, अंबुज कुमार, संतोष यादव, अब्दुल कासिम, राजकमल आदि उपस्थित रहे। (संवाद)



साधन सहकारी

## अधिक
## की

**गोंडा।** खाद के सं
के बीच कृषि विभ
में सबसे अधिक
किसानों की खोजा
सहकारी समितियों
खाद ली है। टीमें
जा रहा है कि इन
बीघे की खेती है
खाद की आवश्य
मात्रा में यूरिया लेने
तथ्यों की जांच के

जिला कृषि अ
बताया कि जिले मे
बार 13 हजार मी
का वितरण किया
किल्लत की शिका
इसमें पाया गया कि
हेक्टेयर पांच बैग
होती है, लेकिन यह
12 बैग यूरिया का
सात बैग के सापेक्ष
का प्रयोग किया गय

# कजरी तीज में 200 सफाई कर्मी, 25 नायक

**गोण्डा, संवाददाता।** कजरी तीज पर्व को देखते हुए प्रसिद्धि दुखहरणनाथ मंदिर में बड़ी संख्या में कांवड़ियों के जलाभिषेक को लेकर पालिका गोण्डा की ओर से तैयारियां कर ली गई है। हालांकि दर्जन भर से अधिक सफाई कर्मियों को मंदिर के आसपास साफ सफाई के लिए अभी से लगा दिया गया है। उधर, खरगूपुर के पृथ्वीनाथ मंदिर पर तैयारियों का डीएम प्रियंका निरंजन ने अफसरों के साथ जाजया लिया। उन्होंने मंदिर प्रांगण एवं उसके आसपास की सफाई व्यवस्था, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था, चिकित्सा सुविधा, ट्रैफिक एवं पार्किंग की स्थिति, बैरिकेडिंग तथा रूट डायवर्जन आदि की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए सभी व्यवस्थाएं समय से पहले पूर्ण कर ली जाएं। इस दौरान एडीएम आलोक कुमार, एसडीएम अशोक कुमार गुप्ता भी रहे।

शहर के प्रसिद्धि दुखहरणनाथ मंदिर पर कजरी तीज पर लाखों की संख्या में

- मेले में शहर की चौबंद व्यवस्था के लिए चप्पे-चप्पे पर तैनाती
- मंदिर तक कांवड़ियों को पहुंचने की चार चरणों में व्यवस्था



खरगूपुर में पृथ्वीनाथ मंदिर पर कजरीतीज के मद्देनजर तैयारियों का जाजया लेतीं डीएम।

कांवड़िये जलाभिषेक करते है और दो दिनों तक यहां मेले जैसा उत्सव होता है। पर्व पर करीब दो सौ सफाई कर्मी व 25 सफाई नायक मुस्तैद किए गए है। इसके अलावा मेले में खासकर 25 व 26 को जुटने वाली आसपास व गैर जनपदों के कांवड़ियों की भीड़ को देखते हुए सफाई कर्मियों व सफाई नायकों की चप्पे-चप्पे पर तैनाती की जा रही है। एसडीएम व पालिका के प्रभारी ईओ विशाल कुमार ने बताया कि इस मंदिर तक कांवड़ियों को पहुंचने के सभी रुटों पर चार चरणों में व्यवस्था की गई है।

प्रभारी ईओ ने बताया कि यहां इसके लिए दूसरे पालिकाओं व नगर पंचायतों से भी मदद ली जा रही है। कई संसाधनों को दूसरी पालिकाओं से लिये जा रहे है। हालांकि गुरुवार से सीढ़ी वाहन को लगा दिया गया है। इसी तरह कर्मियों के अलावा संसाधन भी दूसरी नगर पंचायतों से मेले में लगाए जा रहे हैं। सरयू कटरा घाट करनैलगंज में जुटने वाली लाखों की भीड़ को देखते वहां पर

## साफ-सफ
## व्यवस्था पर

इस पर्व पर दुख
आयोजित विविध
से कांवड़ियों के
रोड व स्टेशन स
के अलावा जगह
चूने का छिड़काव
प्रकाश व्यवस्था
रहा है। इन दोनो
दर्जनों की संख्या
विभिन्न संगठनों
जाते हैं। जिनमें
पेयजल आदि की
होती है। चेयरमैन
बताया कि मेले
को देखते हुए स
से पूरा कर लेने

करनैलगंज पालि
गया है। वहीं ख
पृथ्वीनाथ मंदिर प
को लेकर नगर
जिम्मेदारियां सौंपी
पर कांवड़ियों
सामना न करना

# BALRAMPUR POLICE

4

# सराहनीय कार्य दिनांक:-22-08-2025

# दुष्कर्म के बाद किशोरी का कराया गर्भपात

## तीन गिरफ्तार, बिना लाइसेंस के संचालित नर्सिंग होम किया गया सील

संवाद न्यूज एजेंसी

**गौरा चौराहा।** दुष्कर्म के बाद किशोरी गर्भवती हुई तो युवक ने अवैध नर्सिंग होम में गर्भपात करा दिया। इससे उसकी तबीयत बिगड़ गई। इसके बाद परिजनों को मामले की जानकारी हुई। पीड़िता के पिता ने बुधवार को पुलिस अधीक्षक से शिकायत की।

बृहस्पतिवार को पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर दुष्कर्म के आरोपी लवकुश मिश्र, महक अस्पताल के संचालक अवधेश पाठक निवासी गौरी पार्टी सिद्धार्थनगर व स्वास्थ्यकर्मी सत्यधामा त्रिपाठी उर्फ धामा निवासी ग्राम चरधारी सिद्धार्थनगर को गिरफ्तार किया है। वहीं अवैध नर्सिंग महक को भी सील कर दिया गया।

पिता ने आरोप लगाया कि पुत्री पर दबाव बनाकर लवकुश मिश्र ने दुष्कर्म किया। धमकाकर करीब तीन महीने तक यौन शोषण करता रहा। इस दौरान पुत्री गर्भवती हो गई। इसपर आरोपी ने गौरा चौराहे पर संचालित महक नर्सिंग होम में गर्भपात भी करा दिया।

### एसपी के निर्देश पर एएसपी और स्वास्थ्य विभाग की टीम ने की कार्रवाई



गौरा चौराहा पर बंद अल्ट्रासाउंड सेंटर। -संवाद

पुलिस अधीक्षक विकास कुमार ने अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पांडेय को जांच सौंपी। बुधवार देर रात एएसपी और स्वास्थ्य विभाग की टीम ने जांच पूरी कर ली। पता चला कि महक नर्सिंग होम में किशोरी की जांच कराई गई थी। चिकित्सकों ने राजधानी डायग्नोस्टिक सेंटर में अल्ट्रासाउंड कराया। इसके बाद नर्सिंग होम में चिकित्सक एवं महिला ने मिलकर गर्भपात किया।

जांच में यह भी पता चला कि नर्सिंग होम का लाइसेंस नहीं था। अवैध रूप से संचालित था। जांच के दौरान राजधानी डायग्नोस्टिक सेंटर में ताला लगाकर संचालक मौके से भाग गया। पूरी जानकारी एसपी को दी गई। बृहस्पतिवार सुबह सीओ ज्योतिश्री ने थाने में पीड़िता व उसके परिजनों का बयान दर्ज किया।

अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. संतोष कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि महक नर्सिंग होम को सील कर दिया गया है। वहीं गांव में पुलिस सतर्कता बढ़ा दी गई। एसपी ने बताया कि जांच में सभी तथ्यों को शामिल किया जा रहा है।

# दुष्कर्म के दोषी को 20 वर्ष की सजा

**बलरामपुर।** अपर सत्र न्यायाधीश/स्पेशल जज पॉक्सो एक्ट दीप नरायन तिवारी ने बृहस्पतिवार को बालक के साथ अप्राकृतिक दुष्कर्म करने वाले अभियुक्त को दोषी करार देते हुए 20 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। न्यायाधीश ने अभियुक्त को 30 हजार रुपये के अर्थदंड से भी दंडित किया है।

अदालत से

पचपेड़वा क्षेत्र के एक गांव के व्यक्ति ने 19 मई 2022 को एफआईआर दर्ज कराई थी। आरोप था कि उनका चार वर्ष का बेटा गांव के आंगनबाड़ी स्कूल में पढ़ रहा था। विपक्षी ग्राम औरहवा निवासी उदल ने टॉफी दिलाने के बहाने ले जाकर अप्राकृतिक दुष्कर्म किया।

पुलिस ने केस दर्ज करके विवेचना की। इसके बाद न्यायालय में आरोप पत्र प्रस्तुत किया। न्यायाधीश ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने और पत्रावलियों का अवलोकन करने के बाद अभियुक्त को दोषी करार देते हुए कठोर कारावास के साथ अर्थदंड से भी दंडित किया है। (संवाद)

# कूटरचित दस्तावेज पर नौकरी करने वाला शिक्षक गिरफ्तार

संवाद न्यूज एजेंसी

**बलरामपुर।** बेसिक शिक्षा विभाग में कूटरचित दस्तावेजों से नौकरी हथियाने वाले अध्यापक नीरज कुमार निवासी सौहल्ला प्रतापपुरा थाना सदर, जनपद आगरा को नगर कोतवाली पुलिस ने बृहस्पतिवार को गिरफ्तार किया है।



नीरज कुमार। -संवाद

बेसिक शिक्षा विभाग में 92 फर्जी अध्यापक चिह्नित किए गए हैं। इनमें पुलिस ने अब तक 28 अध्यापकों को गिरफ्तार कर लिया है।

तत्कालीन बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ. रामचंद्र ने 31 मार्च 2021 को नगर कोतवाली में कूटरचित दस्तावेज के आधार पर नौकरी पाने वाले 92 फर्जी अध्यापकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई थी। एसपी

## जिले के बेसिक शिक्षा विभाग में 92 फर्जी अध्यापक चिह्नित, अब तक 28 गिरफ्तार

विकास कुमार ने फर्जी अध्यापकों की गिरफ्तारी के लिए टीमें गठित कीं। एसपी ने एएसपी विशाल पांडेय व सीओ सिटी ज्योतिश्री के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक नगर कोतवाली सुधीर कुमार सिंह की टीम को फर्जी अध्यापकों की गिरफ्तारी का जिम्मा सौंपा।

टीम ने बलरामपुर रेलवे स्टेशन के सामने बृहस्पतिवार को एक फर्जी अध्यापक को गिरफ्तार कर लिया है। एसपी ने बताया कि इससे पहले 27 फर्जी अध्यापकों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

जिले में अब तक 28 फर्जी अध्यापक गिरफ्तार किए जा चुके हैं। टीमों को सक्रिय कर दिया गया है। बचे 64 फर्जी अध्यापकों को जल्द ही गिरफ्तार करके जेल भेजा जाएगा।

# एक ही रात में चार स्थानों पर चोरी करने वाले तीन गिरफ्तार



उतरौला कोतवाली पुलिस की गिरफ्त में अंतरजनपदीय चोर ● सौ. पुलिस मीडिया सेल

जासं ● बलरामपुरः उतरौला में एक ही रात में चार स्थानों पर हुई चोरियों का राजफाश कर अंतरजनपदीय चोरों को गिरफ्तार किया है।

आरोपितों की पहचान बहराइच के नानापारा स्थित लक्ष्मनपुर मटेही गांव निवासी अलीम, गोंडा के इटियाथोक स्थित कंचपुर निवासी ओम किशोर व बलरामपुर के गदुरहवा निवासी सिकंदर के तौर पर हुई है। आरोपितों के पास दो ठेला, एक बाल्टी, एक लोटा और पीले धातु का एक बर्तन बरामद हुआ है। पुलिस अधीक्षक विकास कुमार ने बताया कि वादी उतरौला के आर्यनगर निवासी शिवशंकर उर्फ बड़कन, मुकेश चौहान, इदरीश, राजेंद्र कुमार गुप्त ने पांच अगस्त की रात शनि देव मंदिर से कलश, घंटा, पूजन पात्र समेत दो ठेले व दान पेटी से आठ हजार रुपये चोरी होने का मुकदमा दर्ज कराया था।

प्रभारी निरीक्षक अवधेश राज सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने सभी आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है।

# कूटरचित अभिलेखों से नौकरी हथियाने वाले फर्जी शिक्षक को किया गिरफ्तार

जागरण संवाददाता ● बलरामपुर: कूटरचित अभिलेखों के सहारे नौकरी हथियाने वाले फर्जी शिक्षक को नगर कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जालसाज की पहचान आगरा के थाना सदर स्थित मोहल्ला प्रतापपुरा निवासी नीरज कुमार के तौर पर हुई है।

पुलिस अधीक्षक विकास कुमार ने बताया कि 31 मार्च 2021 को तत्कालीन जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डाक्टर रामचंद्र ने 92 फर्जी शिक्षकों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया गया था। इसी क्रम में नगर कोतवाली पुलिस लगातार फर्जी शिक्षकों की तलाश कर रही है। प्रभारी निरीक्षक सुधीर कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने आगरा



कोतवाली नगर में पुलिस की गिरफ्त में अभियुक्त ● सौ पुलिस मीडिया सेल

निवासी नीरज कुमार बलरामपुर रेलवे स्टेशन के सामने मुख्य मार्ग से गिरफ्तार किया। इसके पूर्व भी 27 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा जा चुका है। पुलिस टीम में उपनिरीक्षक दिग्विजय यादव, शिवेन्द्र प्रताप सिंह शामिल रहे।

**मारपीट में अभियुक्त को अर्थदंड**–बलरामपुर: न्यायिक मजिस्ट्रेट उतरौला ने मारपीट व बलवा के मामले में जनुका गूजर गांव निवासी फरजंद अली को जेल में बिताई अवधि की सजा सुनाई है। साथ ही 2500 रुपये अर्थदंड से दंडित किया है। एसपी विकास कुमार ने बताया कि 23 नवंबर 1989 को दो पक्षों में मारपीट पर मुकदमा दर्ज किया गया था। उपनिरीक्षक वीपी सिंह ने विवेचना कर आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया। प्रभावी पैरवी से अभियुक्त को सजा दिलाई गई। (जासं)

# दुष्कर्म के बाद किशोरी का कराया गर्भपात, तीन गिरफ्तार

## तीन माह पूर्व पट्टीदारी के युवक ने किया था दुष्कर्म, मामला खुलने पर पीड़िता के परिजन ने किया मुकदमा

संवादसूत्र, जागरण • गौरा चौराहा (बलरामपुर): एक गांव में पड़ोस में रहने वाले पट्टीदार युवक ने किशोरी के साथ तीन माह पूर्व दुष्कर्म किया। गर्भवती हो जाने पर गौरा चौराहा स्थित महक हास्पिटल में ले जाकर उसका गर्भपात करा दिया। मामला खुलने पर पीड़िता के परिजन की तहरीर पर आरोपित लवकुश मिश्र को गिरफ्तार कर लिया है।

वहीं, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. संतोष कुमार श्रीवास्तव ने रात लगभग साढ़े 11 बजे छापेमारी कर महक हास्पिटल को सील कर दिया है। फर्जी अस्पताल संचालक बांसी सिद्धार्थनगर के ग्राम गौरी पाठक पथरा बाजार निवासी डा. अवधेश पाठक व कार्यकर्ता सत्यभामा त्रिपाठी धामा निवासी ग्राम चरथारी बांसी सिद्धार्थनगर के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है।

लवकुश मिश्र शादीशुदा है और उसके बच्चे हैं। किशोरी उसकी पट्टीदार है। लवकुश ने किशोरी को बहला-फुसला कर तीन माह पूर्व उसके साथ दुष्कर्म किया था। गर्भवती हो जाने पर वह किशोरी को लेकर गौरा चौराहा स्थित महक नर्सिंग होम गया। वहां के चिकित्सक की सलाह पर गर्भपात की दवा मंगाकर खिला दी। बात खुल जाने पर किशोरी के परिजन ने थाने में दुष्कर्म की तहरीर दी, जिस पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपित को गिरफ्तार कर लिया।

बुधवार की देर रात अपर सीएमओ डा. संतोष कुमार श्रीवास्तव ने पुलिस बल के साथ महक नर्सिंग होम में छापेमारी की। यहां लेबर रूम व आपरेशन थियेटर बदहाल पाया गया। अस्पताल बिना पंजीकरण के चल रहा था। साथ ही संचालक डा. अवधेश पाठक आयुष विधा के चिकित्सक होने के बावजूद अवैध नर्सिंग होम संचालित कर रहे थे।

अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने फर्जी नर्सिंग होम को सील करते हुए अस्पताल संचालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया। पुलिस ने संचालक डा. अवधेश कुमार पाठक को गिरफ्तार कर लिया।



गौरा चौराहा में अवैध रूप से चल रहे महक नर्सिंग होम को सील कराते अपर सीएमओ डा. संतोष कुमार श्रीवास्तव • सौ. विभाग

**फर्जी रूप से चल रहे महक नर्सिंग होम में कराया गया था गर्भपात, एसीएमओ ने छापेमारी कर अस्पताल कराया सील**

> पीड़ित किशोरी का चिकित्सीय परीक्षण कराया गया है। आरोपित लवकुश को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। अन्य विधिक कार्रवाई की जा रही है।
>
> -विशाल पांडेय, अपर पुलिस अधीक्षक

### इनकी भी बराबर साझेदारी

फर्जी रूप से संचालित महक नर्सिंग होम में संचालक डा. अवधेश पाठक के अतिरिक्त दो अन्य की साझेदारी भी सामने आई है। इसमें उतरौला निवासी मोहम्मद शमीम मुंबई में रहकर महक नर्सिंग होम में पूंजी लगाते हैं। श्रीदत्तगंज के चमरूपुर निवासी अरविंद उपाध्याय अस्पताल संचालक में बराबर के हिस्सेदार हैं। फिलहाल स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी अस्पताल की छानबीन में जुटे हैं।

दुकान में चल रहा था अल्ट्रासाउंड सेंटर: बिना नाम के एक दुकान में चल रहे अवैध अल्ट्रासाउंड सेंटर की भूमिका भी सामने आई है। अस्पताल आने वाले मरीजों का इसी दुकान में अल्ट्रासाउंड किया जाता है, लेकिन अधिकारियों को इसकी खबर तक नहीं है।

# पाक्सो एक्ट में वांछित को दबोचा

बलरामपुर : पाक्सो एक्ट से संबंधित वांछित को गैंड़ासबुजुर्ग पुलिस ने गिरफ्तार किया। थानाध्यक्ष राजीव कुमार मिश्र ने बताया कि आरोपित पुरैना बुलंद निवासी कोमल की गिरफ्तारी की गई है। उसे रेहराबाजार बस स्टैंड से गिरफ्तार कर न्यायालय रवाना किया। (जासं)

# संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की मौत

संसू, जागरण, गैंसड़ी (बलरामपुर): सुगांव गांव निवासिनी 32 वर्षीय प्रिया की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। सास उर्मिला ने बताया कि प्रिया ने बुधवार की शाम करीब चार बजे कोई विषाक्त पदार्थ खा लिया था, जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। अपनी बड़ी बहू के साथ उसे लेकर सीएचसी गईं। वहां इलाज के दौरान प्रिया ने दम तोड़ दिया। उसने विषाक्त पदार्थ क्यों खाया, इसके बारे में कुछ पता नहीं है। प्रिया के पति शिव कुमार मुंबई में काम करते हैं।

प्रभारी निरीक्षक दुर्विजय ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# बालक से कुकर्म करने वाले को 20 वर्ष कैद

संवादसूत्र, जागरण ● बलरामपुर: अपर सत्र न्यायाधीश दीप नारायण तिवारी ने बालक के साथ कुकर्म करने वाले अभियुक्त को 20 वर्ष कारावास की सजा सुनाते हुए 30 हजार अर्थदंड से दंडित किया है।

शासकीय अधिवक्ता पवन कुमार शुक्ल ने बताया कि थाना पचपेड़वा में 19 मई 2022 को प्राथमिक की दर्ज कराई गई कि क्षेत्र के एक नाबालिग लड़के को बहला-फुसलाकर उदल पुत्र चुन्नी लाल ने कुकर्म किया। अभियोजन की ओर से आठ गवाहों का बयान अंकित कराया। न्यायाधीश ने दोनों के तर्क सुनने बाद अभियुक्त को कारावास व अर्थदंड की सजा सुनाई।

# अपने साथ लूट की बात कहने वाला बीसी संचालक लापता



कटरा गांव के पास राप्ती नदी में विकास को तलाश रही फ्लड पीएसी ● जागरण

**बीसी संचालक ने मित्र को फोन पर रुपये छीनने व नदी में फेंकने की धमकी मिलने की दी सूचना, नदी में तलाश ही फ्लड पीएसी**

संवादसूत्र, जागरण ● गौरा चौराहा (बलरामपुर): नकदी लेकर निकला भारतीय स्टेट बैंक का बीसी (बिजनेस करस्पांडेंट) संचालक विकास पांडेय बुधवार की रात संदिग्ध परिस्थितियों में रहस्यमय ढंग से लापता हो गया। गौरा चौराहा के पिपरा एकडंगा गांव निवासी विकास ने रात सवा आठ बजे उतरौला के कटरा निवासी ज्ञानचंद मिश्र उर्फ ज्ञानू को फोन करके बताया कि उन्हें कुछ लोगों ने पकड़ लिया है। उनके रुपये छीनकर नदी में फेंकने की धमकी दे रहे हैं। 10 मिनट के अंदर ही कटरा के लोग राप्ती के कोल्हुई पुल पर पहुंच गए। पुल पर विकास की बाइक खड़ी मिली, पर वह गायब था। उसकी तलाश में नदी में गोताखोर लगाए गए हैं। गौरा चौराहा व उतरौला की पुलिस छानबीन में जुटी है।

विकास पांडेय के भाई विनीत ने गौरा चौराहा थाना में दी गई तहरीर में कहा है कि उनके भाई बुधवार की देर शाम बलरामपुर से बेलहा मोड़ के रास्ते गौरा चौराहा होते हुए घर लौट रहे थे। राप्ती नदी पुल पर पहुंचने पर कटरा गांव निवासी ज्ञानचंद्र को सवा आठ बजे फोन करके बताया कि पुल पर कुछ लोगों ने रोक लिया है। उनके रुपये छीनकर नदी में फेंक देने की धमकी दे रहे हैं। इतना कहते ही फोन कट जाता है। ज्ञानचंद गांव के ही एक व्यक्ति के साथ पुल पर पहुंचते हैं। वहां विकास की बाइक खड़ी मिलती है। फोन मिलाने पर विकास का मोबाइल स्विच आफ बताने लगता है।

इस पर ज्ञानचंद विकास के घर वालों को सूचना देते हैं। विनीत की सूचना पर गौरा चौराहा और उतरौला कोतवाली की पुलिस मौके पर पहुंच जाती है। विकास की तलाश में गोताखोर लगाए गए। गुरुवार को पूरा दिन राप्ती नदी में फ्लड पीएसी विकास की तलाश करती रही, लेकिन कुछ पता नहीं चल सका है। अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पांडेय ने बताया कि अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर छानबीन की जा रही है।

## अन्य पहलुओं पर भी की जा रही छानबीन

पुलिस अधीक्षक विकास कुमार का कहना है कि विकास पांडेय के भाई की तहरीर पर पुलिस छानबीन कर रही है। विकास के पास कितनी नकदी थी, उसके बताने के अनुसार किन लोगों ने उसे पकड़ा, वास्तव में उसे नदी में फेंका गया या नहीं, ऐसे अन्य सभी पहलुओं पर जानकारी एकत्र की जा रही है। शीघ्र ही मामले का अनावरण किया जाएगा।



गौरा चौराहा क्षेत्र में स्थित महक नर्सिंग होम को सील करते सीएमओ व अन्य अधिकारी

# नाबालिग से दुष्कर्म, कराया गर्भपात, अस्पताल सील

- पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार
- अस्पताल संचालक चल रहा फरार

**बलरामपुर, संवाददाता।** बलरामपुर के थाना गौरा चौराहा क्षेत्र में नाबालिग से दुष्कर्म करने और उसका गर्भपात कराने का मामला सामने आया है। आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। साथ ही जिस अस्पताल में नाबालिग का गर्भपात कराया गया था, उसे देर रात सील कर दिया गया है। अस्पताल संचालक फरार चल रहा है।

बलरामपुर के थाना गौरा चौराहा क्षेत्र की एक नाबालिग से उसके ही पटीदार

आरोपी को जेल भेजकर लड़की का मेडिकल कराया जा रहा है। इसमें जो लोग भी दोषी मिलेंगे उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। वहीं यह मामला तूल पकड़ने के बाद बुधवार रात

# लूट की घटना बता लापता हो गया बीसी संचालक

**बलरामपुर, संवाददाता।** थाना गौरा चौराहा क्षेत्र में एक अनोखी घटना घटित हुई। अपने साथ लूट की आशंका जताने वाले बीसी संचालक देखते ही देखते लापता हो गया। उसके खोजबीन में एक नहर में गोताखोरों की टीम लगाई गई है।

नकदी लेकर निकला भारतीय स्टेट बैंक का बीसी संचालक विकास कुमार पाण्डेय ने बुधवार देर रात संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गए। उसने पिपरा गांव निवासी ज्ञान चन्द्र मिश्र उर्फ ज्ञानू के पास रात साढ़े आठ बजे फोन करके यह बताया कि उसके पीछे कुछ बदमाश लगे हुए हैं। वे लोग उसे जान से मार डालेंगे। जल्दी से पहुंचो। इस बात की सूचना मिलने पर ज्ञान चन्द्र अपने कुछ लोगों के साथ मौके पर पहुंचे। कोल्हुई पुल के पास पहुंचने पर विकास की बाइक खड़ी हुई थी, लेकिन वह गायब था। पुलिस ने गोताखोर लगाकर उसकी तलाश कराई है, लेकिन उसका कुछ पता नहीं चला है। थाना गौरा चौराहा और उतरौला की पुलिस पूरे मामले में जुटी हुई है। एएसपी विशाल पाण्डेय ने बताया कि मामला संज्ञान में है, आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

# 35 लाख कीमत के 159 गुमशुदा मोबाइल बरामद

- जनपद व प्रदेश के बाहर से बरामद किए गए मोबाइल
- एसपी ने की सर्विलांस टीम को पुरस्कृत करने की घोषणा

जासं • बलरामपुर: खोया मोबाइल फोन पाने की आस छोड़ चुके लोगों के चेहरे उस समय खिल उठे, जब पुलिस ने उन्हें काल करके कहा कि आप एसपी कार्यालय आकर मोबाइल ले लीजिए। यह काल आते ही उनकी खुशी का ठिकाना नहीं रहा। गुरुवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में 159 गुमशुदा स्मार्ट फोन उनके स्वामियों के सिपुर्द किए गए। बरामद किए गए मोबाइल फोन की अनुमानित कीमत लगभग 30 से 35 लाख रुपये है।

एसपी विकास कुमार ने बताया कि विभिन्न थानों में मोबाइल खोने या चोरी हो जाने से संबंधी शिकायतें दर्ज कराई गई थी। सर्विलांस टीम बरामद गुम हुए मोबाइलों को ट्रेस कर रही थी। कई मोबाइल जनपद व प्रदेश के बाहर से बरामद किए गए हैं। कहा कि इतनी बड़ी संख्या में गुमशुदा मोबाइल की बरामदगी से आमजन का पुलिस में विश्वास मजबूत हुआ है। यह कार्य पुलिस की सतर्कता, प्रतिबद्धता और तकनीकी दक्षता का प्रतीक है।

इसके लिए सर्विलांस टीम को पुरस्कृत किया जाएगा। साथ ही आमजन से यह भी अपील है कि यदि उनका मोबाइल कहीं गुम हो जाता है, तो इसकी सूचना संबंधित थाना पर अवश्य दें। यदि वह मोबाइल कहीं भी इस्तेमाल होगा, तो उसे ट्रेस अवश्य कर लिया जाएगा।



पीड़ित को मोबाइल सौंपते पुलिस अधीक्षक विकास कुमार • जागरण

# BAHRAICH POLICE

4

# सराहनीय कार्य दिनांक:-22-08-2025

# इलाज के दौरान गर्भवती
# लापरवाही का लगाया आ

## रेफर पर्चा बनाने के नाम पर लग गए चार घंटे तीन घंटे

जासं • बहराइच : मेडिकल कालेज अस्पताल में गुरुवार सुबह एक गर्भवती महिला की मौत हो गई। स्वजन ने इलाज न करने, मरीज को आक्सीजन न लगाने व लापरवाही का आरोप लगाते हुए नाराजगी जाहिर की। जानकारी पर पहुंचे सीएमएस व पुलिस कर्मियों ने लोगों को समझाकर किसी तरह आक्रोशित लोगों को शांत कराया।

मोतीपुर इलाके के चौधरी गांव निवासी 25 वर्षीय प्रमिला गुप्ता छह माह की गर्भवती थी। महिला की ननद सुशीला गुप्ता ने बताया कि गुरुवार सुबह चार बजे सांस लेने में भाभी को दिक्कत हुई। इस पर उन्हें सीएचसी मोतीपुर में भर्ती कराया गया। यहां हालत गंभीर होने पर मेडिकल कालेज अस्पताल रेफर कर दिया गया।

सुबह सात बजे उन्हें मेडिकल कालेज अस्पताल लाया गया। आरोप है कि सांस लेने में तकलीफ होने के बावजूद उनको आक्सीजन तक नहीं



मेडिकल कालेज के महिला विंग में मृतक महिला के स्व
एमएमएम त्रिपाठी • जागरण

महिला की हालत गंभीर थी। इलाज शुरू होने से पहले ही मौत हो गई थी। मौत के बाद परिवार के लोग काफी प समझा -डा. प

को चार घंटे लग गए और इस दौरान पत्नी की मौत हो गई। इसकी जानकारी मिलते ही अस्पताल में मौजूद परिवारजन आक्रोशित हो गए। उन्होंने इलाज में लापरवाही की बात कहते हुए नाराजगी जताना शुरू

शांत भिजवा लापरव

# ओटीपी साझा करते ही खाते से उड़ाये 14 हजार

संसू, जागरण • पुरैनाबाजार : पयागपुर इलाके में एक व्यक्ति को ठग ने फोन कर ओटीपी मांगी। इसके बाद खाते से हजारों रुपये उड़ा दिए। इसके अलावा दूसरे के खाते को होल्ड कर दिया है। ग्राम सहसरावां के मजरा शिवशंकरपुरवा निवासी महेंद्र प्रताप द्विवेदी ने बताया कि उनके बैंक खाते में 36 हजार रुपये जमा थे। अचानक खाते पर होल्ड लग गया और 15 हजार की राशि माइनस दिखाई देने लगी। बैंक से जानकारी करने पर पता

चला कि दिल्ली साइ
की पुलिस ने खाते प
लगवाया है। गांव निव
दुबे फोन लगाने वाले
योजना से जुड़ा बताते
सम्मान योजना के अं
जाने की जानकारी दी
वाले ने उन्हें एक ओट
लाभ पाने के लिए उस
उन्होंने जैसे ही ओटी
उनके खाते से ठग ने
उड़ा दिए।

हिन्दु



गुरुवार को खाद की हो रही किल्लत को लेकर मिहींपुरवा सहाकरी समितियों पर लगी लाइन।



समितियों पर बुधवा

## अधिकतर समितियों में भीड़ जुटने का संकट, अफसर परेशान, हर समिति

# खाद के लिए रात दो बजे से ल

### संकट

**बहराइच, हिन्दुस्तान टीम।** यूरिया संकट से हलकान किसान रात दो बजे से ही समितियों पर जुट रहे। गुरुवार को मिहींपुरवा के बहुउद्देशीय प्राथमिक सहकारी समिति लिमिटेड व सहकारी संघ मिहींपुरवा तथा इफको बाजार में खाद पहुंची तो रात से डटे किसान टूट पड़े। पुलिस ने मोर्चा संभाला। यहां बहुउद्देशीय प्राथमिक सहकारी समिति लिमिटेड में 880 बोरी यूरिया का स्टाक रहा। लाइन दो हजार किसानों की थी।

सचिव शहाबुद्दीन ने बताया कि सुबह 9 बजे 500 किसानों को टोकन वितरित किया गया है। दोपहर दो बजे तक 65 बोरी यूरिया वितरित किया गया है। सर्वर डाउन हो जाने से ई-पाश मशीन ठप हुई तो वितरण में बाधा पड़ गई। कई किसानों के अंगूठे ही मशीन में नहीं लग रहा है।



गुरुवार को खाद संकट पर सपा ने प्रदर्शन किया, पुलिस ने संभाला।

## किसानों का हंगामा टोकन से ले गए

बाबागंज। सरकारी संघ लिमिटेड बाबागंज पर मंगलवार को भारी

## यूरिया न मिलने पर किसानों का

तेजवापुर। बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति लिमिटेड चेतरा में गुरुवार को ताला लटकता मिला। काफी

की बहुत जरुरत बद से बदतर है। लगभग 300 बोरी

SHRAWASTI POLICE

4

# सराहनीय कार्य दिनांक:-22-08-2025

# श्रावस्ती में अवैध मदरसों पर अंकुश की सरकार की कार्यवाही को झटका

- हाई कोर्ट ने मदरसों को जारी की गई नोटिसें तकनीकी आधार पर कीं खारिज
- कहा, सरकार चाहे तो नियमानुसार नई नोटिसें जारी करने को स्वतंत्र

**विधि संवाददाता, जागरण • लखनऊ:** श्रावस्ती जिले में नेपाल की सीमा के इर्द-गिर्द चल रहे अवैध मदरसों पर अंकुश लगाने की सरकार की मुहिम को झटका लगा है। हाई कोर्ट ने जिला प्रशासन द्वारा 30 मदरसों को दी गई नोटिसें तकनीकी आधार पर सही न पाते हुए गुरुवार को खारिज कर दीं। नोटिसों पर अंतरिम रोक पांच जून को ही लगा दी गई थी। हालांकि, कोर्ट ने यह छूट दी कि राज्य सरकार नियमानुसार नई नोटिसें जारी कर सकती है। नोटिसें खारिज करने का आदेश जस्टिस पंकज भाटिया की एकल पीठ ने मदरसा मोईनुल इस्लाम कसमिया समिति और दो दर्जन से अधिक अन्य मदरसों की ओर से दायर अलग-अलग रिट याचिकाओं को अंतिम रूप से निस्तारित करते हुए पारित किया है।



याचिकाओं में कहा गया है कि नोटिसों की तामिला नहीं कराई गई और इन्हें मनमाने तरीके से जारी किया गया। सारी नोटिसों पर एक ही नंबर पड़ा था जिससे साफ जाहिर होता है कि हड़बड़ी में दुर्भावनावश कार्यवाही की जा रही है। याचियों की ओर से कहा गया कि उन्हें समुचित नोटिसें देकर जवाब दाखिल करने का पूरा मौका मिलना चाहिए किंतु सरकार मनमाने तरीके से काम कर रही है और उन्हें अपना जवाब देने का भी मौका नहीं दिया जा रहा है। राज्य सरकार की ओर से याचिका का विरोध करते हुए कहा गया कि याची मदरसों के खिलाफ यूपी नान गवर्नमेंटल अरेबिक एंड पर्सियन मदरसा रिकग्निशन, एडमिनिस्ट्रेशन एंड सर्विसेस रेगुलेशन 2016 के प्रावधानों के तहत कार्यवाही की गई है जिसमें कुछ भी गलत नहीं है। सुनवाई के बाद फैसला सुनाते हुए कोर्ट ने कहा कि नोटिसों में कमी है। याचियों के खिलाफ कार्यवाही से पहले उन्हें सुनवाई का पूरा मौका देना आवश्यक है।

# दूसरे दिन भी ढहाए गए तीन बहुमंजिले मकान, हटाया जा रहा मलबा

## खिड़की, दरवाजे समेत लकड़ी व ग्रिल निकालते रहे कब्जेदार

जागरण, संवाददाता • श्रावस्ती : भिनगा नगर में तहसील तिराहे से ईदगाह की ओर 85 मीटर के दायरे में अतिक्रमण कर बनाए गए मकान व दुकानों पर गुरुवार को दूसरे दिन भी बुलडोजर कार्रवाई जारी रही। इस दौरान और तीन बहुमंजिले मकान ढहाए गए। इस प्रकार यहां अब तक 28 इमारतें ढहाई जा चुकी हैं। बुलडोजर व माल वाहक वाहन लगाकर मलबा हटाने की कार्रवाई जारी रही।



भिनगा तहसील के पास सरकारी जमीन पर बने मकान को ढहाता बुलडोजर • जागरण

सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जा करने वालों को कठोर कार्रवाई का बड़ा संदेश देते हुए प्रशासन ने अवैध बहुमंजिले मकानों व दुकानों को ढहा दिया।दूसरे दिन सुबह ही लोक निर्माण विभाग व राजस्व विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंच गए। पुलिस टीम ने भी चौक-चौराहों पर बैरीकेडिंग कर जिम्मेदारी संभाल ली। भिनगा कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक राजकुमार सरोज समेत सभी थानों के निरीक्षक, उपनिरीक्षक, मुख्य आरक्षी, आरक्षी व महिला आरक्षी ड्यूटी पर मुस्तैद नजर आए। अतिक्रमण ढहाने की कार्रवाई देखने के लिए लोगों की भीड़ जुटी रही। सुबह करीब छह बजे से 10 बजे तक तीनों मकान ढहा दिए गए। इस दौरान मलबा हटाने का काम भी चलता रहा।

कब्जेदारों को पता था अवैध है निर्माण : नानजेड-ए श्रेणी की सरकारी जमीन में बने भवनों को ढहाने की कार्रवाई शुरू करने से पहले मंगलवार की शाम डीएम अजय कुमार द्विवेदी पुलिस व प्रशासनिक टीम के साथ निरिक्षण करने मौके पर गए। यहां उन्होंने आसपास के लोगों से बातचीत भी की। निर्माण को किसी ने भी जायज नहीं बताया। डीएम के जाने के बाद रात में बुलडोजर कार्रवाई के लिए मुनादी शुरू हुई तो लोगों ने अपनी दुकानें व बहुमंजिले मकान खाली करने शुरू कर दिए। इससे स्पष्ट है कि कब्जा अवैध था और कब्जेदारों को इसकी जानकारी भी थी।

### वसूला जा सकता है जुर्माना

सरकारी जमीन पर कब्जा कर मकान व दुकान चलाने वालों से इतने वर्षों तक कब्जे का सरकारी दर से किराया वसूला जा सकता है। इसके अलावा अवैध निर्माण को ढहाने में आए व्यय की वसूली भी कब्जेदारों से ही करने का नियम है। ऐसे में बुलडोजर कार्रवाई के बाद जुर्माने के लिए नोटिस जारी होने की उम्मीद जताई जा रही है।

# कुछ को मिली यूरिया, तो कई किसान लौटे बैरंग

संवाद न्यूज एजेंसी

## कहीं लटका रहा ताला, तो कहीं जुटी किसानों की भीड़

**श्रावस्ती/बीरपुर/गिरंट बाजार।** जिले में यूरिया के लिए किसानों की मुश्किलें खत्म होने का नाम नहीं ले रही हैं। ऐसे में कहीं पर समिति में ताला लटक रहा है तो कहीं पर किसानों को लंबी-लंबी लाइन में घंटों खड़े रहकर इंतजार करना पड़ रहा है। सरकारी अभिलेख बीते वर्ष से 27 प्रतिशत अधिक खाद के वितरण का हवाला दे रहे हैं।

धान की फसल की टॉप ड्रेसिंग करनी हो या फिर गन्ना व मक्के में यूरिया का छिड़काव करना हो, सभी का समय धीरे-धीरे निकलता जा रहा है। भूमि की नमी समाप्त होने पर किसानों को उर्वरक डालने के लिए दोबारा सिंचाई करनी पड़ेगी।

किसानों का दिन समितियों पर उर्वरक के लिए लाइन लगाने में ही बीत रहा है। इसके बावजूद समय से उर्वरक नहीं मिल पा रहा है। इकौना क्षेत्र के सहकारी समिति कल्याणपुर में बृहस्पतिवार सुबह सात बजे से ही उर्वरक लेने वालों की लंबी लाइन लग गई। इस दौरान महिलाएं भी अपनी बारी की प्रतीक्षा करती नजर आईं।

सुबह 10 बजे समिति का ताला खुलते ही धक्का-मुक्की के हालात बन गए। इस पर स्थानीय पुलिस ने मोर्चा संभाला और लोगों को जोत बही के अनुसार उर्वरक का वितरण किया गया। सचिव माधवराव ने बताया कि 450 बोरी यूरिया आई थी, जिसका वितरण कर दिया गया है। शेष किसानों को अगले दिन आने के लिए कहा गया है।

उधर, जमुनहा क्षेत्र के इटवा नगर गिरंट स्थित बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति में सुबह 11 बजे तक ताला लटका रहा। सचिव आनंद प्रताप सिंह ने बताया कि अपने सहयोगी को समिति की जिम्मेदारी सौंपकर मैं उर्वरक लेने के लिए चिचड़ी स्थित गोदाम पर आया हूं। 500 बोरी यूरिया मिली है, जिसे शुक्रवार को वितरित किया जाएगा।



सहकारी समिति कल्याणपुर में खाद के लिए बैठीं महिलाएं। -संवाद



सहकारी समिति कल्याणपुर में खाद के लिए कतारबद्ध किसान। -संवाद

उपकृषि निदेशक सुरेंद्र चंद्र चौधरी ने बताया कि बीते वर्ष की तुलना में इस वर्ष 7368 मीट्रिक टन अधिक यूरिया का वितरण किया गया है। जिले में 24,741 मीट्रिक टन के सापेक्ष 24,325 मीट्रिक टन यूरिया उपलब्ध है। यह लक्ष्य के सापेक्ष 99.13 प्रतिशत है। इसमें 20728 मीट्रिक टन यूरिया का वितरण किया जा चुका है। 3386 मीट्रिक टन यूरिया इस समय उपलब्ध है। पिछले वर्ष 31 अगस्त 2024 तक 13360 मीट्रिक टन यूरिया उर्वरक का वितरण किया गया था।

# जोत बही के आधार पर ही खरीदें खाद : डीएम

संवाद न्यूज एजेंसी

**श्रावस्ती।** जिले में खरीफ सीजन में अब तक 7368 मीट्रिक टन अधिक यूरिया का वितरण किया गया है। किसानों को निर्धारित मूल्य पर यूरिया उपलब्ध हो, इसके लिए समय-समय पर औचक निरीक्षण भी किया जा रहा है। इसके साथ ही विभिन्न दुकानों पर कृषि विभाग व राजस्व विभाग की टीम लगाकर उर्वरक का वितरण कराया जा रहा है।

डीएम अजय कुमार द्विवेदी ने जिले के किसानों से अपील की है कि यूरिया का प्रयोग संतुलित मात्रा में करें। जोत बही के आधार पर ही यूरिया खरीदें। यूरिया का अनावश्यक भंडारण न करें, जिससे किसानों को कठिनाई का सामना न करना पड़े।

### अब तक हुई कार्रवाई

- जिले में उर्वरक की 175 दुकानों पर छापे मारे जा चुके हैं। इनमें 21 दुकानों से नमूना भी एकत्र किया गया है। इसके साथ ही अनियमितता मिलने पर 92 दुकानों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। 33 उर्वरक विक्रेताओं के लाइसेंस को निलंबित व चार विक्रेताओं के लाइसेंस को निरस्त किया जा चुका है। इसके अतिरिक्त उर्वरकों की कालाबाजारी, जमाखोरी व ओवररेटिंग की शिकायत के आधार पर तीन उर्वरक विक्रेताओं के खिलाफ केस दर्ज कराया गया है।





साधन सहकारी समिति इटवा नगर गिरंट में लटका ताला। -संवाद

# सरकारी भूमि से दूसरे दिन भी हटाया गया मलबा

संवाद न्यूज एजेंसी

**श्रावस्ती।** भिनगा नगर में तहसील के निकट सड़क किनारे सरकारी भूमि पर बने मकानों व दुकानों को बुधवार को जिला प्रशासन की ओर से ध्वस्त कराया गया। दूसरे दिन बृहस्पतिवार को भी मलबा हटाने का कार्य जारी रहा। इस दौरान बिजली आपूर्ति व आवागमन सहित अन्य सुविधाओं के बाधित होने से लोगों को समस्याओं का सामना करना पड़ा।

ईदगाह तिराहे से तहसील गेट तक अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। मकान व दुकान को जेसीबी व पोकलैंड मशीन की मदद से ईंट के ढेर में परिवर्तित कर दिया गया। दूसरे दिन भी छह जेसीबी व दो पोकलैंड मशीन से

## बिजली आपूर्ति व आवागमन बाधित होने से लोगों को झेलनी पड़ी मुसीबत

ध्वस्तीकरण के बाद मकान व दुकानों के मलबे को हटाने का कार्य जारी रहा।

इस दौरान भिनगा नगर के अधिकांश हिस्से में सुबह सात बजे से ही बिजली आपूर्ति बाधित कर दी गई, जिससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। बुधवार को सुबह पांच बजे से रात दो बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रही, जिससे पूरे नगर में अंधेरा पसरा रहा। वहीं, भिनगा-सिरसिया मार्ग पर आवागमन बाधित होने से लोगों को करीब तीन किलोमीटर का अतिरिक्त चक्कर लगाकर दीवानी न्यायालय व जिला अस्पताल आदि आना पड़ा।





भिनगा में ढहाए गए अतिक्रमण का दूसरे दिन भी जेसीबी से हटाया जा रहा मलबा। -संवाद

### ध्वस्तीकरण की कार्रवाई लगभग पूरी

"ध्वस्तीकरण की कार्रवाई लगभग पूरी हो चुकी है। शीघ्र ही मलबा हटवाकर अन्य समस्याओं को भी दूर कराया जाएगा।"

-आशीष भारद्वाज, एसडीएम, भिनगा

बदले मौसम से अस्पतालों में बढ़ने लगे हैं मरीज, अस्पतालों में सुबह से उमड़े मरीज, पर्चा बनवाने और दवा लेने में लगती है भारी भीड़

# वायरल बुखार व पेट दर्द के मरीजों की संख्या बढ़ी

**मुसीबत**

**श्रावस्ती, संवाददाता।** बदल रहे मौसम के कारण उल्टी, दस्त और बुखार के मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। संयुक्त जिला चिकित्सालय भिनगा के अलावा सभी सीएचसी व पीएचसी में मरीजों की भारी भीड़ उमड़ रही है। जिला अस्पताल में रोजाना करीब दो हजार मरीज पहुंच रहे हैं।

बरसात के मौसम में पानी और खानपान की चीजों में संक्रमण की संभावना अधिक रहती है। इस समय इन बीमारियों के मरीजों की संख्या अस्पतालों में बढ़ती जा रही है। वायरल बुखार और उल्टी-दस्त के मरीजों की संख्या में डेढ़ गुना की बढ़ोतरी हो गई है। गुरुवार को जिला अस्पताल में चारो ओर भीड़ रही। पर्चा बनवाने से लेकर ओपीडी में चिकित्सकों के कमरों में भारी भीड़ रही। इसी तरह से दवा काउंटर पर भी भीड़ रही। लेकिन



पर्चा काउंटर पर लगी लोगों की भीड़

अस्पताल में मिलने वाली दवा के साथ ही एक पर्चे बाहर की दवाओं की भी देखने को मिली। एक मरीज ने बताया कि चिकित्सक ने कहा है कि तीन दवाएं अस्पताल से और दो दवाएं जन औषधि केन्द्र से मिलेगी। गुरुवार को इमरजेंसी में सभी बेड़ों पर मरीजों की संख्या अधिक थी इसलिए एक मरीज को बेंच पर लिटा कर ग्लूकोज चढ़ाया जा रहा था। मरीज ने बताया कि एक सप्ताह से बुखार ठीक नहीं हो रहा था। इसलिए अस्पताल में भर्ती किया गया है। इमरजेंसी में सभी बेड पर मरीज थे। इसलिए बेंच पर लेटना पड़ा।

**बरतें सावधानी तो कम हो सकता है प्रकोप:** जिला अस्पताल में तैनात चिकित्सक डा अजय सिंह ने बताया कि लोग उबला या साफ पानी पिएं, बासी भोजन से परहेज करें और व्यक्तिगत स्वच्छता का विशेष ध्यान रखें।

वहीं, किसी भी प्रकार के लक्षण दिखने पर तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र या जिला अस्पताल में उपचार कराएं। इससे बीमारी का प्रकोप कम हो जाएगा। वायरल बुखार में मरीजों को विशेष सावधानी बरतनी चाहिए। दवा समय पर लें और पौष्टिक भोजन करें।



इमरजेंसी में बेंच पर लेट कर ग्लूकोज चढ़वाता मरीज

> संयुक्त जिला अस्पताल में सभी प्रकार के मरीज आ रहे हैं और उपचार किया जाता है। बारिश जनित बीमारियां बढ़ने से मरीजों की संख्या में बढ़ोतरी हुई है। सभी मरीजों को उपचार दिया जा रहा है। अभी तक किसी मरीज में डेंगू की पुष्टि नहीं हुई है।
>
> **डा केडी गुप्ता, सीएमएस**